e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 309

मंगलवार

14.11.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

रिश्तों का गलत इस्तेमाल कभी मत करना, अच्छे लोग जिंदगी में बार बार नही आते !

## क्विक न्यूज

### ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नगांव :** नगांव जिलांतर्गत कठियातली में भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि दोनों ड्रग्स तस्करों को राष्ट्रीय राजमार्ग-36 के किनारे स्थित गणेश ढाबा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कार्बी आंगलोंग के पापू दास और बुद्धिमन तमांग के रूप में की गई है। तस्करों को एक वाहन (एएस-02एएन-0787) में 20 साबुनदानी के अंदर छुपाकर लाए गये ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मणिपुर में केंद्र ने मैतेई उग्रवादी संगठनों पर लगाया बैन

**इंफाल :** मणिपुर में हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ा एक्शन लिया. मंत्रालय ने मैतेई के उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबेरशन आर्मी को पांच साल के लिए गैरकानूनी संघ घोषित कर दिया. पीएलए की पॉलिटकल विंग रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट को भी पांच साल के लिए गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी संगठन करार दिया है. इसके अलावा पीएलए की आर्मी विंग मणिपुर पीपुल्स आर्मी पर भी ये कार्रवाई की गई है.

### घूसकांड में घिरीं महुआ मोइत्रा को ममता बनर्जी ने दी नई जिम्मेदारी

**कोलकाता :** रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को उनकी पार्टी ने नई जिम्मेदारी दी है.पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मोइत्रा को कृष्णानगर (नदिया नॉर्थ) जिले का पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया है.रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में महुआ के खिलाफ पार्लियामेंट एथिक्स कमेटी ने जांच पूरी करने के बाद रिपोर्ट 10 नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दी है.अब स्पीकर इस मामले में आगे क्या एक्शन हो, इसका फैसला लेंगे.

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, बाइक समेत दो लाख की संपत्ति खाक

**मेदिनीनगर :** जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सजवन गांव में रविवार देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से देवेन्द्र कुमार मेहता के घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर से बाहर खड़ी डिस्कवर बाइक के अलावा घर में रखे बर्तन, वस्त्र, अनाज सहित सारे सामान जलकर खाक हो गए। इस घटना में करीब दो लाख रुपये की संपति जलकर नष्ट होने का अनुमान लगाया गया है।घटना के एक घंटे बाद खरगड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र कुमार सहयोगी अजित विश्वकर्मा, विरेन्द्र मेहता, सुरेश मेहता, विपीन मेहता सहित अन्य लोगों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं आग पर काबू करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### बिहार में भीषण अग्निकांड, 100 से ज्यादा लोग झुलसे, कईयों की हालत नाजुक

**सिवान:** रविवार को जब दिवाली में सभी लोग खुशियां मना रहे थे तब सिवान में भीषण अगलगी की घटना हुई. आतिशबाजी के दौरान रात के करीब 10:00 बजे चिंगारी से शहर के एमएच शीला मार्केट में एक दुकान में आग लग गई. दुकान में पेट्रोल और डीजल था, जिसके कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आग बुझाने के दौरान पेट्रोल रखे ड्रम में आग लग गई और ब्लास्ट हुआ. इसकी चपेट में आने से 7 दमकलकर्मी, 2 पुलिसकर्मी समेत 100 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं ।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |



---

भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 15 नवंबर को पीएम करेंगे विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

# पीएम मोदी आज पहुंचेंगे रांची

## * बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक करेंगे रोड शो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 14 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय गौरव दिवस यानी 15 नवंबर को झारखंड पहुंचने वाले थे। इस कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। अब 14 नवंबर की शाम को ही रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पीएम पहुंच जाएंगे। इसके बाद पीएम मोदी राजधानी रांची में रोड शो करेंगे। रोड शो के दौरान पीएम रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक जाएंगे। रात में वे राजभवन में विश्राम करेंगे। 15 नवंबर की सुबह वे सबसे पहले रांची के जेल चौक स्थित 'भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' जाएंगे।

इसके बाद वे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से खूंटी के लिए रवाना होंगे। फिर पीएम खूंटी के बिरसा कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जिला स्थित उलिहातू के लिए रवाना होंगे। उलिहातू में प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही उनके परिजनों के साथ बातचीत करेंगे। खूंटी में प्रधानमंत्री लगभग ढाई घंटे तक रहेंगे।

पीएम यहां ट्राइबल प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही ट्राइबल एचीवर्स से बात करेंगे। इसके आलावा वे भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे पीवीटीजी मिशन की शॉर्ट फिल्म व पोर्टल की लॉन्चिंग भी करेंगे।

### 2856 जवान रहेंगे तैनात

प्रधानमंत्री के दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और खूंटी, उलियातू में एसपीजी टीम की विशेष निगरानी रहेगी। मुख्य रूप से तीन कंपनी रैप के साथ 2856 जवान तैनात रहेगे।इनमें 100 इंस्पेक्टर, 552 एसआई और एएसआई, 400 सशस्त्र बल,1727 लाठी बल और 77 महिला लाठी बल को तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर भी आमलोग, भाजपा कार्यकर्ताओं, वीआइपी,वीवीआईपी,मीडया सभी के लिए अलग अलग प्रवेश द्वार बनाए गये हैं।



### प्रधानमंत्री का झारखंड में कार्यक्रम

**14 नवंबर :** रात्रि 8 बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन. 8 बजकर 10 मिनट पर एयरपोर्ट से राजभवन के लिए प्रस्थान. 8 बजकर 30 मिनट पर राजभवन आगमन, रात्रि का भोजन और विश्राम

**15 नवंबर :** सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय में आगमन, प्रधानमंत्री करीब 15 मिनट से ज्यादा समय यहां व्यतीत करेंगे. 10 बजकर 30 मिनट पर खूंटी स्थित बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री हिस्सा लेंगे. 11 बजकर 30 मिनट पर पीएम मोगी खूंटी में ही जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे.

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने तैयारियों का लिया जायजा

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर केंद्रीय मंत्री सह सांसद अर्जुन मुंडा ने खूंटी पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। वे हेलीपैड पहुंचे और मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर तैयारीयों का जायजा लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्थानीय प्रशासन के साथ राज्य स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक दौरा है।



### रांची ट्रैफिक व्यवस्था में हुआ बदलाव

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किये गये हैं। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मंगलवार रात आठ बजे से रात 10:30 बजे तक कुछ मार्ग पर पाबंदी लगायी गयी है। प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक, बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक, अरगोड़ा चौक, ,बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक, अरगोड़ा चौक,न्यू मार्केट चौक होते हुए राजभवन जायेंगे। इस दौरान इन सड़कों पर दूसरे वाहनों के चलने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर को कारकेड के दौरान राजभवन से रणधीर वर्मा चौक, एसएसपी आवास चौक, कचहरी चौक से जेल मोड़ तक पुनः जेल मोड़ से एसएसपी आवास चौक, हॉटलिप्स चौक, न्यू मार्केट चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट तक सामान्य यातायात को कारकेड की सुरक्षा के मद्देनजर समय सुबह आठ बजे 10:30 बजे पूर्वाह्न तक बंद करते हुए आवश्यकतानुसार कारकेड बढ़ने पर खोल दिये जाऐंगे।

---

# पुलिस पर पथराव, चार घायल, वाहन क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा (साहिबगंज) :** राधानगर थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी गांव में रविवार की रात उपद्रवियों को समझने गई पुलिस टीम पर पथराव किया गया। घटना में चार पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 नामजद एवं 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की है। जबकि आठ लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी चौक में रविवार रात्रि को एक धार्मिक स्थल के भीतर पटाखा फोड़ने को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। जहां मौजूद लोगों ने पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। इस घटना में राधानगर थाना के उमेश कुमार,विकास कुमार साहा,श्रीनाथ कुमार तथा अरबिंद रविदास नामक जवान घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार राधानगर थाना पुलिस को रात्रि 9 बजे सूचना मिली थी कि केलाबाड़ी चौक के समीप एक धार्मिक स्थल पर कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा पटाखा फोड़ने को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है। सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे थे।

> जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी चौक में रविवार रात्रि को एक धार्मिक स्थल के भीतर पटाखा फोड़ने को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे।

---

# आर्थिक अपराधियों के लिए हथकड़ी का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए : संसदीय समिति



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसद की एक समिति ने कहा है कि आर्थिक अपराधों के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के आरोपियों की तरह हथकड़ी नहीं लगाई जानी चाहिए. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों से संबंधित स्थायी संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा की है.

समिति ने गिरफ्तारी से 15 दिनों के बाद किसी आरोपी को पुलिस हिरासत में रखने के मुद्दे पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में बदलाव की भी सिफारिश की है.

समिति की रिपोर्ट प्रस्तावित कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस-2023) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए-2023) से संबंधित है. गत 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किए गए ये तीन विधेयक कानून बनने पर भारतीय दंड संहिता, 1860, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे. समिति की रिपोर्ट गत शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपी गई.संसदीय समिति के अनुसार,उसे लगता है कि हथकड़ी का उपयोग गंभीर अपराधों के आरोपियों को भागने से रोकने और गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चुनिंदा जघन्य अपराधों तक सीमित है. बहरहाल,समिति का मानना है कि आर्थिक अपराध को इस श्रेणी में शामिल नहीं किया जाना चाहिए.

---

दिवाली पर उत्तराखंड में बड़ा हादसा, भूस्खलन से टनल के मलवे में फंसे 8 राज्य के दर्जनों श्रमिक

# झारखंड के कई श्रमिक टनल में फंसे

*** पाइप से भेजी जा रही है ऑक्सीजन और खाना, युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य जारी**

**एजेंसी**

**देहरादून :** उत्तराखंड राज्य स्थित उत्तर काशी के ब्राह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव तक नवयुगा कंपनी की निर्माणाधीन टनल का 50 मीटर हिस्सा धंस गया. इस घटना में तीन दर्जन से ज्यादा मजदूर टनल के अंदर फंस गए हैं. जिसमे सबसे ज्यादा झारखंड के श्रमिक हैं. बताया जा रहा है कि यह हादसा भूस्खलन के कारण हुआ.उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि टनल के अंदर फंसे सभी मजदूर सुरक्षित हैं, और उनके पास ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है.उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर सर्विस,108 इमरजेंसी सेवा के कर्मी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं.सुरंग से मलबा हटाने के लिए वर्टिकल ड्रिलिंग मशीन का प्रबंध किया गया है.टनल के बाहर काफी संख्या में एंबुलेंस तैनात है. सिलक्यारा की ओर सुरंग के मुख्य द्वार से 200 मीटर की दूरी पर यह भूस्खलन हुआ है,जबकि सुरंग में जो मजदूर काम कर रहे थे वे 2800 मीटर अंदर हैं.यह टनल ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसकी लंबाई 4.5 किमी है.प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री धामी से घटना की जानकारी ली. उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया. प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना से निपटने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया.



### झारखण्ड के श्रमिकों की मदद हेतु टीम उत्तराखंड रवाना : सीएम हेमंत

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद उत्तराखंड के उत्तरकाशी में ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निर्माणाधीन टनल में हुए दुर्घटना के फलस्वरुप झारखण्ड के श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए तीन सदस्यीय टीम उत्तराखंड रवाना हो गई है। टीम में जैप आईटी के सीईओ भुनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर श्री प्रदीप रॉबर्ट लकडा शामिल हैं। इन श्रमिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु और घटना स्थल पर भ्रमण करने एवं समय-समय पर अद्यतन स्थिति से दूरभाष पर अवगत कराने का निदेश टीम को दिया गया है। रविवार को उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन टनल के अचानक धंस जाने से कुल 40 श्रमिक टनल में फंस गए हैं, जिसमें कुछ श्रमिक झारखण्ड के भी हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखण्ड के श्रमिकों के मदद के लिए तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को उत्तराखण्ड भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे हुए सभी श्रमिकों के शीघ्र कुशलता की कामना की है।

### हालात पर बनाए हुए हैं नजर : सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति की जानकारी के लिए रुहेला से बात की और बचाव अभियान तेज करने को कहा.रुहेला ने संबंधित विभागों में कर्मचारियों की दिवाली की छुट्टियां रद्द कर दी हैं.सीएम धामी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा,मैं मौके पर मौजूद अधिकारियों के संपर्क में हूं और लगातार स्थिति पर नजर रख रहा हूं. मैंने उनसे बचाव प्रयासों में तेजी लाने के लिए कहा है. मैं प्रार्थना करता हूं कि सभी को सुरक्षित बचा लिया जाए.

---

# किसानों का कर्ज होगा माफ : राहुल गांधी



**एजेंसी**

**भोपाल :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों की कर्ज माफी का वादा पूरा किया। लेकिन भाजपा ने लोगों की चुनी हुई सरकार की चोरी कर ली। उन्होंने मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। राहुल गांधी सोमवार को नीमच जिले के जावद में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए कहा कि रोजगार अरबपति नहीं बल्कि छोटे-छोटे उद्योग देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि किसी प्रदेश को मजबूत करने की शुरुआत किसानों से होती है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के युवाओं से पूछता था, क्या करते हो तो जवाब मिला कुछ नहीं। ये हालत है प्रदेश में बेरोजगारी की। किसी भी युवा से पूछो क्या किया? कहते हैं पढ़ाई तो कर ली, डिग्री भी ले ली, लेकिन काम नहीं मिला। राहुल गांधी ने कहा कि ये प्रदेश के युवाओं को रोजगार नहीं दे सकते। आपकी टी-शर्ट, मोबाइल, चप्पल सभी में अगर आप देखें तो आपको मेड इन चाइना नजर आएगा। मैं मेड इन चाइना को मेड इन मध्यप्रदेश बनाना चाहता हूं।

---

# लाल चंदन उगाने वालों को मिलेगा बढ़ावा, केन्द्र सरकार की कोशिशों से सीआईटीईएस की समीक्षा सूची से भारत को हटाया गया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लाल चंदन उगाने वाले और व्यापार करने वालों को राहत मिलने के साथ अब बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में सीआईटीईएस की स्थायी समिति की बैठक में वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण के प्रयासों से भारत को महत्वपूर्ण व्यापार की समीक्षा से हटा दिया गया है।

भारत 2004 से लाल चंदन के लिए महत्वपूर्ण व्यापार (आरएसटी) प्रक्रिया की समीक्षा के अधीन था। इसके तहत वैध तरीके से लाल चंदन के व्यापार को भी भारी समीक्षा से गुजरना पड़ता था। सोमवार को केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न सीआईटीईएस स्थायी समिति की बैठक भारत के वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। वन्यजीव अधिनियम में संशोधन के परिणामस्वरूप, भारत को सीआईटीईएस की राष्ट्रीय विधान परियोजना की श्रेणी-1 में कर दिया गया है।

भारत 2004 से लाल चंदन के लिए आरएसटी प्रक्रिया के तहत था। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से हमारे अनुपालन और रिपोर्टिंग के आधार पर, लाल चंदन को महत्वपूर्ण व्यापार समीक्षा से हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लाल चंदन, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की चौथी अनुसूची में संरक्षित प्रजातियों की सूची में शामिल है।

लाल चंदन आंध्र प्रदेश के पूर्वी घाट क्षेत्र में जंगलों में उगाया जाता है। इसके समृद्ध रंग व चिकित्सीय गुण सौंदर्य प्रसाधन के कारण इसे औषधीय उत्पादों और उच्च स्तरीय फर्नीचर, लकड़ी के शिल्प में उपयोग में लाया जाता है, जिसकी एशिया, विशेष रूप से चीन में इसकी अधिक मांग है।

---

### देवघर में अपराधियों ने गोली मारकर युवक की हत्या की

**देवघर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के कुंडा थाना क्षेत्र दुधनीय मोड़ के पास रिया ऑटो सर्विस सेंटर के सामने अज्ञात अपराधियों द्वारा दिवाली की रात तबाड़तोड़ फायरिंग की गयी. महेंद्र यादव नामक व्यक्ति को निशाना बनाते हुए अपराधियों ने चार राउंड गोली चलाई, जिसमें उन्हें कई गोलियां लगीं. स्थानीय लोगों के द्वारा घायल अवस्था में महेंद्र यादव को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.



# एनएच 75 भू स्वामित्व संघर्ष समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** एनएच 75 भू स्वामित्व संघर्ष समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक हलीवन्ता हॉस्पिटल चौक के समीप महेंद्र सिंह की अध्यक्षता आयोजित किया गया। बैठक में हलीवन्ता खुर्द, बभनी, महदेईया, जोरमा, सरहस्ताल, हलीवन्ता कला, बिलासपुर, गंगटी ग्राम के लोग शामिल होकर अपने अपने विचार व्यक्त किये।बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि जब तक हमलोगो को उचित मुवावजा नही मिलेगा तब तक अपने जमीन पर निर्माण कार्य नही होने देंगे।महेन्द्र सिंह ने कहा कि लगभग आठ गांव है इसका मुआवजा बिल्कुल ही निम्न है और उस मुआवजा से सारे लोग असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि हमारी विकास की लड़ाई नहीं है, हम लोगों की लड़ाई सिर्फ मुआवजा की है। जब तक उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब तक जमीन पर कार्य नही होने देंगे। उन्होंने कहा की ग्रामीणों में असंतोष व आक्रोश है। यह मामला उच्च न्यायालय झारखंड रांची में दर्ज करा दिया गया है।निर्णय होने तक सभी लोगों ने यह संकल्प लिया है कि हम लोग काम को स्थगित रखेंगे। ठीकेदार के द्वारा लोगों को धमकाकर काम करने की नीयत का लोग विरोध कर रहे हैं और किसी भी स्थिति में हम काम करने देने को तैयार नहीं है। बिरेन्द्र सिंह ने कहा कि जब तक हम लोगों को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है जान दे देंगे, लेकिन जमीन पर कार्य नहीं होने देंगे। कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेवारी एनएचआई के कर्मी एवं जिला प्रशासन की होगी। मौके पर बिरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, सुखविंदर राम, प्रशांत सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्रिका सिंह, रामप्रसाद ठाकुर, मुरलीधर ठाकुर, रामप्यारी साह, ब्रजनाथ चौबे, तारकेश्वर प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुखिया व बीडीसी प्रतिनिधि ने किया भक्ति जागरण का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में रविवार की रात्रि दीपावली के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर मुखिया मूंगा साह और बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बाहर से आए नृत्य कलाकारों ने भक्ति गानो पर खूब थिरकते नजर आए। साथ ही आसपास के ग्रामीणों ने इसका लुत्फ खूब उठाया और लोग झूमते थिरकते नजर आए। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह अशोक पासवान सुरजन शाह संतोष शाह वीरेंद्र लाल अंगद गुप्ता, उक्त कार्यक्रम के अध्यक्ष बुन्दा कुमार, सचिव सोनू कुमार, उपाध्यक्ष विमलेश कुमार, सोनू कुमार, छोटू कुमार, पिंटू कुमार, सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद क्षेत्र में जगमगाती हुई रौशनी के साथ दिपावली पर्व हुआ संपन्न




**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सनातन धर्म और संस्कृति जुड़े हुए आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक है दिपावली पर्व हुसैनाबाद क्षेत्र में अपने-अपने घरों में दीप जलाकर मां लक्ष्मी भगवान गणेश एवं धन देवता कुबेर जी विधिवत पुजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की जानकारी के अनुसार पूजा के साथ धन के देवता कुबेर की पूजा माना जाता है कि यह पर्व भगवान श्री राम के लंकापति रावण पर विजय हासिल करने और 14 साल का वनवास पुरा कर लौटने की खुशी में मनाया जाता है यह भी माना जाता है कि जब भगवान श्री राम देवी सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे तो लोगो ने दीप जलाकर भगवान श्री राम को स्वागत किया था इस लिए हर इस दिन घरों में दीये जलाए जाते हैं।

# भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह ने किया निजी क्लीनिक का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** गरीबों का सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है । यह बातें भाजपा नेता सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने जपला छतरपुर रोड स्थित खुशबू क्लिनिक के उद्घाटन के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि इस क्लिनिक के माध्यम से मरीजों का इलाज सस्ते शुल्क के साथ किया जाएगा इससे बड़ा पुनित कार्य कोई नहीं है। डॉ. पंकज कुमार मानव सेवा के उद्देश्य से अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों सहित समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। क्लिनिक के संचालक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि हमारे यहां हड्डी एवं नस संबंधित बीमारियों का इलाज आधुनिक मशीनों से जांच कर किया जाता है। बहुत ही कम पैसों में इलाज की व्यवस्था की गई है जिससे गरीबों को इलाज कराने में काफी राहत मिलेगी। मरीजों को इलाज के लिए इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर लालधन ठाकुर अजय सिंह रवि रंजन सिंह बिगन प्रजापति सुदय सिंह गणेश प्रजापति वीर बहादुर सिंह सुदेश प्रजापति दुद्धेश्वर सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र देकर मनाई दीपावली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू) :** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने अपने परिवार के साथ रविवार को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में दीपावली पर्व पर सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र देकर व मिठाई खिलाकर दीपावली मनाई। मौके पर उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी हमारे जीवन के महत्वपूर्ण हिस्सा है इसलिए उनका सम्मान जरूरी है। कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी सफाई कर्मियों व कर्मचारियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गीता देवी, अनरवा देवी, प्रेमशिला देवी, मनी देवी, संगीता देवी, गांधी डोम, प्रमोद डोम, ललन डोम, दारा डोम के अलावे जितेंद्र कुमार पटेल, शशि भूषण, बिरेंद्र ठाकुर, विक्की कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## डिजिटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ कराने के लिए सिविल सर्जन एवं जिप अध्यक्ष को पत्र लिखा : रंजनी शर्मा



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिप सदस्य शर्मा रंजनी ने भवनाथपुर सीएचसी में डिजिटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ करने के लिए सिविल सर्जन और जीप अध्यक्ष शांति देवी को लिखी पत्र। उपर्युक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए लिखी की भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेरे लंबे समय से प्रयास करने के बाद विभाग द्वारा डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसे शुभारंभ कर क्षेत्र वासियों के डिजिटल एक्सरे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा पदाधिकारी भवनाथपुर के द्वारा समय दिया जाता रहा है। अभी तक शुभारंभ नहीं किया गया है जिसका शुभारंभ करना जनहित में आवश्यक है। पत्र के माध्यम से मांग करते हुए रंजनी ने लिखी है कि शुभारंभ की तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित विधिवत प्रचार प्रसार कर डिजिटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ करना अतिआवश्यक है।

## जीवन सवेरा फाउंडेशन ने बांटे कंबल व मिठाई




**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीवन सवेरा फाउंडेशन ने झारखंड राज्य के पिछड़े समाज के ग्रामीणों, बच्चों और बुजुर्गों को मिठाई, पटाखे और कम्बल बांटकर दिवाली मनाने की पहल की। जीवन सवेरा फाउंडेशन लगातार 2 वर्षों से झारखंड राज्य के जरूरतमंद लोगों के साथ दिवाली का त्योहार मनाता आ रहा है। संस्था का एक मात्र उदेश्य समाज के निराश्रित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी वह सुख सुविधाएँ पहुंचाने का प्रयास करना है, जिनसे अभी तक यह अछूता है, आज के कार्यक्रम में कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड के मसनओडीह पंचायत के पीपराटांड़ और जोरारायडीह गांव के ग्रामीणो, बच्चों और महिलाओं के बीच गर्म कपड़ों, मिठाई और पटाखे का बंटवारा किया गया। संस्था के सदस्य विगत 2 वर्षों से गरीब, असहाय, बुजुर्गों के साथ ही मना रहे है,यह फाउंडेशन समय-समय पर मेडिकल कैंप का आयोजन करता है, सर्दियों में कंबल बांटता है, यह फाउंडेशन जरूरतमंद छात्रों के लिए मुफ्त अंग्रेजी और बोली जाने वाली कक्षाएं भी चलाता है। दीपावली पर्व को भी संस्था के सभी सदस्यों ने गरीब, असहाय, बुजुर्गों, महिलाओं एवं छोटे बच्चों के साथ फटाके फोड़कर सभी को मिठाई एवं ग्रामीणों के बीच कपड़े बांटे गये. जीवन सवेरा संस्था के निदेशक उदय चंद्र किशोर, पंचायतीराज से सुजीत नायक, मुखिया प्रतिनिधि रामदेव पासवान समाजसेवी महेंद्र दास, सुनील दास, शंकर साव,खुबलाल साव,अजीत कोहिनूर,किशोर कुमार, प्रदीप मेहता,सदस्य वीरेन्द्र कुमार, नकुल कुमार, सुभाष पंडित,एवं सुजल शर्मा ने बताया कि शहर के अधिकांश घरों में दीपावली पर्व में बिजली की चकाचोंध व्यवस्था है और सभी लोग मिठाई, पकवान एवं पटाखों का आनंद लेते है, परन्तु प्रदेश एवं शहर में आज भी ऐसे गरीब परिवार एवं बच्चे है जो मिठाई खाना तो दूर मिठाई चखने से भी वंचित रह जाते है, और गरीब बच्चे आसमान में छूटने वाले पटाखों को देखकर ही खुश हो जाते है। ऐसा कार्य सँस्था कर रही है।

## धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत के अंतर्गत जपला पथरा मुख्य मार्ग स्थित बाबा वीरनाथ मन्दिर परिसर वंशी विघा गांव में यदुवंशी परिवार सहित अन्य लोग ने गोवर्धन पूजा धूमधाम से संपन्न हुआ मौके पर मुख्य पुजारी लालू प्रसाद यादव ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा मनाया गया उन्होंने कहा ये पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है ये दिन लोगों को प्रकृति की महत्ता को समझता है इस दिन घरों में गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा बनाई जाती है इसके बाद शाम के समय गोवर्धन पर्वत और भगवान श्री कृष्ण की पुजा होती है उन्होंने कहा कि आज के ही दिन भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र देवता को घमंड तोड़ा था उन्होंने कहा कि इस बाबा वीरनाथ मन्दिर में सच्चे मन से भक्ति भाव पुजा करता है उसे गाय भैंस या पशु लोग सहित अन्य लोग मुक्ति मिलती है मौके पर मुख्य यजमान लालू प्रसाद यादव लीला प्रसाद यादव मोहन प्रसाद यादव घुरा प्रसाद यादव सामाजसेवी पवन कुमार पटेल रामवृक्ष सिंह अमित कुमार रविंद्र कुमार सिंह सुदेशवर प्रसाद गुप्ता ललन कुमार सिंह योगेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे

## धार्मिक आयोजन देते हैं सकारात्मक संदेश : राजीव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू) :** मेन बाजार कांजी हाउस के समीप सुपर स्टार क्लब द्वारा बनाए गए भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन रविवार की शाम भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। पूजा पंडाल में स्थापित मां लक्ष्मी और भगवान गणेश के आगे माथा टेका तथा क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि की कामना की। मौके पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन लोगों में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं। इस अवसर पर व्यवस्थापक कृष्णा क्रांतिकारी, शंभू यादव, शिक्षक कृष्णा साव, मृत्युंजय सिंह, अजय स्वर्णकार, दिनेश पासवान, विनोद पासवान के अलावे क्लब के अध्यक्ष ओमप्रकाश, सचिव विकास, कोषाध्यक्ष आनंद, पूजा मंत्री सचिन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कार दुघर्टना में बाल-बाल चालक बचा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार-कांडी मुख्य पथ पर बांसडीह कला गांव के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार वैलेनो कार ने सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली में टक्कर मार दी। जिससे कार का अगीला हिस्सा दुर्घटनाग्रस्त हो गई जबकि कार पर सवार लोग सुरक्षित है। कार बरडीहा थाना क्षेत्र के लेभरी गांव निवासी जयरूख यादव का बताया जा रहा है। कार चालक निर्भय कुमार यादव ने बताया कि वह अपनी न्यू वैलेनो कार का चतुर्भुजी मंदिर केतार से पूजा कराकर अपने घर बरडीहा थाना क्षेत्र के लेभरी जा रहे था इसी दौरान घटना घटित हो गई। घटना की जानकारी के बाद एसआई उस्मान शैख घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करना शुरु कर दिया गया।

# भाजपा नेत्री मधुलता ने झामुमों पर साधा निशाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई भवनाथपुर के द्वारा आज महिला मोर्चा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड मुक्ति मोर्चा पर करारा प्रहार किया, भाजपा जिला मंत्री मधुलता कुमारी ने कहा की जब चुनाव नजदीक आता है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों की नींद खुलती है, जब कोई मुद्दा नहीं मिलता है, तो आम जनता से अपने पिछले कारगुजारियों को छुपाने के लिए महिला को आगे करते हैं, जबकी जनता सब जानती है। आज भी 19 दिसंबर 2014 को तत्कालीन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव जी के द्वारा हजारों लोगों की उपस्थिति मे माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके कैबिनेट मंत्रियों के द्वारा भवनाथपुर टाउनशिप मे पाँवर पलांट का शिलान्यास किया गया और जो याद है, बोला गया था की लगभग 10 हजार बेरोजगार नवजवानों को नौकरी मिलेगा। इस क्षेत्र के नवजवान सहित यहाँ की जनता पॉवर पलांट के लगने का इंतज़ार कर रही है। कहा कि आने वाले चुनाव तक कार्य लगना चाहिए क्योंकि संयोग से पुनः झारखंड मे जेएमएम की सरकार है, और माननीय हेमंत सोरेन ही मुख्यमंत्री हैं, बहुमत की सरकार है, इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी को चाहिए की तत्काल कार्य शुरु करवायें। कहा की यहाँ की महिला जिला परिषद सदस्या को आगे कर के जो लोग राजनीति चमकाना चाहते है, तो बता दे की उनकी सरकार भी है एक अध्यादेश लाकर राज्यादेश निकाल दें की सरकार की जो भी योजना का शिलान्यास हो उसमें पंचायत के जनप्रतिनिधी, प्रमुख के साथ विधायक या मंत्री का नाम शिलापट मे अंकित होना चाहिए और ये शुरुआत गढ़वा विधानसभा से शुरु हो तब यह नियम भवनाथपुर मे भी लागु किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा की संवैधानिक प्रोटोकॉल की जानकारी ले लें उन्हें पता होना चाहिए की भवनाथपुर अस्पताल मे बहुत पहले से ही एक्सरे मशीन लगा था जो कुछ दिन से खराब हो गया था विभागीय कार्यवाई के बाद अस्पताल मे एक्सरे मशीन लगाया गया और माननीय विधायक उसी अस्पताल का शिलान्यास करने गये थे, अस्पताल प्रबंधन ने प्रोटोकॉल के हिसाब से माननीय विधायक से उद्घाटन कराया जो उचित था, और जो खुद सूबे का स्वास्थ्य मंत्री और तीन तीन बार का विधायक हो उन्हे अपने गृह प्रखंड के अस्पताल मे एक अदद एक्सरे मशीन के लिए अनुनय विनय करना पड़ेगा क्या , लोग अपनी मर्यादा का ख्याल रखें ।कहा की जिनका खुद ही राजनैतिक सिद्धांत नहीं है वो चले है नारी सम्मान और शस्त्र शास्त्र का ज्ञान बांटने जो खुद अपने घर मे जुआ का अड्डा चलाते हैं, तथा निरपराद्ध जंगली पशुओं को मार कर भक्षण करते हैं, वो नीति और सिद्धांत की बात करते हैं, संवेदनाविहीन राजनीति करने वाले जेएमएम के नेताओं को ये नहीं दिखाई देता की अब तक यहाँ के विधायक श्री भानुप्रताप शाही के द्वारा लगभग 250 असहाय एवं गरीब बहनों की डोली पूरे धूम धाम के साथ उठा कर विवाह करने का कार्य किया है। हजारों हजार गरीबों को श्राद्धकर्म मे मदद कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया है , उनके द्वारा किये गये सरकारी योजनाओं के विकास को तो छोड़ दे पहले अपनी सामाजिक जिम्मेवारी निभाते हुए जेएमएम के नेता कुछ सामाजिक बड़ा कार्य करें जिससे गरीबों का भला हो सके लेकिन वो ऐसा नहीं करेंगे क्योकि उन्हें सिर्फ थोथी दलिल और बेबुनियाद बात जो करनी है । भाजपा एक अनुशासित पार्टी है यही कारण है की देश सहित विदेश मे इसके सक्रिय कार्यकर्ता लगभग 24 करोड़ हैं, नारी सम्मान का ज्ञान झारखंड मुक्ति मोर्चा कृपया न दे तो ही अच्छा है, चले है कालिख पोतने बेशर्मी की भी हद होती है जिन्हे भवनाथपुर की जनता 4-4 बार कालिख पोत दी है वो कालिख की बात करते वो, समय का इंतज़ार कीजिये जनता तैयार है कालिख लेकर किसका पुतेगा समय बताएगा। इस मौके पर भाजपा नेत्री रीता देवी, रीना बारी, मंडल उपाध्यक्ष सरिता विश्वकर्मा, प्रमिला देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, महामंत्री भानु गुप्ता, चंदन ठाकुर, अरुण गुप्ता, सुनील सिंह, ब्रजेश चौबे, सूर्यकान्त राज, गुठूल रावत, चंद्रदेव रावत, रवि पाल, धन्नंजय साह, जयप्रकाश गुप्ता, दयानन्द प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आठ साल में दस लाख से अधिक गरीबों की मदद कर चुके हैं शौकत खान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** अंधकारमय जीवन में जीने वाले गरीबों की जीवन में खुशियों की रौशनी बिखेरकर समाजसेवी शौकत ख़ान ने अनोखी दीपावली अपने अंदाज में मनाया। बताते चले आठ वर्ष पूर्व झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने गरीबों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक का शुभारंभ कचहरी रोड़ से किया था। तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि शौकत की छोटी सी पहल देश दुनिया के लिए वरदान बन जाएगा।देखते ही देखते पुरे भारतवर्ष के लोगों ने शौकत ख़ान के मार्गदर्शन में हजारों जगहों पर निःशुल्क कपड़ा बैंक खोलकर गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों को मदद कर रहे हैं। इससे उत्साहित होकर शौकत ख़ान ने निःशुल्क चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक खोलकर लोगो की मदद करने का बीड़ा उठाया। उनके द्वारा अब तक दस लाख से अधिक गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचा चुके हैं। इसके लिए उन्हें देश भर से सैकड़ों अवार्ड और सम्मान मिल चुका है। देश भर के बड़े बड़े अधिकारी, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी सहित समेत बहुत सारे गण्यमान्यों ने शौकत के अनेक निःशुल्क बैंक में आकर इनका हौसला अफजाई कर चुके हैं। इस उपलब्धि भरें सेवा कार्य के बारे में पुछे जाने पर शौकत ख़ान बताते हैं कि मैं शहीद आशीष कुमार तिवारी के सम्मान में ये सभी निस्वार्थ सेवा कार्य करता हूं और मेरा कोई भी एनजीओ नहीं है और ना ही मेरा कोई राजनीति से ताल्लुक है, ना ही मैं किसी से पैसा लेता हूं। मैं अपने बिजनेस से जो भी कमाता हूं उसी पैसों से मैं गरीबों के लिए अनेक निःशुल्क बैंक संचालित कर रहा हूँ।देश भर के लोग मेरे सेवा कार्य से प्रभावित होकर गरीबों के लिए कपड़ा, राशन, एवं पठन पाठन सामग्री अपनी स्वेच्छा से मेरे बैंक में डोनेट करते हैं।उन्हें मैं गरीबो के बीच वितरण कर देता हूँ। उन्होंने कहा कि आगामी 15 नवंबर को मेरा कपड़ा बैंक का आठ वर्ष पुरा हो रहा है। इस उपलक्ष्य में मैं गरीबों के बीच अपना सेवा सप्ताह मनाने जा रहा हूँ। इस सेवा सप्ताह में गरीबों को उनकी इच्छा और ज़रुरत कि चीजें देकर घर-घर खुशियां पहुंचाने कि कोशिश करूँगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक और बस में लगी आग, जलकर राख

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र के प्रभात तारा मैदान में खड़े ट्रक और बस में अचानक रविवार देर रात आग लग गई। इस अगलगी में दोनों वाहन जलकर राख हो गये। लोगों ने जब ट्रक और बस से आग की लपटे उठती देखी तो इसकी जानकारी पुलिस और अग्निशमन विभाग की दी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बस और ट्रक दोनों के अधिकांश हिस्से जल गये थे। आग कैसे लगी है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि आशंका जतायी जा रही है कि आसामाजिक तत्वों ने दिवाली के अवसर पर मौका पाकर इस घटना को अंजाम दिया है। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### तालाब से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के योगदा कॉलेज के पास स्थित तालाब से सोमवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। युवक की शिनाख्त जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र न्यू कॉलोनी का रहने वाला अभय बांडो रूप में की गई है। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में एक युवक का शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और तालाब में डूबने से उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# हजारीबाग से भटक कर रांची पहुंची युवती को परिजन को सौंपा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला में रविवार के दिन एक युवती भटकर कर कुरैशी मोहल्ले में पहुंच गई । वे दिन भर मोहल्ले में भूखे प्यासे इधर से उधर भटकती रही। लेकिन किसी ने उससे पूछताछ नहीं है कि और न ही उसे खाना खिलाया। लेकिन रात करीब नौ बजे कुरेशी मुहल्ला स्थित पान दुकान में रहने वाले अफरोज और उसकी पत्नी रिजवाना की नजर जब उस बेबस युवती पर पड़ी तो उसने उससे पूछताछ की उसे नास्ता कराया।

फिर इसकी सूचना सरवर कुरैशी को दी सरवर ने पत्रकार परवेज कुरैशी को इस की जानकारी दी कि मानसिक रूप से कमजोर युवती दोपहर से भटक रही है। परवेज ने तुरंत इसकी जानकारी महिला थाना प्रभारी स्नेह लता को जानकारी दी । उन्होंने तुरंत मदद करने का अश्वासन दिया पीसीआर छह को निर्देश दी। पीसीआर पुलिस वैन आने के पहले युवती ने पूछताछ करने पर अपना नाम साहिन, पिता ताहिर पता हजारीबाग नूरा और मोबाइल नंबर बताई। इसी मोबाइल नंबर पर फोन से संपर्क कर उसके परिजन को सूचित किया गया । पीसीआर वैन में तैनात जेपी शर्मा भी पहुंचे और युवती के परिजनों से बात की और आधार कार्ड लेकर रांची बुलाया इस दौरान पुलिस ने युवती की देखभाल के लिए सुल्तान, रिजवान को दी। तब तक मुहल्ले की और भी महिलाएं जमा हो गई। करीब रात्रि 12:00 बजे परिजन कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला पहुंचे और पीसीआर 6 के जवान जेपी शर्मा के उपस्थिति में कागजी प्रक्रिया के बाद उस युवती को सकुशल किसी परेशानी के उसके परिजनों मां, भाई नवाज आदि को सौंप दिया गया । परिजनों के चेहरे में खुशी के लहर थी । क्योंकि उसकी खोई हुई बेटी मिल गई। परिजन हजारीबाग में दिन भर अपनी बच्ची की खोजबीन करने में परेशान थे। इसके वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी ने भी इस कार्य सराहना करते हुए कहा कि दिवाली की रात और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने को तैयारी को लेकर भी पूरा पुलिस प्रशासन अलर्ट है । ऐसे में कोई अनहोनी ना हो इसको देखते हुए न सिर्फ पुलिस प्रशासन बल्कि सामाजिक व्यक्तियों को भी समाजहित, जनहित में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के साथ 29 खेलों का राज्य स्तरीय खेलो झारखंड सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में रांची के खेल गांव स्थित वीर बुधु भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के समापन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड तैराकी संघ के अध्यक्ष बरखा सिन्हा, महासचिव उपेंद्र तिवारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शैलेंद्र कुमार तिवारी ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद जावेद अंसारी ने किया। तैराकी प्रतियोगिता के समापन के साथ ही खेलो झारखंड 2023-24 भी सम्पन्न हुआ। खेलो झारखंड कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर पर जहां 35,000 स्कूलों ने भाग लिया, वहीं राज्य के सभी प्रमंडलों में 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेने के पश्चात जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से लगभग 15,000 बच्चों ने राज्य स्तर पर 29 विभिन्न खेलों में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 14, 17 एवं 19 आयुवर्ग में भाग लिया। कबड्डी, खो-खो एथेलेटिक्स जैसे खेलों में दो हजार से अधिक बच्चों ने राज्य स्तर पर भाग लिया। सभी वर्गो में चयनित बच्चों के लिए 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है।

विदिशा में आयोजित कुश्ती के अंडर 14 एवं 17 फ्री स्टाइल में दो रजत पदक राज्य के खिलाडियों ने अपने नाम किया है वहीं श्रीनगर में आयोजित अंडर 19 बालक फुटबॉल में लीग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया, जहां पेनाल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। अंडर 14 राज्य जूडो टीम जम्मू में 15 से 19 नवंबर तक प्रतियोगिता आयोजित है। त्रिपुरा में होने वाले अंडर 17 योगासन के लिए जे सी ई आर सी कैंपस में कैंप चल रही है। टीम 19 नवंबर को रवाना होगी।

# छात्रा ने फंखे से लटकर की खुदकुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के अरगोड़ा रेलवे स्टेशन स्थित कडरू बगीचा टोली में 12वीं की छात्रा साइमा अख्तर ने सोमवार को फंखे से दुपट्टे के सहारे लटकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक के पिता जावेद अख्तर ने पुलिस को बताया कि साइमा परीक्षा को लेकर टेंशन में थी, इसलिए उसने खुदकुशी कर ली। छात्रा ने जब जब खुदकुशी की तब परिजन घर में पर मौजूद नहीं थे। पुलिस मामले में यूडी केस दर्ज किया है।

# दिशोमगुरु शिबू सोरेन के संघर्ष के कारण बना अलग झारखंड : विनोद पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कड़ा प्रहार किया है। विनोद पांडेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी आखिर बेचैन क्यों हैं ? ऐसा लग रहा है कि वे सत्ता में नहीं रहने की बौखलाहट में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। वे किस आधार पर ईडी की कार्रवाई नहीं होने पर कानून पर से विश्वास उठने की बात कर रहे हैं ? झारखंड मुक्ति मोर्चा को भारतीय संविधान पर पूरा विश्वास और भरोसा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित करने की कोशिश की गई तो वे कानून की शरण में गए। अब उसी मुताबिक फैसले पर वे आगे बढ़ेंगे, लेकिन बाबूलाल मरांडी जैसे नेता अब जबरदस्ती केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बनाने में लगे हैं। यह इनकी हताशा को दर्शाता है। झारखंड में भाजपा जब जनता की अदालत में बुरी तरह हार गई तो हथकंडे अपनाकर सत्ता में वापसी का सपना देख रही है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, वहां के नेता बेचैन हैं। ऐसे राज्यों में सरकार को अस्थिर करने के लिए सारे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। विनोद पांडेय ने आगे कहा कि भाजपा और आरएसएस झूठ को सौ बार बोलकर सच में बदलने की कोशिश करती है। इसी सोच के तहत बार-बार भाजपा अलग झारखंड राज्य का श्रेय लेती है। पूरी दुनिया जानती है कि यह राज्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष और सैकड़ों शहीदों की देन है। अलग राज्य के लंबे संघर्ष के कारण तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति दी। भाजपा खुद अपना पीठ थपथपाना छोड़े। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की जमीन खिसक गई है। अगले चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। भाजपा को एक आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा है। भाजपा के शासनकाल में झारखंड पीछे चला गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# मनोज कपरदार को मिलेगा स्पेनिन सहित्य गौरव सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** कला समीक्षक व लेखक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2023 का स्पेनिन सहित्य गौरव सम्मान मिलेगा। सम्मान देने का निर्णय रांची की प्रतिष्ठित संस्था स्पेनिन द्वारा लिया गया है। यह सम्मान इन्हें उर्सलाईन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज, रांची के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 25 नवम्बर को प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी संस्था के निदेशक डॉ कुमार संजय ने दी। इनका चयन हिंदी साहित्य के विद्वान डॉ अशोक प्रियदर्शी और डॉ माया प्रसाद ने किया है। चयन समिति ने अपनी टिप्पणी में लिखा है - मनोज कुमार कपरदार की सक्रियता चकित करती है। यह झारखंडी माटी की संतान है, और इस मिट्टी का ऋण चुका रहे हैं। शहरों की चकाचैंध में आदिवासी कला परंपराएं लुप्त होती लुप्त होती जा रही हैं। श्री कपरदार आदिवासी कला परंपराओं को रेखांकित कर उन्हें जीवित रखने के उपक्रम में लगे हैं। यह सम्मान विगत 16 वर्षो से लगातार देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को दिया जाता है। मनोज कुमार कपरदार झारखंड के कलाकारों और कलाकृतियों पर निरंतर लेखन कार्य कर रहे है। इनके लेखन से झारखंड की कला को एक राष्ट्रीय पहचान मिली है।

# झारखंड इदरीसी दर्जी वेलफरयर फाउंडेशन का दूसरा स्थापना दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड इदरीसी दर्जी वेलफरयर फाउंडेशन का दूसरा स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज जामिया बैंक्विट हॉल रांची में हुआ। प्रोग्राम का शुभारंभ ऑल इंडिया के अध्यक्ष झारखंड इदरीसी दरजी वेलफेयर फाउंडेशन के साथ-साथ कई तंजीमोन के सरपरस्त मोहम्मद सईद इदरीसी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कान्त सहाय, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम जी, पूर्व मेयर अजय नाथ सहदेव, प्रोफेसर जावेद अहमद, 84 के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, सचिव गुलजार साहब, मोहम्मद मजीद उर्फ सलमान, मंशुर चिश्ती, मेराजुद्दीन अशरफी, मुनव्वर हुसैन भूटटो, मोहम्मद अनवर, कलीम सदर, इफ्तिखार भाई, हाजी मुन्ना साहब, फ्रेंड के महासचिव अशरफ हुसैन, मोहम्मद तौहीद, आफताब आलम, मो जहांगीर भाई,परबेज आलम, मेराज उरफ सोनू, मोहम्मद नौशाद, उमर खालीद, मुजाहिद आलम, सज्जद इदरीसी, गुमला इदरीसीया पंचायत सजाद इदरीसी, ठाकुरगांव इदरीसीया पंचायत से मो हारून और दिगर पंचायत के लोग झंडा फहराकर किया। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एम सईद, आफताब आलम ने किया। सभी 2023 में फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले हुए खिलाड़ियों को मेडल, मोमेंटो, शॉल, माला पहनकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी अकील उर रहमान, मौलाना आजाद कॉलेज के प्रोफेसर आलम इदरीसी, मास्टर उस्मान, सज्जाद इदरीसी, मसूद कच्छी, मो शमीम, समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर निगम ने साफ सफाई को लेकर चलाया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची ।** झारखण्ड स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री का आगमन झारखण्ड की राजधानी राँची में प्रस्तावित है। इसकी जानकारी मिलने के बाद राँची नगर निगम के द्वारा विशेष सफ़ाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे पेड़ों की छटाई, प्रकाश की उचित व्यवस्था, पोल एवं दीवारों का रंग-रोगण, चौक-चौराहों का रंग-रोगण, खुली नालियों पर स्लैब की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव इत्यादि कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में आज दिनांक 13.11.2023 को प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे के द्वारा रांची एयरपोर्ट रोड, हीनू चौक, बिरसा चौक, बाईपास रोड, हरमू रोड होते हुए न्यू मार्केट चौक तथा राज भवन के साथ-साथ अन्य मुख्य पथों की साफ़-सफ़ाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमे उनके द्वारा निदेश दिया गया कि सभी पथों की 24 घंटे लगातार पूर्ण सफ़ाई सुनिश्चित करे। इस क्रम में उनके द्वारा बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की सफाई और शेष बचे कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उनके द्वारा इंफोर्समेंट शाखा के पदाधिकारियों को नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों को हटवाने तथा सड़क किनारे लगातार अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा हॉटिकल्चर शाखा को शहर के सभी मुख्य मार्गो और शहरव्यापी बागवानी पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। मौके पर अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, जोनल



सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# राजीव रंजन प्रसाद मुख्यमंत्री से मिलकर चित्रगुप्त पूजा के लिए दिया आमंत्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य चित्रगुप्त महापरिवार केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और संयोजक डॉ0 अजीत सहाय ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 15 नवंबर को केंद्रीय पूजा समिति बिहार क्लब द्वारा आयोजित चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के 61 वें वर्ष के आयोजन में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति प्रदान की और चित्रांश समाज को 15 नवंबर को श्री चित्रगुप्त पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी द्य गौरतलब है कि उक्त तिथि को प्रातः 10.30 बजे से सामुहिक पूजन का आयोजन होगा साथ ही साथ संध्या 7 बजे से महाआरती का आयोजन किया जाएगा ।

### राज्यपाल से सांसद गीता कोड़ा ने की मुलाकात



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को सांसद गीता कोड़ा ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने राज्यपाल से मिलकर कोल्हान क्षेत्र की विविध समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया और ज्ञापन सौंपा।

# अपने छतों और सड़कों के किनारे से मोबाइल टॉर्च जलाकर कहें जोहार : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची आगमन को लेकर सांसद संजय सेठ ने रांची की जनता से प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने की अपील की है। सांसद सेठ ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरवशाली क्षण है, जब भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हमारे जनप्रिय प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। अभी त्योहारों का मौसम चल रहा है। दीपावली से लेकर छठ तक हम कई त्यौहार मनाते हैं। त्योहारों के इस मौसम में प्रधानमंत्री का झारखंड आगमन हम सबके लिए अविस्मरणीय पल होगा। सांसद सेठ ने रांची की जनता से अपील की है कि प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रात्रि 8:00 बजे उतरेंगे। वहां से राजभवन के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान हीनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, सहजानंद चौक, रातू रोड चौक होते हुए प्रधानमंत्री राजभवन जाएंगे। मेरी शहरवासियों से अपील है कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली बनाएं। सड़कों पर रंगोली बनाएं। अपने-अपने घरों की छत पर, सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर मोबाइल का टॉर्च लाइट जलाकर प्रधानमंत्री को जोहार कहें। उन पर पुष्प वर्षा करें। सांसद ने कहा कि अभी हमने दीपावाली मनाई है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर भी दीपावली मनाएंगे। एक दीपावली हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए भी मनाएं। माननीय प्रधानमंत्री जी का ऐसा ऐतिहासिक स्वागत करें कि यह हम सबके लिए भी गौरव की बात हो जाए। सांसद ने शहरवासियों से यह भी अपील की कि हम झारखंड की संस्कृति के साथ लोक नृत्य के साथ भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करें।

# फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सदभावना फुटबॉल मैच शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** पिछले वर्ष की तरह संत मेरिज कैथेड्रल , रांची ,अपने पल्ली दिवस के अवसर पर ÷ फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सदभावना फुटबॉल मैच ÷ आयोजन किया गया है। प्रथम चरण का उद्घाटन मैच 12.11.2023 को प्रातः 10.30 बजे से लोयोला मैदान में गुंगूटोली और हिंदपीढ़ी यूनिट के बीच शुरू हुआ। मैच का उद्घाटन रांची जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष श्री एंजेलो कुक के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो उपस्थित थे। गुंगूटोली की टीम1-0 से जीता। दूसरा मैच बर्दवान कंपाउंड और फतिमानगर के बीच ड्रा रहा , अंततः टाई ब्रेक में पूर्व चैंपियन बर्दवान कंपाउंड 2-1से जीता। तीसरा मैच मधुकम और अलबर्ट कंपाउंड के बीच संपन्न हुआ जिसमे अलबर्ट कंपाउंड 2-1 से जीता। चौथा मैच कोनका सिरम टोली और कुम्हारटोली के बीच खेला गया जिसमें कोनका सिरोम टोली 2-0 से जीत दर्ज किया। इस सदभावना मैच में रांची शहर से कुल 14 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट आगामी 15 और 19 नवंबर को भी होगा और फाइनल मैच 3.12.2023 को समाप्त होगा। पिछले वर्ष का टूर्नामेंट काफी रोचक था जिसे हजारों दर्शकों ने सराहा था। इस वर्ष भी इसे और अधिक लोमहर्षक बनाने के प्रयास में जुटे जिसमें सुनील लकड़ा, चैयरमैन रांची जिला फुटबॉल संघ, अजय टोप्पो अध्यक्ष , खेल समिति , फादर दीपक, अन्य सदस्यगण समीर , जूलियन, जॉन, सूचित, मधु, अनिमा, सुनील खलखो, जोसेफ तिग्गा आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कृष्ण प्रणामी परिवार के सौजन्य से दीपावली व गोवर्धन पूजा मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी परिवार के सौजन्य से धनतेरस,छोटी दीपावली,दीपावली,गोवर्धन पूजा एवं सोमवती अमावस्या के सुअवसर पर 119 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1300 से अधिक श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।परमहंस संत शिरोमणी श्री स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमज़ आरज़ एसज़्श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ( मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम ) के प्रांगण मे संस्था के सदस्यों एव उनके परिवार के सौजन्य से अपने अपने पूर्वजो की स्मृति श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सह-संरक्षक बिजय जालान उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों एवं बच्चों के बीच धनतेरस, छोटी दीपावली,रूप चौदस एव दीपावली के सुअवसर पर 119 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया।

## प्रधानमंत्री के उलिहातु कार्यक्रम को लेकर दिलीप मिश्रा ने दी प्रतिक्रिया

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:15 नवंबर प्रधानमंत्री मोदी जी का जनजातीय गौरव दिवस के अवसर में भगवान बिरसा के जन्मस्थली उलीहातू में आगमन हो रहा है बिरसा के जन्मस्थली उलीहातू में आज तक प्रतिवर्ष 15 नवंबर को कितने केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड राज्य बनने के उपरांत जितने भी मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल हुए सभी अपने-अपने कार्यकाल में उलीहातू जाकर बड़ी-बड़ी घोषणा कर चुके हैं तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री वर्तमान में रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह केंद्रीय गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह जी भी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई एक बार राज्यपाल ने भी उलीहातू जाकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं की है उलीहातू की दशा एवं रहन-सहन में लोगों खासकर बिरसा के वंशजों की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति आज तक नहीं हुई सिर्फ घोषणाएं हुई 6 माह पूर्व महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी का उलीहातू में बिरसा की धरती पर आगमन हुआ फिर भी उलीहातू एवं बिरसा के वंशजों के रहन-सहन एवं सुविधा में कोई खास बदलाव आज तक नहीं हुई सिर्फ राजनीति हुए बिरसा के नाम पर उलीहातू पर आज से 20 वर्ष पूर्व उलीहातू गांव जहां था जैसे भी था कमोवेश वैसी ही आज भी है बढ़ोतरी हुई है तो सिर्फ घोषणाओं की और सरकार की करोड़ों रुपया खर्च किया गया आज तक 15 नवंबर के नाम पर उलीहातू के विकास के लिए और बिरसा भगवान की जन्मस्थली उलीहातू के नाम पर तमाम राजनीतिज्ञ ने सिर्फ राजनीति करने का कार्य किया आदरणीय प्रधानमंत्री जी का 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर में आगमन हो रहा है प्रधानमंत्री से आग्रह है कि आप जो भी घोषणाएं करें उसका अमल 100त्न करायें तो निश्चित ही बिरसा भगवान को सच्ची श्रद्धांजलि होगी नहीं तो पूर्व के मंत्री चाहे वह केंद्र का हो या राज्य का हो या मुख्यमंत्री हो या राज्यपाल सभी की घोषणा सिर्फ इतिहास के पन्नों पर सिमट कर रह गई वैसे नहीं हो आप जो भी घोषणा करें वह जमीनी हकीकत दिखे वही आपकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी बिरसा के प्रति।

## बिजली तार के चपेट में आने से दो गायों की मौत

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के दरसिला पहाड़ के समीप सोमवार को प्रातः लगभग 9 बजे 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से किसान जाहिर अंसारी की दो गायों मौत हो गयी। किसान जाहिर ने बतलाया कि सुबह गाय को चराने के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान बिजली का तार गाय के उपर गिरा और घटना स्थल पर ही दोनों गायों की मौत हो गयी। दो गायों की एक साथ मौत से किसान को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। घटना का खबर मिलते ही पंचायत के मुखिया गंगी कुमारी घटना स्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बांधा। वहीं मुखिया ने बिजली विभाग और अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है। मौके पर मुखिया के साथ कुलदीप उराँव, रिजवान अंसारी, मुस्ताक अंसानी, रूकसाना, सकिल अंसारी, इमरान अंसारी साथ में थे।

## झारखंड में पीएम मोदी का दौरा एतिहासिक साबित होगा व इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज होगा : धीरज महतो

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा झारखंड के लिए ऐतिहासिक साबित होगा और इतिहास के सुनहरे पन्ने में दर्ज हो जाएगा।उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के जयंती पर पहली बार प्रधानमंत्री उन्हें श्रद्धांजलि देने आ रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रीमंडल द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय 10 नवंबर 2021 को लिया था।आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए उत्सव के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। यह झारखंड के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड आ रहे हैं। मंगलवार 14 नवंबर की रात को ही रांची पहुंच रहे हैं । पीएम मोदी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक जाएंगे। इस दौरान राजधानीवासी घरों में दीपक एवं मोबाइल का टार्च जलाकर स्वागत करेंगे । श्री महतो ने कहा कि हम सबके लिए गौरव का क्षण है, जब भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। अभी दीपावली का पर्व चल रहा है ऐसे समय में प्रधानमंत्री का आना हम सभी के लिए अविस्मरणीय पल होगा। प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए सिल्ली विधानसभा पांचो मंडलों से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे। जिसका प्रभारी भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज को दिया गया है। वहीं सिल्ली मंडल के लिए विनोद कुमार साहू, गुलाब सिंह,राहे मंडल के लिए चितरंजन महतो, लक्ष्मण महतो, सोनाहातू मंडल के लिए दिलेश्वर कोईरी, पतराहातू मंडल के लिए सृष्टिधर प्रजापति, वीणा देवी एवं बारेंदा मंडल के मनोज महतो को प्रभारी बनाया गया है।

## रोशनी का त्यौहार दिपावली धूमधाम से संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिल्ली मुरी क्षेत्र मे रोशनी का त्यौहार दिपावली बड़ी धुमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। लोग अपने अपने घरों मे दुकानों मे धन की देवी मां लक्ष्मी की पुजा कर आरती किया एवं सुख समृद्धि की कामना किए। साथ ही अपने अपने घरों मे दीप जलाकर हर तरफ रोशनी कर दिया। पुरा क्षेत्र रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हो गया। बच्चें बड़े सभी मिलकर खुब पटाखे भी छोड़े। महिलाएं अपने अपने घरों मे पकवान भी बनाए। एक दुसरे को मिठाई खिलाकर दिपावली के हार्दिक शुभकामनाएं भी दिए।वहीं उसी रात मां काली की पुजा भी की गई।मुरी सिल्ली समेत हर क्षेत्र मे काली मां की प्रतिमा स्थापित किया गया और विधीवत पुजा अर्चना किया, वहीं मुरी स्वर्णरेखा शमशान काली मंदिर मे पत्थर की प्रतिमा स्थापित कर विधीवत पुजा अर्चना किया गया एवं बकरे की बलि भी दी गई साथ ही सोमवार को मां का भंडारा भी किया गया। भक्तों ने भंडारे मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## एक्यूप्रेशर परिषद में भगवान धन्वंतरि का पूजन किया गया



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिल्वे रांची में भगवान धन्वंतरि का पूजन धनतेरस के शुभ अवसर पर किया गया । जिसमें मां एक्यूप्रेशर के समस्त डॉक्टर ,एक्यूप्रेशर परिषद के समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। पूजा धूमधाम से भगवान धन्वंतरि ,कुबेर ,लक्ष्मी- गणेश का पूरे विधि विधान के साथ संपन्न किया गया ।सभी एक दूसरे को द्वीपों का पर्व दीपावली और धनतेरस की शुभकामनाएं दी ।एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के मनोनीत सभी सदस्यों को एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने पुष्प एवम मिठाईया देकर शुभकामनाएं देते हुए उनका निर्वाचित सर्टिफिकेट प्रदान किया ।

# कर्रा के देशवाली गांव में दिपावली के अवसर पारंपारिक जतरा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के देशवाली गांव देवान बगीचा में दिपावली के शुभ अवसर पर कृषि विकास समिति देशवाली द्वारा सोमवार को पारंपारिक जतरा का आयोजन किया गया. जिसमें पारंपारिक जतरा पर यंग स्टार म्युजिकल ग्रुप आर्केस्ट्रा द्वारा रंगारंग नागपुरी, ठेठ व आधुनिक गीत आकर्शन का केन्द्र रहा. जिसमें लोग नाचते झूमते नजर आयें. पारंपारिक जतरा में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईन्द एवं विशिष्ट



लिमड़ा पंचायत मुखिया सोमारी लकडा उपस्थित रहे. पारंपारिक जतरा के पूर्व पूजा स्थल पर देशवाली गांव के परम्परागत पुजारी डेबा पहान द्वारा रंगुवा मुर्गा का पूजा करके प्रत्येक वर्ष कि तरह मेला लगाया गया. पारंपारिक जतरा मेला में रंग- बिरंगी मिठाई,फल सब्जी,सिंगार, खिलौने व फुचका चार्ट कि दुकानें लगायी गयी. पारंपारिक जतरा मेला में मुख्य रूप से बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर, उड़िकेल पंचायत मुखिया क्षत्रि हेमरोम, लिमड़ा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बिरसा उरांव, पवन कुमार, जितेन प्रधान, रड़सी उरांव, धानों उरांव, गोमया उरांव, पंकज कुमार साहू, राजा गोप, अशोक शर्मा, शनिका उरांव, संजय कुमार गुप्ता, के अलावे पारंपारिक जतरा के सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

## ईंट भट्ठा मजदूर ने अपनी पत्नी को पीटकर मार डाला, गढ़वा से दोनो काम करने आए थे खलारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत चूरी होयर में एक ईंट भट्ठा मजदूर संजय भुइयां (32 वर्ष) ने अपनी पत्नी शारदा कुमारी (19 वर्ष) को पीट-पीटकर मार डाला. घटना दिवाली के दिन की है. यह घटना पुलिस के संज्ञान में सोमवार सुबह आई. घटना के संबंध में खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने बताया कि शारदा कुमारी गढ़वा जिला अंतर्गत रमकंडा थानाक्षेत्र के रक्षी गांव की थी.वहीं संजय भुइयां गढ़वा जिला अंतर्गत भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हरता टोला ठेकही का रहने वाला है. दोनो पिछले करीब एक साल से पति पत्नी के रूप में रह रहे थे. दस दिन पहले ही चूरी होयर स्थित भीम यादव के ईंट भट्ठा में मजदूरी करने आए थे. रविवार को कुछ आपसी विवाद के बाद नषे में धुत संजय ने शारदा को पीट पीटकर मार डाला. शारदा के चेहरे पर मुक्के से प्रहार किया गया था, जिसका निशान था. संभवतः शारदा का गला भी दबाया गया हो.परंतु यह बात पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद ही सामने आ सकेगा. खलारी थाना पुलिस ने शारदा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.वहीं हत्यारे संजय भुइयां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

# जामडीह सोहराई डायर जतरा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जामडीह में सोहराई डायर जतरा का आयोजन किया गया.इसअवसर पर नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया. सोमर पाहन के द्वारा सुबह में पारंपरिक तरीके से पूजा की गई.दोपहर में जतरा में आयोजित नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का उदघाटन बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी तथा रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया.जतरा में आये कलाकार महावीर नायक,इंग्नेश,पूनम सिंह,अंजनी देवी ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया और लोगो को झूमने को मजबूर कर दिया.मुखिया सरिता देवी ने कहा कि जतरा हमारी संस्कृति का प्रतीक है.बिगन सिंह भोगता ने कहा कि जतरा कई पीढ़ियों हमारे पूर्वज लगाते रहे हैं.क्योंकि यह जतरा हमारी परंपरा और सांस्कृतिक का धरोहर है.इस अवसर पर जतरा में खिलौने, श्रृंगार प्रसाधन एव पारंपरिक मिठाई की दुकान लगी हुई थी.देर शाम तक ग्रामीणो ने जमकर खरीदारी की.इस मौके पर रंथू उरांव,नरेश गंझू,विनय खलखो,रामलखन गंझू, अमृत भोगता, देवपाल मुंडा,कन्हाई पासी,प्रकाश महतो,मुकद्दर कुमार,अनिता गंझू,प्रभाकर गंझू, शिवनाथ भोगता, रामधारी गंझू, रवि उरांव, नंदू गंझू,प्रभु गंझू, मधु गंझू, मरांडी गंझू,अरविंद सिंह,गणेश भुइयां राजकुमार गंझू, संजय गंझू, बरतु गंझू, मनोज गंझू, बंधन गंझू, शिवा गंझु, सोमर पाहन, संदीप गंझू, महेंद्र गंझू आदि शामिल थे.

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनायी गई दीपावली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में रौशनी का महापर्व दीपावली उत्साह और उमंग के साथ मनायी गई।दीपावली को लेकर पुरा क्षेत्र रौशनी से जगमगा उठा,हर कोई के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी,दीपावली को लेकर बच्चो में गजब का उत्साह देखा गया और बच्चो ने जमकर आतिशबाजी की।पुरा इलाका पटाखों से गुंजता रहा।वहीं क्षेत्र के लोगो ने अपने-अपने घरो व दुकानो मे विधिवत पूजा अर्चना कराया,और एक दुसरे के घर जाकर मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी।क्षेत्र के ग्रामीण इलाको के अलावे आवासीय कालोनी में भी दीपावली का उत्साह देखा गया।वहीं दीपावली





को लेकर सभी लोगो ने अपने-अपने घरो मे विधुत सज्जा और फूल मालाओ से सजाया और दीपावली का जश्न मनाया।बच्चो से लेकर बढ़ो तक सभी इसमे उत्साहित रहे और कोयलांचल क्षेत्र मे देर रात तक जमकर आतिशबाजी हुई।पुरा इलाका पटाखो की आवाज से गुजंता रहा।क्षेत्र के बचरा,राय,चुरी,बेंती, बमने,पुरानीराय,चिरैयाटांड़, किचटो,बहेरा,कल्याणपूर, कारो,बिलारी,हेन्देगीर,बचरा बस्ती,होशिर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रो मे दीपावली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया।इधर दीपावाली को लेकर पिपरवार में सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।सभी चौक चौराहा,आवासीय कालोनी और ग्रामीण इलाको मे पिपरवार पुलिस के द्वारा लगातार गश्त की गई।पिपरवार थाना प्रभारी गोविदं कुमार ने बताया कि त्योहार को लेकर शरारती तत्वो के अलावे मनचलो पर कड़ी नजर रखी गई है।क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल मे त्योहार संपन्न कराने मे स्थानीय पुलिस की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

# पिपरवार के कल्याणपूर में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर महादेव पुल के समीप रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गया।कार और बाईक के बीच हुई जोरदार टक्कर मे टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के भतीजा सहित तीन युवक घायल हो गया है।घायलो की पहचान कल्याणपूर निवासी संतोष उंराव और मंझलीटांड़ निवासी रौशन उंराव सहित एक अन्य युवक का नाम शामिल है।घटना के संबंध में बताया गया कि सोमवार की सुबह रोशन और संतोष अपने मोटरसाइकिल जेएच 01डीएक्स-1979 से मंडेर से वापस कल्याणपूर लौट रहा था,इसी बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के



कल्याणपुर महादेव पुल के समीप टंडवा की ओर जा रहे एर्टिगा कार जेएच 01डीएस-8984 से जोरदार भिड़ंत हो गई।बताया जाता है की टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार एक युवक पुल के नीचे जा गिरा,जबकि दूसरे युवक को कर ने घसीटते हुए 20 से 30 मीटर दूर तक ले गई।वही कार सवार एक युवक को भी गंभीर चोट आने की सूचना है।इस घटना में कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई,जिसके बाद घायलों को बचरा क्षेत्रिय अस्पताल भेजा गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार और टण्डवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया और दोनों वाहनों को जप्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया।ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है, लेकिन इसके रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने उक्त मार्ग एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। दुर्घटना में घायल संतोष उरांव की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।सड़क दुर्घटना के बाद उक्त मार्ग पर घंटो सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न रही,जिसे प्रशासन के द्वारा हटाया गया।

## काली पूजा के अवसर पर चिरैयांटांड़ में निकाली गई कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड गांव में तीन दिवसीय काली पूजा सह मेला की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई।जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर चिरैयांटांड़ काली मन्दिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई यह कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण किया और दामोदर नदी पहुंचा,जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भरा गया,जिसके बाद कलश यात्रा वापस मंदिर प्रांगण पहुंच कर कलश की स्थापना की गई।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बुधवार 15 नवंबर को एक दिवसीय मेला का भी आयोजन किया गया है।इस मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया जाएगा। जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई



है।इस मौके पर समिति के बसंत नारायण महतो,विमल महतो,लखन महतो,बालकिशुन महतो, नागेश्वर महतो,विश्वनाथ महतो,जानकी महतो,कीर्तन महतो,अर्जुन महतो,विजय महतो,टिकेश्वर महतो,वीरेंद्र महतो,प्रीतम महतो,अमर महतो,देवनाथ महतो,गुलाब चंद महतो,राजेश गंझु,महेश महतो,सुरेश करमाली, नागेश्वर महतो,शिवनाथ महतो,सुरेश महतो,संतोष महतो,अजय महतो,रमन महतो,प्रदीप महतो,तरुण महतो,राज महतो सहित काफी संख्या ने लोग मौजुद थे।

## दीपावली में दीया व लाईट से भगवान लक्ष्मी-गणेश का स्वागत किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड व आस-पास के गांव में प्रकाश पर्व दीपावली हर्सोल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। दीपावली पर लोगों ने शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और माँ लक्ष्मी की पूजा की और लोगों ने अपने घर व दुकाने को दीया व रंग-बिरंगे लाईट से सजाकर



भगवान लक्ष्मी-गणेश का स्वागत किया.साथ ही दीपावली को लेकर लोगों ने अपने आंगन को रंग-बिरंगे रंगोली से सजाया गया। वहीं बच्चों में दीपावली को लेकर काफी उत्साहित देखने को मिला। बच्चों ने मिट्टी व कार्टन का घरौंदा बनाकर दिया व ग्वालिन से सजाया। वहीं बच्चों ने रंग-बिरंगे पटाखें जलाकर दीपावली का आनंद लिया। इधर सांई मंदिर रोड रानीबगान मे काली पुजा समिति द्वारा काली की प्रतिमा स्थापित कर मां काली की पूजा अर्चना की गई। वही मनोरंजन देवघरिया ने भी अपने घर पर माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर पुजा अर्चना किया। जहां मां के दर्शन और पूजन के लिए पूजा पंडालों में दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालु भक्त पहुंचे । वही पूजा महासमिति द्वारा शाम मे भंडारा का वितरण किया गया।

## दीपावली जतरा में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** रविवार को राइजिंग स्टार कल्ब सेमरा के द्वारा दिपावली जतरा व रात्री संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अवसर पर चार चांद लगाते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित थे. श्री तिर्की ने केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. मौके पर मुखिया रमेश महली, अध्यक्ष सलिल तिर्की, सचिव पंकज दास, कोषाध्यक्ष दीपु तिर्की, रोहित तिर्की, सतीश तिर्की, मनीष तिर्की, रोमी महली, सहबीर गोप, सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में दीपावली और छठ पर कई कार्यक्रम हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने रोशनी का त्योहार दिवाली बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। छात्रों ने छठ और दिवाली के पवित्र त्योहारों को मनाने के लिए गीत और नृत्य से अपने भाव प्रकट किये। विद्यालय ने इस अवसर पर छात्रों के लिए ढेर सारी इंटर-हाउस गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने दीया सजावट गतिविधि में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने रंगों, मोतियों, लेस आदि का उपयोग करके दीयों को सजाया। शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों ने इंटर-हाउस फ्लोर और टेक रंगोली मेकिंग, फ्लावर अरेंजमेंट और सलाद अरेंजमेंट प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का विषय सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स का पालन करते हुए दिवाली मनाना था। छात्रों ने हर्ष और आनंद की भावना बिखेरते हुए जीवंत रंगों का उपयोग करके सुंदर और आकर्षक रंगोलियाँ तैयार कीं। फ्लावर डेकोरेशन प्रतियोगिता के लिए छात्रों ने विभिन्न प्रकार के फूलों



का उपयोग किया और उन्हें विभिन्न प्रकार के गुलदस्ते में खूबसूरती से व्यवस्थित कर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। अच्छे स्वास्थ्य और पौष्टिक भोजन के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों ने बाजरा का व्यापक उपयोग करते हुए पौष्टिक सलाद प्रस्तुत किया। चैदह वर्ष के वनवास के बाद भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और महाबली हनुमान की अयोध्या वापसी का जश्न मनाने के लिए छोटे बच्चों द्वारा एक विशेष झांकी लगाई गई थी। इसके साथ ही सबके चेहरों पर मुस्कान फैलाने के लिए विद्यालय के छात्रों ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलौंग के छात्रों के साथ मिठाइयाँ और खूबसूरती से सजाए गए दीये साझा किए। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को दिवाली और छठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सभी को सुरक्षित और आनंदमय त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को इन त्योहारों के दौरान जरूरतमंदों तक खुशियां फैलाने के लिए कुछ पहल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ये छोटे लेकिन महत्वपूर्ण योगदान उन्हें देश का जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाते हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मां काली ने बचाया था पांडेय मैदान, 1984 से लगातार जारी है काली पूजा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्यूब बारीडीह सुगना कॉलोनी में फ्रेंड्स ब्वॉयज क्लब मां काली पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा पूर्वक किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष के सिंह के अनुसार 1984 में स्थापित फ्रेंड्स ब्वॉयज क्लब पांडेय मैदान (जॉगर्स पार्क) में काली पूजा का आयोजन करता रहा है। काली पूजा समिति ने ही अराजक तत्वों को मैदान का अतिक्रमण करने नहीं दिया और मैदान बच गया। अब विडंबना देखिए, पूजा स्थल भी पार्क में शामिल हो गया और बीच सड़क पर परंपरागत ढंग से पूजा करते हैं। इस पूजा मंडप का उद्घाटन द्वीप जलाकर सरदार रसपाल सिंह, अध्यक्ष मोनू छेत्री, सचिन किशोर एवं राजेश टांडी ने किया। अध्यक्ष मोनू के अनुसार रात में पूजा हुई और सैकड़ो लोगों ने खिचड़ी व खीर का प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार एवं मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा और बुधवार को विसर्जन किया जाएगा।

## विधायक मंगल कालिंदी ने कुईयानी व बंगोई में मां काली मंदिर में टेका मत्था



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी व बोंगई गांव में बने सार्वजनिक काली मंदिर पहुंचकर मां काली की पूजा अर्चना करने के पश्चात उनके चरणों में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली कामना की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रफुल्ल महतो, प्रदीप कुमार सिंहदेव, श्यामापद महतो, छुटुलाल हांसदा, काजल सिंह, शिवशंकर महतो, विनय मंडल, शम्भुनाथ सिंह, खेदू गोप, शिवलाल महतो, धिरेन महतो, सुभाष मोहंती, तरणी मंडल, शरत मंडल, मोतीलाल महतो, भक्तरंजन मोहंती, शंकर प्रमाणिक, गौरीनाथ महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## भूला मोड़ में काली पूजा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, उमड़े दर्शक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के भूला मोड़ में रविवार को काली पूजा के उपलक्ष्य में युवा आंचलिक काली पूजा कमिटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने फीता काटकर किया। पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से आए झूमर शिल्पी पीयू रानी महतो और बिमल महतो ने गीतों से लोगों को खूब झुमाया। इसमें आसपास के गांवों से काफी संख्या में दर्शक पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा आंचलिक काली पूजा कमिटी के रजनीकांत सिंह, कृष्णपद गोराई, कल्लोल कर्मकार, अंबुज गोराई, हलधर मुखर्जी, देवाशीष मुखर्जी, माधव सिंह, उदय महतो, गोबिंद सिंह, विष्णु कर्मकार, मिथुन सिंह एवं रवि गोप का सराहनीय योगदान रहा।

## पटमदा-बोड़ाम में दीपावली व काली पूजा की धूम, जमकर हुई आतिशबाजी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीपावली, काली पूजा, बांदना व सोहराय पर्व को लेकर पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह का माहौल रहा। क्षेत्र की दुकानों में मिट्टी के दीए, मोमबत्ती, पटाखे एवं अन्य सामग्रियों की खरीदारी लोगों ने रविवार को भी जमकर की। सासाहिक हाट के दौरान बेलटांड़ बाजार में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक काली पूजा के लिए जरूरी बत्तख, मुर्गी एवं बकरे की काफी बिक्री हुई। यहां पश्चिम बंगाल के विभिन्न जगहों से बत्तख, मुर्गी व बकरे को लेकर पहुंचे पशुपालकों व व्यापारियों ने अच्छा मुनाफा कमाया। स्थानीय पशुपालकों ने भी ऊंची कीमत पर बत्तख व मुर्गियों की बिक्री की। वहीं सोमवार को पटमदा बाजार में लगने वाले सप्ताहिक हाट त्योहार के मद्देनजर रविवार को ही लगाया गया। इसलिए दोपहर 2 बजे के बाद पटमदा बाजार की दुकानों में ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गई। यहां सरसों व रिफाइंड तेल, गुड़, घी, पटाखे व मोमबत्ती की जमकर खरीदारी हुई। इधर रविवार की रात को लावा सार्वजनिक काली मंदिर, ठनठनी घाटी काली मंदिर, जलडहर काली मंदिर, पटमदा बाजार, आगुईडांगरा, बांसगढ़, बांगुड़दा, सांजड़ा, बनकुंचिया व माचा समेत दर्जनों गांवों में काली पूजा का आयोजन हुआ।

# छठ महापर्व की व्यवस्था को लेकर जमशेदपुर अक्षेस के सहायक नगर आयुक्त को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जिला कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सहायक नगर आयुक्त रवि प्रकाश से मिलकर विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ने सहायक नगर आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि छठ महापर्व का आगमन हो चुका है लेकिन अब तक सभी नदी तटों का सौंदर्यीकरण एवं साफ सफाई नहीं हुआ है, जिसे तत्काल प्रभाव से तेज गति से सफाई अभियान और नदी घाट का प्रबंधन कार्य को संपन्न किया जाए। नदी में श्रद्धालुओं को उतारने का रास्ता जो बरसात के कारण खराब हो गया है उसे भी ठीक किया जाए। छठव्रती एवं श्रद्धालुओं को नदी तट तक पहुंचाने के लिए लाइट का प्रबंध, चेंजिंग रूम और गोताखोर के साथ-साथ नदी तट पर जगह-जगह सावधानी से संबंधित बोर्ड लगाया जाए, क्योंकि जमशेदपुर में बड़े पैमाने पर छठव्रती नदी पहुंचकर आस्था के महापर्व छठ मनाते है। पदाधिकारी छठ आयोजन समिति से समन्वय स्थापित करें। टाउन हॉल और सोन मंडप के बगल में खाली स्थान पर मौजूद कचरे को हटवाकर साफ सुथरा कराया जाए। जमशेदपुर में पार्किंग व्यवस्था चरमरा गई है और इसके टेंडर की प्रक्रिया जो प्रशासन की तरफ से लाई जा रही है, इसमें कहीं ना कहीं कमी रह जा रही है। जिससे टेंडर प्रक्रिया अब तक अधूरी है। पार्किंग व्यवस्था से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है, ऐसे गंभीर मुद्दे पर विभाग के द्वारा उचित कदम उठाते हुए टेंडर प्रक्रिया को संपन्न करना तथा यह भी सुनिश्चित की जाए कि अब तक टेंडर प्रक्रिया नहीं होने के कारण कितना राजस्व की हानि हुई है।

**ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिलकर कांग्रेस जिला कमेटी ने दी बधाई**

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जिला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर से ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास से मिलकर उन्हें बधाई दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल हमारे संवैधानिक पद पर विराजमान है। उनकी नियुक्ति होने पर जमशेदपुर का मान बढ़ा है, साथ ही संविधान की रक्षा के एक महत्वपूर्ण पद इन्हें प्राप्त हुआ है, जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने मिलकर उन्हें बधाई दिया। बधाई देने वाले सदस्यों में प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, आनन्दमय पात्रो, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, संजय सिंह आजाद, गुरदीप सिंह, शशी सिन्हा, शफी अहमद खान, रामलाल प्रसाद पासवान, जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली, रामदरस चौधरी, ज्योति मिश्रा, नलिनी सिन्हा, अतुल गुप्ता, सैलेन्द्र सिंह, उदय कुमार सिंह, राजेश कुमार, धर्मा राव, सतीश कुमार, संध्या ठाकुर, रानी राव, शेखर कुमार, सचिन कुमार सिंह, सन्नी सिंह, सुशील घोष, अमृत पाल सिंह शामिल रहें।

## ओड़िशा के राज्यपाल ने परिवार संग मनाई दिवाली, देशवासियों को दी शुभकामनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने अपने एग्रीको स्थित आवास पर पूरे परिवार के साथ दिवाली मनाई। इससे पहले उन्होंने माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपने आवास के समक्ष पटाखे फोड़े और दीपावली की खुशियां बांटी। राज्यपाल ने सबसे पहले झारखंड, ओड़िशा समेत समस्त देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और कहा कि उन्होंने माता लक्ष्मी और भगवान गणेश के साथ, कुबेर महाराज की पूजा की है। उनसे यह कामना की है कि अपने परिवार के साथ-साथ समस्त देशवासियों के घर में उजाला आए और देशभर के गरीब, शोषित, वंचित, उपेक्षित वर्ग के लोगों के जीवन में भी खुशहाली आए। भारत विश्व गुरु बने इसकी कामना भी भगवान से की है। इस अवसर पर उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोग देर रात तक उनके घर पर बधाई देने के लिए पहुंचते रहे। मौके पर राज्यपाल रघुवर दास और उनके परिवार के सभी सदस्यों ने जमकर आतिशबाजी की और वहां पहुंचे लोगों का मुंह मीठा कराया।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सपत्नीक मनाई दीपावली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्नी सुधा गुप्ता के साथ अपने कदमा स्थित आवास में दीपावली मनाई। इस दौरान उन्होंने पहले पूजा अर्चना की जिसके बाद दीए जलाये। साथ ही समस्त राज्यवासियों को दीपावली की शुभकामनायें भी दी। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता हर वर्ष दीपावली का त्योहार अपने परिवार के सदस्यों साथ कदमा स्थित आवास में मनाते हैं। उन्होंने इस मौके पर माता लक्ष्मी और गणपति की पूजा अर्चना की। उन्होंने समस्त राज्य वासियों को दीपावली की शुभकामनायें देते हुए कहा कि राज्य के सभी नागरिक खुशहाल और स्वस्थ रहें यही कामना वे ईश्वर से करते हैं।

## पोल्ट्री फार्म में आग लगने से लाखों का दाना व चूजा जलकर हुआ खाक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत ईचाडीह में चंदन गोप के पोल्ट्री फार्म में अचानक आग लग जाने से लाखों के चूजे, फार्म दाना आदि जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक पोल्ट्री फार्म में आग लग गई। फार्म मालिक व फार्म कर्मी कुछ समझ पाते, तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। बताया जा रहा है कि पांच दिन पहले 15 सौ चूजे फार्म में छोड़ा गया था। चंदन गोप ने बताया कि आग लगने से 15 सौ चूजे, 50 ड्रिंकर और 50 फीडर के साथ आठ बोरा दाना भी जलकर नष्ट हो गया। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।

## सरायकेला के राजबांध टोला में तीन दिनों से जलापूर्ति ठप रहने से सड़क पर उतरे लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला नगर पंचायत अंतर्गत राजबांध बस्ती में विगत तीन दिनों से जलापूर्ति ठप रहने से आक्रोशित बस्ती के लोगों ने सोमवार की सुबह सरायकेला-कांड्रा मुख्य सड़क को जाम कर दिया।सूचना मिलते ही सरायकेला थाना प्रभारी अर्जुन उरांव जाम स्थल पहुंच कर लोगों को समझाया। उन्होंने सरायकेला नगर पंचायत से बात करते हुए तत्काल पानी के चार टैंकर राजबांध मंगवाया। इसी क्रम में पीएचईडी विभाग से बात कर जल्द पेयजल समस्या को दूर करने को कहा। थाना प्रभारी के प्रयास से लगभग डेढ़ घंटे बाद सड़क जाम हटा।लोगों का कहना है कि पूरे शहरी क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति जारी है लेकिन उनके यहां जलापूर्ति नहीं हो रही है। इसके कारण पीने के पानी सहित नहाने एवं अन्य घरेलू कार्य भी करना मुश्किल हो गया है।

## बारीडीह गुरुद्वारा में श्रद्धा भाव के साथ मना बंदी छोड़ दिवस एवं दीपावली

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** बारीडीह गुरुद्वारा साहिब में रविवार की शाम श्रद्धा भाव के साथ बंदी छोड़ दिवस एवं दीपावली का त्योहार मनाया गया। बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे नतमस्तक हुए और उसके उपरांत गुरुद्वारा में दीए और मोमबत्ती जलाए। गुरु घर में मीठा प्रसाद चढ़ाया और कीर्तन श्रवण किया। बाबा निरंजन सिंह जी ने बंदी छोड़ दिवस की कथा संगत को सुनाई। सिख इतिहास के अनुसार साजिश के तहत छठे गुरु हरगोबिंद जी को ग्वालियर के किले में कैद किया गया और गुरुजी वहां जहांगीर की भलाई और बीमारी से ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहे थे। जहांगीर ठीक हो गया और साईं मियां मीर ने बादशाह को घटनाक्रम की जानकारी दी तो बादशाह ने आदर पूर्वक किला से रिहा करने का आदेश जारी किया। गुरु जी ने कहा कि किले में कैद 52 राजाओं को उनके साथ छोड़ दिया जाए। बादशाह ने कहा जितने राजा उनका चोला पकड़ कर निकल सकते हैं निकल जाए। सिखों ने विशेष चोला तैयार किया, जिसमें 52 लड़ियां थी और लड़ी पकड़ कर सभी राजा कैद से मुक्त हो गए। दीपावली को गुरुजी अमृतसर लौटे इस खुशी में सिख बंदी छोड़ दिवस मनाते हैं। गुरुद्वारा साहिब अध्यक्ष करतार सिंह, सुखबिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, जसवंत सिंह राजेंद्र सिंह तरसिक्का, अवतार सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर पश्चिमी में काली पूजा के कई पंडालों का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** कदमा उलियान बजरंग अखाड़ा परिसर स्थित काली मंदिर, कदमा उलियान सार्बोजनिन काली पूजा कमिटी के द्वारा आयोजित काली पूजा, कदमा केएफ-2, सार्बोजनिन काली पूजा कमेटी के द्वारा बनाए गए पूजा पंडाल, कदमा बाजार में कदमा काली पूजा कमेटी के द्वारा बनाए गए काली पूजा पंडाल, मानगो दाईगुट्टू, रोड नं 6 में श्री श्री काली पूजा समाज कल्याण समिति के द्वारा बनाए गए काली पूजा पंडाल, मानगो डिमना रोड चेक पोस्ट के पास सार्बोजनिन काली पूजा कमिटी के द्वारा बनाए गए पूजा पंडाल, मानगो डिमना रोड पटेल पथ में फ्रेंडशिप पूजा समिति के द्वारा बनाए गए काली पूजा पंडाल, मानगो डिमना चौक सुमन होटल के पास सार्वजनिक काली पूजा समिति के द्वारा बनाए गए काली पूजा पंडाल, मानगो डिमना चौक सिद्ध कान्हू स्कूल के पास बनाए गए काली पूजा पंडाल का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने सभी देशवासियों को काली पूजा, दीपावली, गोवर्धन पूजा व छठ पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एसडीओ पारुल सिंह ने किया ओल्ड एज होम का दौरा

## वृद्धजनों का आधार होगा पेंशन पोर्टल से लिंक : एसडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** सरायकेला की अनुमंडलाधिकारी (एसडीओ) पारुल सिंह ने सोमवार को ओल्ड एज होम का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान वे वहां रह रहे वृद्ध लोगों से मिलकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी व उनके बीच मिठाइयों का वितरण किया। इस दौरान वृद्धजनों से काफी देर तक बातें करते हुए एसडीओ ने उनका हाल जाना। कई बुजुर्गों ने जब अपने बीते समय की दीपावली की बातें साझा की तो उसे सुनकर एसडीओ भावुक हो उठीं। मौके पर उन्होंने कहा कि सरायकेला अनुमंडल में मौजूद ओल्ड एज होम एवं क्षेत्र भर के सभी वृद्धों का जिला प्रशासन सम्मान करता है एवं हर तरह से सहयोग करने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि वृद्धजनों को मिलने वाला सभी सरकारी लाभ ससमय प्राप्त हो। कहा कि ओल्ड एज होम में रहने वाले जिन वृद्धजनों का आधार पेंशन से नहीं जुड़ा है, उनके लिए निर्धारित विभाग से एक कर्मी को यहां भेज कर उनका आधार पेंशन पोर्टल से लिंक किया जाएगा।

## दिवाली की रात जादूगोड़ा में यूसीलकर्मी व उसके परिवार पर हुआ जानलेवा हमला, टीएमएच में भर्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जादूगोड़ा :** दिवाली की रात रविवार को जादूगोड़ा में एक यूसीलकर्मी के घर में घुसकर 6-7 की संख्या में आए लोगों ने तलवार, छड़ व डंडा से हमला कर दिया। हमले में जादूगोड़ा माइंस विभाग के सिविल सेक्शन में कार्यरत बृहस्पति भकत के माथे व पैर पर गंभीर चोट लगी है और वे बुरी तरह से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज टीएमएच में अस्पताल में चल रहा है। इस हमले में उसी घर की महिलाओं में पंचशिला भकत, सविता भकत, हिमाद्री भकत को भी चोटें आई है।उनका इलाज एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में कराने के पश्चात इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मामले में घायल बृहस्पति भकत के बयान पर सभी आरोपी पूर्ण चंद्र भकत, कृष्ण बल्लभ भकत, मंतोष भकत, खोखन भकत, सुखदेव भकत समेत अन्य के खिलाफ कांड संख्या 88/ 2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के बाबत पीड़ित परिवार के परिजनों ने बताया कि आरोपी पूर्ण चंद्र भकत हाथ में लोहे का रॉड लिए हुए था वही एक अन्य आरोपी कृष्ण बल्लभ भकत हाथ में तलवार लहरा रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के डीएसपी चंद्र शेखर आजाद व ग्रामीण एसपी से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ करवाई की मांग की है।

## नीमडीह क्षेत्र में दीपावली की शाम गणेश व लक्ष्मी जी एवं रात में मां काली की हुई पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में दीपावली व रविवार अमावस्या तिथि को शाम में नीमडीह प्रखंड के विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान, दुकान एवं घरों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश जी एवं माता लक्ष्मी जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया। पुजारी ने कहा कि धन की देवी माता लक्ष्मी इस दिन घर में प्रवेश करती हैं। इस दिन धन-संपदा और शांति के लिए लक्ष्मी और गणेश भगवान की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है। इसी के साथ धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि दिपावली के दिन ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी का आगमन हुआ था। एक अन्य मान्यता के अनुसार इस दिन मां लक्ष्मी का जन्म दिवस होता है। कुछ स्थानों पर इस दिन को देवी लक्ष्मी के जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

# आदिम जनजाति परिवार के बच्चों के बीच वनकर्मी ने मनाई दिवाली की खुशियां, बांटे दीया, मोमबत्ती और मिठाई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** दीपावली का त्योहार हर किसी के घर में धूमधाम से मनाया जाता है और इस पर्व की खुशियां सबसे ज्यादा बच्चों को होती है। बच्चे इस पर्व को लेकर काफी उत्साह में रहते हैं। शहरों में रंग-बिरंगी लाइटें और पटाखे देखने को मिलता है। लेकिन कई ऐसे परिवार भी होते हैं जिन्हें यह खुशियां नहीं मिल पाती है। लेकिन दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के एक वनरक्षी अचिंत कुमार राणा ने वैसे ही आदिम जनजाति परिवार के बीच दिवाली की खुशियां मनाई। वनरक्षी ने चांडिल प्रखंड अंतर्गत दलमा पहाड़ के सबसे बीहड़ और पहाड़ी इलाके माकुलाकोचा व कदमझोर गांव पहुंचकर आदिम जनजाति के बच्चों को मिठाईयां और घर में दीपावली के दिन रोशनी रहे इसके लिए मिट्टी के दीये और तिल के तेल समेत कई सामग्री बांटी। मिठाईयां व दीए देखकर परिवार के वयस्क एवं बच्चे काफी खुश दिखे।

**आदिम जनजाति के पास सुविधा और पैसे का आभाव**

बता दें कि दीपावली में जहां शहर में रौनक, विद्युत सज्जा होती है वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने घरों में केवल दीये और मोमबत्ती से ही दीपावली का उत्सव मनाते हैं। बात अगर आदिम जनजाति की करें तो उनके पास कुछ नहीं होता है। इन परिवारों में भी दीपावली के पर्व पर खुशियां आए बच्चों के चेहरे पर हंसी रहे इसको लेकर अचिंत राणा ने सभी परिवार के बीच सामग्री बांटी।

**आदिम जनजाति के चेहरे पर मुस्कान लाने का छोटा प्रयास : वन रक्षक अचिंत राणा**

इस संबंध में अचिंत राणा ने कहा कि दीपावली के पूर्व जिस तरह अन्य परिवारों के लोग दीये जलाकर जीवन में प्रकाश का अनुभव करते हैं, उसी प्रकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए उनका एक छोटा सा प्रयास है ताकि उनके घरों में भी रोशनी फैले।

## गम्हरिया में मंत्री ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन क्षेत्र में पूजा को लेकर हर्षोल्लास का माहौल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में मां काली की पूजा विधि-विधान से श्रद्धापूर्वक की गई। इस मौके पर रविवार को रात्रि में क्षेत्र के कई पूजा कमेटियों द्वारा भव्य व आकर्षक पंडाल निर्माण कर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से उनकी पूजा-अर्चना किया गया। इस पूजनोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। इससे पूर्व कई पूजा कमेटियों द्वारा बनाए गए पूजा पंडाल का विधिवत उदघाटन किया गया। उत्तमडीह बस्ती में सार्वजनिक पूजा कमेटी की ओर से बनाए गए पंडाल का उदघाटन राज्य के परिवहन सह आदिवासी कल्याण मंत्री चम्पई सोरेन ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने मां काली की पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष महेश्वर महतो, पूर्व पार्षद कुंती महतो, जिला सदस्य निरंजन महतो, सुमित महतो, रास बिहारी महतो, दिनेश महतो, विकास महतो, विनोद महतो समेत कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे। बड़ा गम्हरिया के ऊपरपाड़ा में भी धूमधाम से मां काली की पूजा की गई। गम्हरिया बाजार परिसर स्थित मंदिर में विहिप जिलाध्यक्ष राजू चौधरी के नेतृत्व में पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्मशान काली मंदिर में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मां काली की पूजा की गई। इस मौके पर सोमवार से वहां दो दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया है।

संपादकीया

# आइए क्रिप्टो-क्रिप्टो खेलें

**ऐसा** साबित होने लगा है क्रिप्टो के जाल में तड़प रही मछलियों के शिकारी सरकारी कार्यालयों के कर्मचारी-अधिकारी भी होने लगे हैं। अब तक हुई डेढ़ दर्जन गिरफ्तारियों के सुराग प्रदेश की छवि में इतना तो घर कर रहे हैं कि हिमाचल के दफ्तरी माहौल में अवांछित धनोपार्जन के अड्डे विकसित हो रहे हैं। कहीं पेपर लीक मामले ने यही सिद्ध किया था कि संबंधित दफ्तर नियुक्तियों के मजमून में हाथ रंगने का कौशल जानते हैं, तो कहीं सिपाहियों की भर्ती में वर्दी बेनकाब हुई है। बेशक अब चोर-सिपाही की दौड़ में कई काले कलूटे नजर आ रहे हैं, लेकिन क्रिप्टो-क्रिप्टो के खेल में 2500 करोड़ का अवैध निवेश बता रहा है कि प्रदेश के नागरिक जिस वसंत का पीछा कर रहे हैं, वहां कई सांपनाथ घूम रहे हैं। यह सारा निवेश सरकारी दफ्तर की पलकों के नीचे न भी हुआ हो, लेकिन गिरफ्तारियां बता रही हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वालों के पास अब या तो निवेश के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध है या उनके पास ऐसी किसी लूट में जौहर दिखाने का हुनर विकसित हो चुका है। जिन पांच हजार कर्मियों ने क्रिप्टो करंसी के नाम पर पैसा लगाया, वे कलाकार थे या जिस आइडिया ने इन्हें फुसलाया वह घुसपैठ कर दिया, लेकिन मानना पड़ेगा कि सरकारी नौकरी में धन जाया करने के स्रोत हैं या वेतन-भत्ते इस कद्र बढ़ रहे है कि काम के वक्त मुलाजिम नई रोटियां सेंकने के लिए आर्थिक लाभ के नित नए चूल्हे खोज रहे हैं। क्रिप्टो करंसी घोटाला दरअसल देवकी नंदन खत्री के उपन्यासों की तरह कई गोपनीय व गुप्त रहस्य खोल रहा है जहां सरकारी दफ्तरों में काम का एक पैटर्न दिखाई दे रहा है। इस घोटाले की जड़ों ने सरकारी दफ्तर की मिट्टी तक पकड़ बना रखी है, तो इसे अलग-अलग संदर्भों में समझना होगा। यहां सरकारों की प्राथमिकता में केवल सरकारी कर्मचारियों को पूजने की प्रथा से भी नैतिक सवाल पूछे जाने चाहिएं, क्योंकि राज्य की बजटीय व्यवस्था का आधे से ज्यादा हिस्सा सिर्फ अपने कर्मचारियों के वेतन-भत्तों तथा पेंशन भुगतान में ही जा रहा है। करीब पांच लाख सरकारी कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त लोगों के आर्थिक हितों की रखवाली करते राज्य ने ऐसी वित्तीय व्यवस्था तो बना ही दी, जहां लाभ की सारी किश्तियां एकतरफा सफर पर रहती हैं। दूसरी ओर निजी क्षेत्र के पच्चीस लाख लोग कारोबार या नौकरी करके यह अपेक्षा रखते हैं कि हिमाचल अपने संसाधनों से काम करने के माहौल को बेहतर बनाए। अगर ओल्ड पेंशन से सरकारी कर्मचारी के जीवन की सुरक्षा तय होती है, तो पच्चीस लाख रोजगार के अवसर जोत रहे निजी क्षेत्र के लोगों को सरकार का क्या संदेश है। जाहिर तौर पर क्रिप्टो करंसी का घोटाला हो या ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामले, इन सभी में सरकारी धन से सुरक्षित लोग अपना आवरण बढ़ाते पाए गए हैं। यह विडंबना है कि हिमाचल में एक ऐसा नागरिक समाज विकसित हो चुका है जो राज्य की तस्वीर में किसी तरह का शुल्क तो नहीं चुकाना चाहता, लेकिन सार्वजनिक खजाने के दम पर जिंदगी का हर कदम उठाना चाहता है। यही कदम उसे धन कमाने या निवेश की नई राहें खोजने को प्रेरित करते हैं। समाज की समृद्धि से राज्य की आर्थिक स्थिति को बल मिले, इसके ऊपर सरकारों को कुछ फैसले लेने चाहिएं अन्यथा मध्यमवर्गीय लोगों के लिए थोड़ा सा लालच भी घातक हो सकता है। क्रिप्टो घोटाले में भी हिमाचल की निवेश प्रवृत्ति का गलत फायदा उठाया गया है, लेकिन इस तरह के लुभावने कार्यों में कर्मचारियों की संलिप्तता का पर्दाफाश आर्थिक अपराधों की स्थली बना रहा है। अगर हिमाचली लोगों के पास अधिक धन है, तो सरकार, सरकार के कई उपक्रम तथा शहरी निकाय बांड निकाल कर, जनता के धन से अपने ऋण के मार्फत उन्हें कमाई लायक ब्याज या बढ़त अदा कर सकते हैं। प्रदेश सरकार को चंडीगढ़ की तर्ज पर ऊना के आसपास एक बड़ा सेटेलाइट टाउन बसा कर जनता को धन निवेश करने का अवसर देना चाहिए ताकि हिमाचल निर्माण में अप्रत्यक्ष सहयोग मिल सके।

> **बेशक अब चोर-सिपाही की दौड़ में कई काले कलूटे नजर आ रहे हैं, लेकिन क्रिप्टो-क्रिप्टो के खेल में 2500 करोड़ का अवैध निवेश बता रहा है कि प्रदेश के नागरिक जिस वसंत का पीछा कर रहे हैं, वहां कई सांपनाथ घूम रहे हैं। यह सारा निवेश सरकारी दफ्तर की पलकों के नीचे न भी हुआ हो, लेकिन गिरफ्तारियां बता रही हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वालों के पास अब या तो निवेश के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध है या उनके पास ऐसी किसी लूट में जौहर दिखाने का हुनर विकसित हो चुका है। जिन पांच हजार कर्मियों ने क्रिप्टो करंसी के नाम पर पैसा लगाया, वे कलाकार थे या जिस आइडिया ने इन्हें फुसलाया वह घुसपैठ कर दिया, लेकिन मानना पड़ेगा कि सरकारी नौकरी में धन जाया करने के स्रेत हैं या वेतन-भत्ते इस कद्र बढ़ रहे है कि काम के वक्त मुलाजिम नई रोटियां सेंकने के लिए आर्थिक लाभ के नित नए चूल्हे खोज रहे हैं।**

## कुछ अलग

# 49 शतकों की साझेदारी

**'मास्टर** ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर के एकदिनी 49 शतकों की बराबरीङ्घअपने 'आदर्श' के समान एक प्रेरित, महानायक बल्लेबाज विराट कोहलीङ्घक्रिकेट की टीम इंडिया के दो सूत्रधार एक ही कीर्तिमान को साझा करते हुएङ्घएक आराधक और एक आराध्य-सी प्रतिमा के संबंधों का इतिहासङ्घशिक्षक और विद्यार्थी नहीं, साथ खेलने वाले दो अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज आज एक ही लक्ष्य पर साझेदारी निभाते हुए कितने सुखद और हासिल लम्हे हैं! विराट कोहली ने 5 नवम्बर को अपने 35वें जन्मदिन पर, विश्व कप में खेलते हुए, एकदिनी क्रिकेट का 49वां शतक लगाया, तो एक साथ कई उत्सव खिल उठे। एक दुर्लभ मंजिल का पड़ाव आ गया और कोलकाता का ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स स्टेडियम तालियों और नारों से गूंज उठा। विराट ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 49 शतक के कीर्तिमान की बराबरी कर ली थी। कुछ ही देर बाद सचिन की टिप्पणी टीवी पर्दे पर उभर आई-बधाई हो विराट। तुम बहुत अच्छा खेले। मेरी उम्मीद है कि आने वाले कुछ ही दिनों में तुम मेरा रिकॉर्ड तोड़ दोगे और अगली मंजिल की तरफ बढ़ोगे।'' ये अंतर्संबंध सिर्फ क्रिकेट और पेशेवर नहीं हो सकते। ये आत्मिक और नैसर्गिक संबंध हैं, जो सचिन और विराट ने जिए हैं। यदि इस साझेदारी का विश्लेषण किया जाए, तो विराट अपने 'आदर्श' से कहीं आगे और गतिमय लगते हैं। विराट ने ये 49 शतक 277 पारियों में 58.48 की औसत और 93.63 के स्ट्राइक रेट के साथ बनाए हैं, जबकि सचिन ने यह कीर्तिमान 451 पारियों में स्थापित किया था। अलबत्ता अद्र्धशतकों के मामले में विराट के हिस्से 70 और सचिन ने 95 अद्र्धशतक ठोंके। तुलना आंकड़ों की ही नहीं की जानी चाहिए। दरअसल यह तुलना एक आदर्श, प्रेरणा और एक भक्त की सी है। विराट सचिन की तूफानी, कलात्मक, कलाईदार बल्लेबाजी देखते हुए ही एक पेशेवर बल्लेबाज बने। वह खुद स्वीकार करते हैं कि 1996 के क्रिकेट विश्व कप के दौरान सचिन ने ऐसा करिश्माई शॉट खेला था, जो आज भी अद्वितीय और अतुलनीय है। विराट के लिए वह आज भी आश्चर्यजनक स्मृति है। विराट के लिए अभी ठहराव का समय नहीं आया है। अभी वह अपने खेल के 'चरम' पर हैं। वह ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने क्रिकेट की दुनिया में सबसे तेज 8,9,10,11,12 और 13 हजार एकदिनी रन बनाए। एक ही साल में 8 बार 1000 या अधिक रन बनाए। अभी वह अपने 'आदर्श' के 18,000 से अधिक एकदिनी रनों से पीछे हैं। वह साझेदारी भी निभानी चाहिए। स्पिन गेंदबाजी के जादूगर हरभजन सिंह का मानना है कि यदि 'किंग कोहली' फिट रहे और चोटिल नहीं हुए, तो वह 'शतकों का शतक' भी बना सकते हैं। हरभजन और विराट 2011 की विश्व चैम्पियन टीम इंडिया के सदस्य थे। दोनों ने अन्य साथियों के संग मिलकर महान तेंदुलकर को कंधों पर बिठा कर जीत का जश्न मनाया था। आज 2023 में टीम इंडिया 'अजेय' है, तो उसमें विराट के अभी तक 543 बेशकीमती रनों का योगदान भी है। टीम इंडिया ने जिस तरह दक्षिण अफ्रीका को 83 रनों, श्रीलंका को मात्र 55 रनों, मौजूदा विश्व चैम्पियन इंग्लैंड को 100 रनों पर ढेर करके करारी पराजय दी है, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड सरीखी ताकतवर टीमों को धराशायी किया है, उसके स्पष्ट संकेत तो ये हैं कि 2023 का विश्व कप भी टीम इंडिया के हाथों में होना चाहिए, लेकिन अभी विराट को खेलना है।

### सांस लेना मुश्किल हो गया है बल्कि अन्य खतरनाक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा

# टूट रहे हैं प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड, सांस लेना हो रहा दुश्वार, सरकार दिख रही लाचार

योगेश कुमार गोयल

**दिल्ली** एनसीआर की हवा में दीवाली से कुछ दिन पहले ही इस कदर जहर घुल चुका है और हवा इतनी दमघोंटू हो चुकी है कि लोगों को न केवल सांस लेना मुश्किल हो गया है बल्कि अन्य खतरनाक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस साल अक्तूबर में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 2020 के बाद सबसे खराब स्तर पर था लेकिन नवम्बर की शुरुआत से ही प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं और दिल्ली में एक प्रकार से सांसों का आपातकाल-सा दिखाई दे रहा है, जहां चारों स्मॉग की घनी चादर छाई है। यह चादर कितनी खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य की तेज किरणें भी इस चादर को नहीं भेद पा रही हैं। करीब एक सप्ताह से देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से गिरावट आई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को सेहत के लिए कई प्रकार से बेहद खतरनाक माना जाता है। दिल्ली के कई हिस्सों में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक 800 के आंकड़े को भी पार कर चुका है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से कई गुना ज्यादा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अगले 15-20 दिनों तक यहां ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। वैसे तो दिल्ली के साथ-साथ देश के कई अन्य राज्यों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है लेकिन दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा-सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है कि वैज्ञानिक अब दिल्ली में साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है।

केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली



सहित, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़-सी लगी दिखी, वहीं करवा चौथ के मौके पर चांद के दीदार होते ही दिल्ली तथा पड़ोसी राज्यों में लोगों जमकर आतिशबाजी की, जिसने प्रदूषण की स्थिति को और विकराल बनाने में आग में घी का काम किया।

विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, खेतों में जलती पराली, खतरों को जानते-समझते हुए भी की जाने वाली भारी आतिशबाजी तथा वाहनों और औद्योगिक इकाईयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देशभर में लाखों लोग जान गंवाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मानव निर्मित वायु प्रदूषण के ही कारण प्रतिवर्ष करीब पांच लाख लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं।

अब देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोग धूल, धुएं, कचरे और शोर के चलते बीमार न हो रहे हों। देश के अधिकांश शहरों की हवा में जहर घुल चुका है। पयार्वरण तथा मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत डेविड आर. बॉयड का कहना है कि विश्वभर में इस समय छह अरब से भी ज्यादा लोग इतनी प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिसने उनके जीवन, स्वास्थ्य और बेहतरी को खतरे में डाल दिया है और सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि इसमें करीब एक-तिहाई संख्या बच्चों की है।

अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से बताया है कि वायु प्रदूषण न केवल फेफड़ों को बल्कि स्वास्थ्य को तमाम अन्य तरीकों से भी प्रभावित करता है। हवा की खराब गुणवत्ता के कारण अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, और बैक्टीरियल संक्रमण के खतरे बढ़ सकते हैं। वायु की खराब गुणवत्ता व्यक्ति में ऑटिज्म, तनाव और स्ट्रोक जैसे तमाम न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर सहित अन्य बीमारियों को भी बढ़ावा देती हैं वायु प्रदूषण के कारण हवा में कई प्रकार की हानिकारक गैसें सम्मिलित हो जाती हैं, जिनसे सिरदर्द, खांसी, जुकाम और एलर्जी जैसी आम समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के चलते दुनियाभर में प्रतिवर्ष करीब 70 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाती है, जिनमें करीब छह लाख बच्चे भी शामिल होते हैं।

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक वातावरण में बढ़ रहा वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी समस्यादायक स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे रेसपिरेटरी, न्यूरोबिहेवियरल, कार्डियोवैस्कुलर तथा इम्यून सिस्टम से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट शिकागो (ईपीआईसी) के निदेशक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल ग्रीनस्टोन तथा उनकी टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन के बाद कुछ समय पहले कहा जा चुका है कि भारत की कुल आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जगहों पर रहता है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण का औसत स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से ज्यादा है। देश में करीब 84 फीसदी व्यक्ति ऐसी स्थानों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर भारत द्वारा तय मानकों से अधिक है और भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है।

चूंकि वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव शरीर पर इतना घातक होता है कि सिर के बालों से लेकर पैरों के नाखून तक इसकी जद में होते हैं, इसीलिए शिकागो विश्वविद्यालय के माइकल ग्रीनस्टोन कहते हैं कि वायु प्रदूषण पर अब गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों-अरबों लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ जीवन जीने का हक मिल सके।

> **दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा-सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है कि वैज्ञानिक अब दिल्ली में साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है।**

# तेल की तलब व पश्चिम एशिया का संकट

**सात** अक्टूबर 2023 को 'हमास' द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर हमले और करीब 200 यहूदियों को बंधक बना लिए जाने के बाद से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है। दोनों ही तरफ के हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हिंसा का शिकार होने वालों का होता है, चाहे वे सैनिक हों या नागरिक। अमरीका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई पश्चिमी देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। यहां तक कि हमास के हमले के कुछ ही घंटों बाद, भारत ने उसका समर्थन कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लगा दिए, लेकिन इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने जरा भी देरी नहीं की। पूरे मामले में अपराधी बताया जाने वाला हमास (इस्लामी प्रतिरोध आन्दोलन) सन् 1987 में गठित फिलिस्तीनियों की एक सशर्स संस्था और मुख्य पार्टी है। इसके सशस्त्र विभाग का गठन 1992 में हुआ था। इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, लेकिन साथ ही यह भी स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमरीका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं, हालांकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की है। कई यहूदियों ने भी पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की कड़ी आलोचना की है। जहां तक भारत का सवाल है, उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित रही हैं। गांधी जी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड अंग्रेजों का और फ्रांस फ्रांसीसियों का है।' उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाइयों के हाथों यहूदियों ने प्रताडऩा भोगी है, मगर इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें मुआवजा देने के लिए फिलिस्तीनियों से उनकी जमीन छीन ली जाए। यहूदी यूरोप में व्याप्त यहूदी-विरोधवाद के शिकार रहे हैं। यहूदियों के प्रति ईसाइयों के बैरभाव के कई कारणों में से एक यह है कि ऐसा माना जाता है कि ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने के लिए यहूदी जिम्मेदार थे। आगे चलकर व्यापारिक होड़ के कारण यह बैर और बढ़ा। यहूदी-विरोधवाद का सबसे क्रूर और सबसे हिंसक पैरोकार था एडोल्फ हिटलर, जिसने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया था। अकेले गैस चैम्बरों में 60 लाख यहूदी मारे गए थे। यूरोप में यहूदियों को कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता था। इसी के नतीजे में 'जोयनिज्म' या 'यहूदीवाद' का जन्म हुआ। थियोडोर हट्रसजल ने 'दि ज्यूइश स्टेट' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी और इस मुद्दे पर स्विट्जरलैंड में कुछ यहूदियों की बैठक हुई। 'ओल्ड टेस्टामेंट' के हवाले से उन्होंने घोषणा की कि फिलिस्तीन की भूमि यहूदियों की है। उनका नारा था, 'भूमि-विहीन मानवों (यहूदियों) के लिए मानव-विहीन भूमि (फिलिस्तीन)।' जाहिर है, यह नारा उस भूमि पर 1000 साल से रह रहे उन फिलिस्तीनियों के साथ बेरहमी करने का आह्वान था जो केवल मुसलमान नहीं थे। उनमें से 86 फीसदी मुसलमान, 10 फीसदी ईसाई और 4 फीसदी यहूदी थे। बहरहाल एक 'ज्यूइश नेशनल फण्ड' स्थापित किया गया और दुनिया भर से यहूदी फिलिस्तीन आकर वहां जमीन खरीदने लगे। शुरुआत में अधिकांश यहूदी भी यहूदीवाद के खिलाफ थे। जो यहूदी फिलिस्तीन में बसे, उनसे कहा गया कि वे अपनी जमीन न तो किसी अरब को किराये पर दें और न किसी अरब को बेचें। उनका इरादा साफ था- धीरे-धीरे फिलिस्तीन पर कब्जा जमाते जाओ। यहूदियों की संख्या बढ़ती गयी, फिर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते के अंतर्गत फिलिस्तीन का शासन इंग्लैंड के हाथ में आ गया और वहां की आतंरिक समस्याएं बढने लगीं। सन 1917 में इंग्लैंड ने 'बेलफोर घोषणापत्र' जारी कर 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए गृहराष्ट्र की स्थापना' का समर्थन किया। इस तरह फिलिस्तीन की समस्या की जड़ में ब्रिटिश उपनिवेशवाद है। यहूदी लेखक आर्थर केस्लेर ने 'बेलफोर घोषणापत्र' के बारे में लिखा, 'इससे विचित्र दस्तावेज दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था।' अमरीकी-इजराइली इतिहासवेत्ता मार्टिन क्रेमर के अनुसार, 'यह दस्तावेज संकीर्ण और तरह-तरह के प्रतिबंधों पर आधारित राजनैतिक यहूदीवाद की ओर पहला कदम था।' अरब लोगों ने 1936 के बाद से इस घुसपैठ का प्रतिरोध करना शुरू किया, परन्तु उसे ब्रिटेन ने कुचल दिया। हिटलर द्वारा यहूदियों की प्रताडऩा के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद यहूदी और बड़ी संख्या में यहां बसने लगे। यह दिलचस्प है कि यूरोप के देशों और अमरीका ने यहूदियों को उनके देश में बसने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं किया। कुछ वक्त बाद फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया- फिलिस्तीन और इजराइल, और यह तय हुआ कि येरुशलम और बेथलेहम को अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण में रखा जाएगा। जमीन का यह बंटवारा अरबों के हितों के खिलाफ था। लगभग 30 प्रतिशत यहूदी, जो सात प्रतिशत जमीन पर रह रहे थे, को 55 प्रतिशत जमीन दे दी गयी और फिलिस्तीनियों को केवल 45 प्रतिशत। फिलिस्तीनियों ने इस निर्णय को 'अल-नकबा' (तबाही) कहा। इजराइल को अमरीका और ब्रिटेन का पूरा समर्थन मिला। युद्धों के जरिये वह धीरे-धीरे अपने कब्जे की जमीन का विस्तार करता गया और आज स्थिति यह है कि वह मूल फिलिस्तीन की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा जमीन पर काबिज है। फिलिस्तीनी अपनी ही जमीन पर शरणार्थी बन गए हैं और आज 15 लाख फिलिस्तीनी सुविधा-विहीन कैम्पों में रहने पर मजबूर हैं। शुरुआती विस्थापनों में से एक में 14 लाख फिलिस्तीनियों को अपने घर-बार छोडऩे पड़े थे।

> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लगा दिए, लेकिन इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने जरा भी देरी नहीं की। पूरे मामले में अपराधी बताया जाने वाला हमास (इस्लामी प्रतिरोध आन्दोलन) सन् 1987 में गठित फिलिस्तीनियों की एक सशर्स संस्था और मुख्य पार्टी है। इसके सशस्त्र विभाग का गठन 1992 में हुआ था। इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, लेकिन साथ ही यह भी स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमरीका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं, हालांकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की है। कई यहूदियों ने भी पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की कड़ी आलोचना की है।**

## दृष्टिकोण

# 'डबल इंजन सरकार' की विफलता का सबब है मणिपुर की हिंसा

**बीते** पखवाड़े दो खबरें सुर्खियों में थीं : विश्व कप क्रिकेट के मैच और गाजा में इस्राइल की निरंकुश बमबारी। इनमें से पहली या दूसरी खबर के प्रति हमारे आकर्षण का ही नतीजा रहा कि एक दुखद घटनाक्रम से जुड़ी तिथि हमारे अनजाने ही निकल गई : मणिपुर हिंसा के छह महीने बीत गए। मणिपर में हिंसा शुरू होने के कुछ महीने बाद मैंने द टेलीग्राफ में लिखा था, और एक वेबसाइट को इंटरव्यू देते हुए भी कहा था कि हमें इस हिंसा की गंभीरता समझनी चाहिए। अपने इस कॉलम में मैं मणिपुर संकट पर, शायद व्यर्थ ही, ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा, जो सातवें महीने में प्रवेश कर चुका है। मणिपुर के प्रति मेरी उत्सुकता शुरुआत में एक इतिहासकार की उत्सुकता थी कि 1949 में स्वतंत्र भारत का हिस्सा बनने के बाद से उसकी अब तक की यात्रा कैसी रही है। मणिपुर के प्रति मेरी रुचि कुछ साल पहले उस राज्य की यात्रा करने पर बढ़ी, जब मैं उसके प्राकृतिक सौंदर्य, संगीत और नृत्य की उसकी समृद्ध परंपरा, वहां की स्त्रियों की स्वतंत्रता और तीन मुख्य नस्लीय समूहों- मैतेई, नगा कुकी और कुकी के एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धी संबंधों के बारे में देख-जानकर दंग रह गया। इतिहासकार और पर्यटक, दोनों ही भूमिकाओं में मैं मणिपुर में व्याप्त तनावों को देख पाया था, लेकिन वहां का मौजूदा संकट न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि सोचा भी नहीं गया था कि संकट यह रूप लेगा। पिछले कुछ महीनों से मैतेई और कुकी उग्रवादी एक दूसरे से दुश्मनों की तरह पेश आ रहे हैं। वहां जो हिंसा हुई, उसे ऑनलाइन और भी भीषण रूप दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, गोदी मीडिया ने मणिपुर हिंसा के ब्योरों को छिपाया और उनकी अनदेखी की। सौभाग्य से कुछ स्वतंत्र वेबसाइटों ने हमें बताया कि वहां वास्तव में हो क्या रहा है। मैंने भी वहां रहने वाले अपने सहयोगियों के संपर्क में रहते हुए उनसे लगातार बातचीत की। मेरा यह विश्लेषण इन्हीं सबूतों के आधार पर है। ऐसा नहीं है कि मई, 2023 से पहले राज्य में मैतेई और कुकी सौहार्दपूर्ण तरीके से रहते थे। उनका धर्म अलग है, ज्यादातर कुकी ईसाई हैं, जबकि अधिसंख्य मैतेई हिंदू हैं। कुकी पहाड़ों में रहते हैं, जबकि मैतेई का इंफाल घाटी में वर्चस्व है।

## देश दुनीया से

# सत्तर घंटे काम में बुराई क्या है?

**हाल** में इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने एक पॉडकास्ट के दौरान यह विचार क्या व्यक्त कर दिया कि देश के उत्थान के लिए युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने को तत्पर रहना चाहिए, कि बवाल हो गया। वामपंथी-उदारवादी, कॉरपोरेट जगत के लोग, यहां तक कि अध्यापकगण भी उन पर टूट पड़े। वामपंथियों का कहना था कि यह तो कर्मचारियों का शोषण होगा, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। कॉरपोरेट जगत के लोगों ने कहा कि देश को आगे ले जाना है, तो उद्योगों में ज्यादा पूंजी निवेश और उच्च तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। किसी का कहना था कि अब तो कृत्रिम मेधा का जमाना है, ऐसे में, चैटजीपीटी से काम करवाना चाहिए, न कि मनुष्यों से। एक उपन्यासकार का कहना था कि पैंतीस घंटे में भी सत्तर घंटे से ज्यादा काम किया जा सकता है। सबसे विचित्र टिप्पणी एक पूर्व प्रोफेसर की थी। उन्होंने कहा कि नारायणमूर्ति तो मात्र आर्थिक समृद्धि के उद्देश्य से काम, काम और अधिक काम की बात कर रहे हैं, जबकि हमें अच्छा और सार्थक जीवन जीने की आवश्यकता है। अच्छे और सार्थक जीवन से उनका तात्पर्य था कि हमारे पास खाली समय होना चाहिए, जिसमें हम अपने को जान सकें, डूबते सूरज के सौंदर्य को देखते हुए विन्सेंट वॉन गॉग को याद कर सकें, या किसी पीले फूल पर मंडराती तितली को देखकर ध्यानमग्न हो सकें। ऐसे लोग भूल रहे हैं कि जो भी आदमी नौकरी करता है, अपनी मर्जी से करता है, भले वह नौकरी करना उसकी विवशता ही क्यों न हो। नौकरी कर लेने के बाद उसका काम के बोझ संबंधी शिकायत करना अनैतिक है और नियम विरुद्ध भी। आपको किसी ने बंदूक दिखाकर नौकरी करने के लिए बाध्य तो नहीं किया था। नारायणमूर्ति की आलोचना करने के दुराग्रह में ऐसे लोग दो और बातों की अनदेखी कर रहे हैं। पहली यह कि देश में रोजगार मिलना इतना कठिन है कि अधिकतर युवा जो काम मिल जाए, वही करने को तैयार रहते हैं। अपने लंबे सेवाकाल में मैंने हजारों युवाओं से बात की है। सबका यही कहना था कि उन पर जिम्मेदारियां हैं और वे विदेशों की भांति ऐसी नौकरी की प्रतीक्षा में घर पर बेकार बैठे नहीं रह सकते, जिसमें उन्हें काम से संतुष्टि प्राप्त हो। उनकी पहली प्राथमिकता पेट में रोटी के लिए पैसे कमाने की है। दूसरी बात यह कि अच्छे संस्थानों से इंजीनियरिंग/एमबीए आदि किए हुए जो युवा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अच्छी नौकरी पा जाते हैं, उनका सारा फोकस इस पर होता है कि उन्हें कितना मोटा पैकेज मिल रहा है। आजकल बहुराष्ट्रीय कंपनियां जितनी मोटी तनख्वाह दे सकती हैं, उतनी सरकार में सर्वोच्च पदों पर भी नहीं मिलती।

> **वामपंथी-उदारवादी, कॉरपोरेट जगत के लोग, यहां तक कि अध्यापकगण भी उन पर टूट पड़े। वामपंथियों का कहना था कि यह तो कर्मचारियों का शोषण होगा, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। कॉरपोरेट जगत के लोगों ने कहा कि देश को आगे ले जाना है, तो उद्योगों में ज्यादा पूंजी निवेश और उच्च तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। किसी का कहना था कि अब तो कृत्रिम मेधा का जमाना है, ऐसे में, चैटजीपीटी से काम करवाना चाहिए, न कि मनुष्यों से। एक उपन्यासकार का कहना था कि पैंतीस घंटे में भी सत्तर घंटे से ज्यादा काम किया जा सकता है। सबसे विचित्र टिप्पणी एक पूर्व प्रोफेसर की थी। उन्होंने कहा कि नारायणमूर्ति तो मात्र आर्थिक समृद्धि के उद्देश्य से काम, काम और अधिक काम की बात कर रहे हैं, जबकि हमें अच्छा और सार्थक जीवन जीने की आवश्यकता है।**

# ढेवो गांव में मनी काली दिपावली, दीपक जलने के बजाय दो घरों का बुझा चिराग, तीन की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज ढेवों गांव में तीन युवकों की हुई मौत हो गयी है।जबकि दो की सड़क दुर्घटना में और एक की घटना की खबर सुनकर हार्ट अटैक से मौत हो गयी है। हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेवों गांव में बीते रविवार यानी दीपावली के दिन एक दिल दहलाने वाली घटना घटी है। एक ओर जहां पूरा प्रखंड दीपावली की जश्न में खुशियां मना रहे थें। तो वही ढेबों गांव में तीन युवकों की अर्थियां सजाई जा रही थी। इस हृदय विदारक घटना से पूरा गांव में मातम का माहौल बना हुआ था। तीनों युवको का शव एक ही घाट पर दाह संस्कार किया किया गया। घटना दीपावली के दिन की है। जानकारी के अनुसार दीपावली के एक दिन पूर्व यानी शनिवार की रात तीन युवक क्रमशः महेश कुमार18 वर्ष पिता महेन्द्र यादव एवं सचिन कुमार18 वर्ष पिता बंगाली यादव तथा जुगल यादव 18 वर्ष पिता मोहन यादव एक ही




बाइक से डोभी नाच देखने जा रहे थें। इसी दौरान विहार के डोभी थाना अंतर्गत बहेरा गांव के समीप एनएच 22 पर हाईवा ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे तीनों युवक बीच सड़क पर गिर गए। गिरने के बाद महेश यादव की मौत घटनास्थल पर हो गया। जबकि सचिन कुमार की मौत गया मगध मेडिकल कॉलेज पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही हो गया। वही जुगल यादव की स्थिति ठीक बताई जा रही है। इसकी जानकारी घायल युगल यादव के द्वारा रात में ही परिजनों को दिया गया। इसके बाद सभी के परिजन आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। तीसरे युवक सौरभ कुमार को इस घटना की खबर सुनते ही स्थिति बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर गया। जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेश एवं सचिन माता- पिता का एकलौता पुत्र थें। जबकि सौरभ दो भाइयों में सबसे छोटा था। इस घटना से दो घरों में चिराग बुझ गया। मृतक महेश गया कॉलेज गया में इंटर का छात्र था। जबकि सचिन एवं सौरव औरुगेरुआ प्लस टू उच्च विद्यालय में इंटर का छात्र था।

# ओकिया ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के ओकिया ग्राम में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजयुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष यादव ने अंगवस्त्र पहनाकर माननीय मुख्य अतिथि गंगेस्वर यादव का भव्य स्वागत किया। इस दौरान बिहार के आरा जिला से आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत की। कार्यक्रम को लोगों ने खूब लुफ्त उठाए। मौके पर मुख्यातिथि भाजपा युवा प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वरी यादव के अलावे लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष यादव, सचिव दीपेश यादव, उपाध्यक्ष सतेंद्र साव, उप सचिव आशुतोष पाठक, कोषाध्यक्ष सुनील यादव, सदस्य प्रमोद साव, विनय यादव, आकाश साहू, सत्यदेव पाठक, संजय साव, विश्वनाथ यादव, बरहमदेव यादव, आदित्य गोप, विनय यादव, कौशल यादव, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेटी ने खाइ जहर, प्रताड़ित करने वाला पिता गया जेल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के इचाक गांव से मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार के सुबह एक छात्रा ने बिषपान कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लिया। जिसे लेकर लड़की पिता मुकुंद सिंह को सोमवार को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। बता दें की गिद्धौर थाना कांड संख्या 80/23 में मामला दर्ज किया गया है। इससे संबंधित पूरी घटना इस तरह से है। घटना होने से पूर्व लड़की ने गांव में कई लोगो से अपने शादी रोकने के लिए गुहार लगाई थी। इतना ही नहीं लड़की ने 100 नंबर पर डायल कर अपनी पूरे वृतांत प्रसाशन को बताई थी। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने त्वरित करवाई कर उनके परिजन को समझाए भी थे। परंतु सब असफल हो गई। इस मामले को प्रशासन ने छान बिन करते हुए लड़की के पिता से पूछताछ कीया। तो प्रशासन को लगा कि लड़की के पिता के द्वारा लड़की को काफी ज्यादा प्रताड़ित किया गया है। इचाक गांव निवासी मकुंद सिंह की 14 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी ने अपने शादी का विरोध की थी। इसलिए की लड़की का शादी उससे दो गुना से भी ज्यादा उम्र के लड़का साथ सेट किया जा रहा था। जो इटखोरी थाना के बड़गांव निवासी सहदेव सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ तय हुआ था। सुरेंद्र सिंह हैदराबाद में पोकलेन चलाने का कार्य करते थे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कार्यवाही करते हुए लड़की के पिता को जेल भेज दिया है।

## बलात्कार के फरार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 78/23 के तहत दर्ज मामला में फरार चल रहा बलात्कारी स्व. सलामत मियां के पुत्र इसराइल मियां ग्राम बरटा थाना गिद्धौर निवासी को इसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। मृतका के पुत्र दशरथ भुइंया के लिखित आवेदन के अनुसार मामला दर्ज किया गया था। इसके प्रति बलात्कार कर हत्या कर साक्ष्य को छिपाने को लेकर धारा 376, 302, 201 के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्य थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में किया गया है।

## कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन घायल, स्थिति नाजुक

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार से टंडवा आने वाली मुख्य मार्ग के कल्याणपुर समीप पुल के पास चार चक्का वाहन तथा पल्सर मोटरसाइकिल के बीच हुई भारी टक्कर में तीन घायल हो गए। जिसमें मोटरसाइकिल चालक कल्याणपुर निवासी विकास उराँव बुरी तरह घायल जिनका स्थिति नाजुक है। वहीं टंडवा प्रमुख रीना कुमारी का भतीजा बतया जा रहा है। बाकी अन्य का पहचान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि चार चक्का वाहन में चार लोग सावर थे तथा पल्सर मोटरसाइकिल में दो लोग जिसमें से सभी की स्थिति नाजुक बतया जा रहा है। इन दोनों वाहनों की भीषण टक्कर से एक व्यक्ति पुल के नीचे गिरा हुआ पाया गया।मौके पर कल्याणपुर के ग्रमीणों के द्वारा मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया है या घटना एक घंटे पहिले होने कि खबर है।

## भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया दीपावली का त्यौहार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड में दीपावली का त्योहार शांति पूर्ण एवं भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर लोगो ने अपने अपने घर तथा दुकान का साफ सफाई कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। शाम होते ही लोग अपने घर में घी के दिए मोमबत्ती आदि जला कर तथा रंगोली बनाकर पूजा पाठ कर दीपावली का त्योहार मनाया। इस दौरान बच्चों ने जमकर पठाका छोड़ा। लोग अपने अपने गांव टोला में जुआ खेल कर अपना भाग्य भी आजमाया। वही प्रखंड के गिद्धौर गुरवाहि गांगपुर में लक्ष्मी माता का पूजा अर्चना किया गया।

# सोहराय के अवसर पर जमीरा में जतरा मेला का आयोजन

### झारखंडी संस्कृति की पहचान है जतरा मेला : मुखिया दुर्गावती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के विभिन्न गांवों कस्बों में दीपावली के बाद सोहराय के अवसर पर जतरा मेला लगने का सिलसिला शुरू हो गया है।जमीरा गांव में सोमवार को सोहराय पर्व के अवसर पर लगने वाले जतरा मेला का उद्धघाटन जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर कर किया गया। मेले में सांस्कृतिक नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा मेले में रोल, दूबी, तुरूवा, महुआमिलान आदि गांव का खोड़ा ने भाग लिया। इस दौरान मेले में लोगों की भारी भीड़ देखी गई।मेले को संबोधित करते हुए मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि इस प्रकार



के आयोजन से क्षेत्र में एकरूपता आती है लोगों के बीच प्रेम व भाई चारे का आदान प्रदान होता है मेला झारखंडी संस्कृति की पहचान है जिसे संजोय कर रखना हम सब की जिम्मेवारी है। मौके पर झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, पंसस अनिरुद्ध कुजूर, रामपाल उंराव, डब्लु प्रजापति, कुशेश्वर याद आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# घर घर जले दीप, जगमग रौशनी के बीच हुई माता लक्ष्मी की पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में दीपों का त्योहार दीपावली धूमधाम से मनाई गई। जिले भर में लोगों ने अपने घरों को दीए से रौशन किया। घी के दिए व रुई की बाती से अंधेरा दूर हुआ और चहु ओर प्रकाश फैला। रविवार को को जैसे ही सूर्य की रोशनी मध्यम पड़ी, हर तरफ दिए की लौ जगमगा उठी। लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों को झालर , रंग बिरंगे बल्ब व मिट्टी से बने दीए से रौशन किया। **भक्ति भाव से की गई गणेश लक्ष्मी की पूजा :** दीपावली पर लोगों ने दीए जलाकर अंधेरा दूर किया और माता लक्ष्मी व गणेश की पूजा अर्चना कर ईश्वर से धन-धान्य की कामना की। पहले लोगों ने घरों व प्रतिष्ठानों को रौशन किया



और फिर पूजा अर्चना की। पूजा-पाठ का कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। इस दौरान लोगों ने अपने घरों में रंगबिरंगी रंगोली बनाई और लक्ष्मी का आह्वान किया। दीपावली पर्व पर जमकर आतिशबाजी भी हुई। फूलड़ियां जलाई गई और खूब पटाखे छोड़े गए। पटाखों से रात भर शहर गुलजार रहा। **खूब बिकी मिठाईयां :** शहर में दीपावली पर मिठाईयां खूब बिकी। प्रायः सभी होटलों में मिठाईयों की वेराईटी तैयार की गई थी। इसके बावजूद रविवार की शाम होते-होते सभी होटलों की मिठाईयां बिक चुकी थी। बाजार में घी के लड्डू का डिमांड सबसे अधिक था। घी का लड्डू आठ सौ रुपए किलो तक चतरा शहर में बिका है।

## हंटरगंज के हटवारिया में दीपावली के दिए ने पांच दुकानों को जलाकर किया खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के कौलेश्वरी के हटवारिया स्थित दीपावली की रात्रि दिया से आग लग गई जिस से मनहारी की पांच दुकान जलकर राख हो गई है। रात में क्षेत्र के कुछ लोगों ने दुकान से आगे निकलते देख कर कुछ ग्रामीण आ गए और आग बुझाने का प्रयास किए परंतु आग की लपट काफी तेज रहने के कारण पांच दुकान जलाकर राख हो गया। दुकान बहेरी गांव के विजय चौधरी, अनिल चौधरी, उमेश चौधरी, सुरेश चौधरी एवं मसोमत फूल कुमारी की दुकानें बताई जा रही है। दुकान में रखें लाखों का सामान जल कर राख हो गया दुकान में आग लग जाने से दुकानदारों के बीच समस्या उत्पन्न हो गई है। इन लोगों के द्वारा अंचल कार्यालय एवं थाना में क्षतिपूर्ति को लेकर आवेदन दे कर आर्थिक सहयोग का गुहार लगाया गया है।

## दीपावली के अवसर पर सिकीदाग पंचायत वासियों को मुखिया ने दी सौगात

### मुखिया ने पीसीसी पथ व चबूतरा का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सिकीदाग पंचायत के मुखिया अनिता देवी ने दीपावली के अवसर पर सिकीदाग पंचायत के सरजामातु के लोगों को सौगात भेंट की है। सिकीदाग मुखिया अनिता देवी ने रविवार को सरजामातु में पीसीसी पथ व चबूतरा का फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। स्थानीय लोगों के मांग पर 15 वें वित्त आयोग से 2 लाख निन्यानवें हजार की लागत से पीसीसी पथ व 1 लाख चौंसठ हजार की लागत से चबूतरे का निर्माण कराया गया है। मुखिया अनिता देवी ने कहा की कई मौके पर सार्वजनिक कार्यक्रम या सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाने को लेकर लोगों को दिक्कत होती थी चबूतरे के निर्माण होने के बाद लोगों को सहूलियत मिलेगी।लोगों ने मुखिया के प्रति आभार जताया है। मौके पर समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव, बारो देवी, विमलेश कुमार, सुरेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, पिंटू कुमार, भोला, राहुल आदि उपस्थित थे।

## महुआडांड : हर्ष, उल्लास और प्रकाश का पावन पर्व दीपावली संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड :** हर्ष, उल्लास और प्रकाश का पावन पर्व दीपावली का त्योहार पूरे प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दीपावली को लेकर लोगों ने अपने अपने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक ढंग से सजावट कर पुरे वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच माँ लक्ष्मी एवं विध्न हर्ता गणेश की पुजा कर अपने व अपने पुरे परिवार के लिए सुख ,समृद्धि, शांति, ऐशवर्य और सौहार्द सभी के जीवन में भरे रहने की प्रार्थना की। साथ ही पारंपरिक तरीके से घरों में मिट्टी के दीये जलाए। शाम से ही रोशनी की सुंदर छटा जब बिखरी तो पूरा प्रखंड चकाचौंध हो गया। वही बच्चों व बड़ो ने भी इस मौके पर फुलझड़िया और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। **खूब हुई मिठाई की बिक्री :** दीपावली पर्व को लेकर मिष्ठान भंडारों में मिठाई की काफी बिक्री हुई। लोग अपने घरों में जीवन भर की मिठास लाने के लिए मिठाई खरीदे और एक दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी साथ ही घरों में



लक्ष्मी व गणेश के पूजन के लिए घी के लड्डू खरीद कर प्रसाद चढ़ाए। पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद का वितरण कर जीवन में सुख समृद्धि की कामना की गई। **घर-घर बनी रंगोली :** दीपावली पर्व को लेकर सभी घरों में लक्ष्मी के आगमन को लेकर रंगोली का निर्माण किया गया। बच्चियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगोली का निर्माण किया गया था। शाम में जब बनाए गए रंगोली में दीप जलाई गई तो रंगोली अपनी रंगत में आ गई।

## छठ व्रतियों के लिए सामग्री का किया जाएगा वितरण

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय दुर्गाबाड़ी परिसर मे महापर्व छठ पूजा को लेकर महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर इस वर्ष भी आगामी 14 नवम्बर दिन मंगलवार से छठ व्रतीयों के लिए लागत राशि पर व गरीब तबके के लोगों के लिए फ्री मे छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। इसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के द्वारा फीता काटकर किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि यदि कोई छठव्रती की आर्थिक स्थिति ठीक नही है, या कोई निःशुल्क मे सामग्री प्राप्त करना चाहते है तो उन्हे भी हिन्दू महासभा सामग्री उपलब्ध करा रही है साथ ही प्रत्येक वर्ष के भांति इस बार भी जायसवाल समाज की ओर से दुर्गा बाड़ी परिसर में गेहूँ, तेली समाज की ओर से गुड़, भोला सोनी एवं राजेश सोनी की ओर से चावल तथा सत्येन्द्र प्रसाद व उषा देवी की ओर से सुप का वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा।हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सभी छठव्रती से आग्रह किया है कि वे स्थानीय दुर्गा बाडी परिसर से सामग्री प्राप्त कर सकते है। छठ व्रतीयों के लिए धोती साडी कपड़ा भी उपलब्ध कराया गया है।

## लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ पंचायत के बगदेगाव टोला में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर कमेटी के लोगों के द्वारा मेला का भी आयोजन की गई थी मेला मे दूर दराज से लोग मेला का आनंद लेते हुए देखे गए मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने लोगों को मंच के माध्यम से कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि शांति बनाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठावें भोजपुरी के क्षेत्रीय मशहूर कलाकार दिनेश कुमार मोहक नित्यांगना नीतू, माही के द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। सुरक्षा के ख्याल से मनिका पुलिस प्रशासन मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर उपस्थित देखे गये।

## बिरसा मुंडा व आदिवासी अस्मिता के साथ धोखेबाजी और भद्दा मजाकः लालमोन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवम्बर 2023 को बिरसा मुंडा के गाँव उलीहातु (खूंटी) से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरु करने वाले हैं। इस संकल्प यात्रा को राज्य के कई जन संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा लोकतंत्र बचाओ 2024 की ओर से - अंबिका यादव, अलोका कुजूर, भाषान मानमी, दिनेश मुर्मू ,कुमार चंद्र मार्डी,लालमोहन सिंह खेरवार, मेरी निशा हंसदा ,मंथन, पकू टुडु,रमेश जेराई, रेशमी देवी, सिराज दत्ता समेत सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुरजोर विरोध किया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि यह सरकारी उपलब्धियों को बताने का अभियान है।असल में यह भाजपा का 2024 के संसदीय चुनाव की प्रचार यात्रा है। कार्यक्रम को भाजपाई रंग देने के लिए सरकारी अधिकारियों को रथ प्रभारी का नाम दिया गया था।जन दबाव के बाद उन्हें नोडल पदाधिकारी का नाम वापस दिया गया। यह यात्रा और कुछ नहीं, मोदी की छवि चमकाने के लिए पैसे की बर्बादी है, प्रधानमंत्री द्वारा यह यात्रा जानबूझकर झारखंड से वह भी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से शुरू की जा रही है। बिरसा आदिवासियों के राष्ट्रीय नायक हैं। इस महानायक को दिखावटी सम्मान देकर वे आदिवासियों को अपनी ओर आकर्षित करने की फिर से नयी चाल चल रहे हैं। इस यात्रा के जरिये वे झारखंड में फिर से ज्यादा से ज्यादा संसदीय सीटों को जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को उलीहातु से इस यात्रा के शुभारंभ का नैतिक हक ही नहीं है। वे आदिवासियों की स्वतंत्र पहचान मान्य ही नहीं करते हैं । उन्हें वनवासी नाम में समेट देते हैं। वे स्वतंत्र आदिवासी धर्म और संस्कृति को सनातन धर्म में शामिल कहकर मिटा देना चाहते हैं। वे सरना और ईसाई आदिवासी का झगड़ा लगाकर आदिवासियों की एकता और शक्ति घटाकर जाति व्यवस्था आधारित ब्राह्मणवाद का दबदबा बनाना चाहते हैं। मोदी सरकार ने मणिपुर में आदिवासियों पर राज्य समर्थित नरसंहार होने दिया। झारखंड में भाजपा के नेता मणिपुर को उदाहरण बनाकर समुदाय व धर्म-आधारित नफरत फैलाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद भी वे जनजाति गौरव दिवस के नाम पर आदिवासियों को जुमला देने की कोशिश कर रहे हैं।

# मंत्री प्रतिनिधि, बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने ढेबो के शोकाकुल परिवार से मिलकर जताया दुःख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के ग्राम ढेबो में तीन नवयुवक दोस्तों की असामयिक निधन हृदय विदायक सूचना पर मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खां, राजद नेता अरुण यादव और प्रकाश यादव शोकाकुल परिवार से मिल कर इस दुःख की बेला में हर संभव मदद करवाने का आश्वासन दिया है। उनलोगों ने परिजनों को कहा है कि यह प्राकृतिक का साश्वित नियम है जो इस धरती पर आया है उसे जाना तय है। कोई भले ही देर सवेर परंतु जाना पड़ेगा। इस पहाड़ जैसे दुख की बेला में पुरा राजद परिवार और मानवीय मूल्यों का पुजारी आप के साथ खड़ा है। एक मानव जीवन का जो मूल्य है इंसान वही कर सकता है ईश्वर के लीला के सामने सभी मनुष्य बे बस और लाचार हैं। अनहोनी को कोई टाल नहीं सकता है। यह भी सच है कि किसी भी मनुष्य के लिए उसकी



औलाद सब से बड़ा धन हुआ करता है लेकिन परमेश्वर की मर्जी के सामने कोई कुछ नही कर सकता है। इस लिए सब्र किया जाए ईश्वर बेहतर जानने वाला है। मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव ने बताया की चतरा विधान सभा के राजद विधायक सह झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री स्त्यान्नद भोगता एक दो दिन में ढेबो गांव आकार शोका कुल परिवार से मिल कर हर संभव मदद करने की बात कही है। मंत्री ने भी पर गहरा शोक व्यक्त किया है एवं घटना को काफी दुःखद हृदयविदारक बताया है। उनलोगों की आत्मा की शांति का कामना किया गया। ज्ञात हो कि शनिवार को दो दोस्तों की मौत डोभी थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में हो गई। जबकि तीसरे दोस्त की मौत दोनों की मौत की खबर सुन हार्ट अटैक से हो इस घटना से काफी मर्माहत हुआ हूं।

### दीपावली पर ग्रामीणों का मिली सांसद की सौगात

# नए ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सलगी कुरुमडाडी में कई महीनों से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जहां ग्रामीणों के आग्रह पर सासंद सुनील सिंह द्वारा बिजली विभाग से नया ट्रांसफार्मर दिया गया। जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उद्घाटन किया। ट्रांसफार्मर उद्घाटन होते हीं ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी वहीं गांव अंधेरे से उजाले में तब्दील हो गयी। सांसद सुनील सिंह द्वारा नया ट्रांसफार्मर देने पर सासंद के प्रति आभार जताया है। चुकी गांव दो माह से अंधेरे में तब्दील था। ग्रामीण विभाग के कई चक्कर लगा लगा थक चुके थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रवींद्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित सिंह, नारायण सिंह, प्रिंस कुमार, बैजू सिंह, राजदीप सिंह, संतोष सिंह, पप्पू कुमार के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग कटकमदाग थाना क्षेत्र के बेस पंचायत की मजदूर की सिरसी डामोडीह में संदेहास्पद मौत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटकमदाग थाना क्षेत्र के बेस पंचायत के हारम कुरलूंगा निवासी मंटू तुर्की की कटकमदाग के ही सिरसी डामोडीह में संदेहास्पद मृत्यु हो गई है !तो वही परिजन करंट लगा कर मार देने का भी आरोप लगा रहे है । मृतक की पत्नी ने मीना लिंडा ने बताया कि वह डामोडीह निवासी मुबारक मिया के घर एक महीने से काम किया था !जिसकी मजदूरी मांगने वह ठेकेदार मुबारक मिया के घर गया था ! परंतु वहा से खबर आया की बिजली की तार के चपेट में आने से उसकी मृत्य हो गई है । पत्नी ने करंट लगा कर मार देने का आरोप लगाया है । मृतक के परिजनों ने कटकमदाग थाना में प्राथमिककी दर्ज भी कराया है !इसकी खबर कांग्रेस के नेता मुन्ना सिंह को लगी तो वह शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तथा उन्हीं के पहल के पश्चात पोस्टमार्टम किया गया ! तत्पश्चात अंतिम संस्कार के लिए गांव भेजा गया !वही उन्होंने प्रशासन से न्यायिक जांच कर उचित करवाई की मांग किये है !तथा लेबर ऑफिस से एवम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से बात कर मदद करने का आश्वासन दिये ! वही राष्ट्र आदिवासी छात्र संघ महासचिव विक्की कुमार धान ने आदिवासी मूलवासी के सरकार होने पर भी असुरक्षित महसूस करने के बात कहे !दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की प्रशासन से मांग किये !परिवार वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे है ! क्युकी मंटू तुर्की घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था ! तथा अपने पीछे 2 छोटे बच्चे छोड़ कर दुनिया से चल बसा है. !जिसमें बेस पंचायत के ग्रामीण दुःख व्यक्त किये।

### विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने गांवों के बच्चों संग बांटी दीपावली की खुशियां

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जहां अभी भी अंधेरा है, वहां प्रकाश फैलाइये, जरूरतमंदों के दिल में दीया जलाइये...। हमारी दीवाली तभी सफल होगी, जब हम इस साल किसी जरूरतमंद की दीवाली में खुशियां भर सकेंगे। ऐसे जगह जहां अंधेरा हैं उसे रौशन कर सकेंगे। उक्त बातें सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि हमने एक प्रयास किया दीपावली पूर्व शहीद स्मारक को रोशन कर अमर जवानों की शहादत को याद करने की। विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और डीआरडीएस के सचिव सह युवा समाजसेवी सुनिल कुमार ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड स्थित डाड़ी घाघर पंचायत अवस्थित आदिवासी बाहुल्य गांव फुफंदी पहुंचकर दीपावली के अवसर पर पर जरूरतमंद मासूम बच्चों के बीच पंहुचकर उनके चेहरे की मुस्कान बनने की कोशिश की। रंजन ने बताया कि यहां हमारे पहुंचने की आहट मात्र से ही मासूम बच्चों की टोली हमारी ओर आशा भरी निगाहों से दौड़ पड़े। जब बच्चे हमारे पास आये तो हमने दीपावली के त्यौहार के महत्व से उन्हें अवगत कराया और अपनी सक्षमता के अनुरूप उन्हें खुशियों की सौगात भेंट की। रंजन चौधरी ने कहा कि हमें इन बच्चों के बीच जाकर बड़ा ही आत्मीय सुकून मिला। रंजन ने कहा कि अपनी सक्षमता के अनुरूप समाज के ऐसे जरूरतमंद लोगों की खोज कर उन तक अपनी शक्ति अनुरूप दीपावली भेंट जरूर पहुंचायें। फिर जो खुशी आपको महसूस होगी, उससे ईश्वर से साक्षात्कार का अनुभव होगा। युवा समाजसेवी सुनिल कुमार ने बताया की दीपावली की खुशियां सुदूरवर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों के बीच बांट पाना हमारा सौभाग्य है। गांव के बच्चे मिठाई और आतिशबाजी के सामग्री पाकर अंतर्मन से खुश हुए और उनके चेहरे खिल उठे। बच्चों ने खुशी से झूमते हुए विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि और युवा समाजसेवी सुनिल कुमार का आभार जताया और उन्हें हैप्पी दीपावली कही । जरूरतमंद बच्चों के दीपावली की खुशियां बांटकर लौटने के बाद विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी एचएचसीएच पहुंचे और अपने दैनिक दिनचर्या को जारी रखते हुए अज्ञानता की वजह से आतिशबाजी के दौरान जख्मी हुए दर्जनों घायलों का कुशलक्षेम जाना और अस्पताल के आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर में दीवाली की रात्रि को सेवारत स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिस कर्मियों से मिलकर उनके जज्बे को सलाम किया ।

### अंधकार पर प्रकाश के विजय का महापर्व है दीपावली : पूर्व विधायक

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीपोत्सव के महापर्व दीपावली शुभ अवसर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों, राज्य तथा देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दिए।इस अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बरकट्ठा प्रखंड़ के पंचायत बरकनगांगो के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय युवाओं द्वारा किया गया।पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं डॉ0भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माला पहनाकर उन्हें नमन किया तत्पश्चात एक दीया शहीदों के नाम युवाओं और ग्रामवासियों के साथ जलाये। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि हम सब आज दीपावली पर्व के पावन अवसर पर एक दीया जलाये, यह दीया उन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जो देश के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। इस तरह के कार्यक्रम समाज में देश प्रेम की भावना को बढ़ाती हैं। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, फौजी दिलीप सिंह,युवा नेता रामविलास यादव, रतन पासवान,रवि पासवान,उप मुखिया दुलारचंद पासवान, दीपक पासवान,रामचंद्र सिंह, गंगाधर महतो,अजय यादव, बीरेंद्र यादव,मथुरा यादव, गुलजार अंसारी,साबिर अंसारी,उमेश राम, मनोज यादव, सुजात अली, रामेश्वर यादव, विजय सिंह, महादेव यादव, महेंद्र राणा, बीरेंद्र राणा, महबूब अंसारी, किशोर पासवान, राजकुमार पासवान, देवनंदन पासवान, महेश पासवान, भीम पासवान, राजेश पंडित, मुकेश पंडित सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### बेलकप्पी मोड़ पर मार्बल दुकान का उद्घाटन

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी स्थित ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम प्रवेशद्वार के सामने सत्या टाइल्स मार्बल एण्ड ग्रेनाइट थोक एवं खुदरा दुकान का उद्घाटन मुख्य रूप से समाजसेवी सी के पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय,जयराज पासवान,रिंकु माली,गिरधारी नायक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सी.के पाण्डेय ने कहा कि बेलकप्पी मोड़ पर यह दुकान खुलने से ग्रामीणों को सुविधा होगी एवं दुकान बेहतर फले फुले की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर बब्लू नायक, गौतम नायक,शेषनाथ सिंह, बबलू पासवान,सागर पवासन, आशीष पाण्डेय,हरिओम सिंह,रिंकु पासवान, सूरज नायक,सचिन पाण्डेय,दीपक रविदास,अरुण नायक, राजकुमार नायक,सिथार्थ नायक एवं कई गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहें।

### महिला ने पुलिस जवान पर मारपीट करने, धमकी देने व मंगलसूत्र छिनने का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हरली गांव से एक मामला प्रकाश में आया है महिला अनीता देवी ने अपने ही गांव के रांची में कार्यरत पुलिस जवान चन्द्र पासवान के खिलाफ मारपीट करने, धमकी देने व मंगलसुत्र छीनने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। सुत्रों के अनुसार घटना दिपावली के दिन घर में सजाने वाला सिरिज लाईट खरीदने को लेकर बढ़े विवाद से शुरू हुआ और मारपीट तक पहुंच गया।वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में केस संख्या 345/23 आईपीसी की धारा 34, 323, 379, 354, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और इसपर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। वहीं हरली निवासी रांची में कार्यरत पुलिस जवान चन्द्र पासवान ने कहा कि हम गांव में रहते नहीं है पर्व त्योहार में आते हैं और सभी गांव समाज के रिश्ते नाते में कुछ न कुछ लगते हैं।

## बड़कागांव में जमकर मनी दीपावली, खूब दीप जले, हुई आतिशबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में प्रकाश पर्व दीपावली काफी धूमधाम के साथ मनाई गई। रविवार को शाम ढलते ही बड़कागांव प्रखंड के तमाम गांव मुहल्ले दीप और इलेक्ट्रिक लाइटों से जगमग हो उठा। घरों को इलेक्ट्रॉनिक आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया था। छत से लेकर घर के बाहर दरवाजे तक लाइट ही लाइट नजर आ रहे थे। वही स्वच्छता के साथ महालक्ष्मी पूजा को लेकर लोग सुबह से ही तैयारी में जुट गए थे। लोगों ने अपने दुकानों घरों संस्थानों में महालक्ष्मी पूजा की तथा माता लक्ष्मी से परिवार के लिए सुख समृद्धि व शांति की कामना की। पूजा के पश्चात आसपास पड़ोस के लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। शाम ढलते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया लोग रात भर खूब पटाखे छोड़ें और आतिशबाजी की। इस दौरान महालक्ष्मी दीपावली पूजा को लेकर लोगों को शुभकामनाएं देने का सिलसिला भी जोरों पर रहा। अपने मित्रों, परिवारों एवं अपने करीबियों के पास सोशल मीडिया से मैसेज भेजने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

## ग्रामीण विकास मंत्री, अबुआ आवास एवं सड़कों का जाल बिछा कर गांवों को विकसित कर रहे हैं : डा आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम गांव में अबुआ आवास एवं सड़कों का जल बीछाकर सराहनिय कार्य कर रहे है, मंत्री फरियादियों के शिकायत का निराकरण संबंधित विभाग के पदाधिकारी से स्वयं फोन कर निराकरण करते है। नगवा से इचाक, इचाक से डाढ़ा बर्मा गूंजा अलौनजा कबिलासी इत्यादि सड़क हेतु ग्रामीनो के साथ मंत्री महोदय से मिला जिसे तत्काल संज्ञान में लेकर इन्होंने पूरा किया । यह बातें कांग्रेस प्रदेश पिसीसी डेलीगेट डॉ आरसी मेहता ने मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात के बाद अपने कार्यालय में कहा। उन्होंने कहा की 2019 में झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनाने में इनकी मुख्य भूमिका है कांग्रेस के सिद्धांत अनुसार सभी जाति धर्म को एक नजरिया से देखते है मैं आम नागरिक से आह्वान करता हूं अपने फरियाद को लेकर मंत्री के आवास स्वयं जाए और निराकरण करवाए।इसी कड़ी में इनके कार्यों का कृतज्ञता धन्यवाद देने के लिए मुख्य रूप से हजारीबाग माइनॉरिटी के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ,प्रोफेशनल कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर प्रवक्ता प्रो बीके मेहता ,राजु कुमार ,अविनाश ,मौलाना मुख्तार, कुमार गिरधारी कुशवाहा, इत्यादि उपस्थित रहे।

## बिरहोर परिवारों के बीच मनाई गई दिवाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केवाल स्थित बिरहोर टोला में बिरहोर समुदाय के 250 लोगों के बीच सोहराय पर्व के शुभ अवसर पर उनके साथ सोहराय पर्व मनाया। मौके पर समाजसेवियों ने उनके साथ लजीज भोजन का आनंद भी लिया। मौके पर करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, समाज सेवी पूरन राम, समाजसेवी नागेश्वर रजक, समाजसेवी वीणा ऊरावा, बिनोद राणा, अजय प्रजापति, अमरेंद्र राम, तुलसी राम, मोहन प्रजापती, विजय राम, बंगाली राम, कैलास राम, कमलेश राम, छोटन, सचिन, अमरदीप राम, पप्पू, प्रीतम, बिनोद कुमार, रंजीत कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार, आदि शामिल थे।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 16 नवंबर को सूप, नारियल, पूजन सामग्री के लिए कूपन का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के सामाजिक संस्था हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 16 नवंबर को बड़ा बाजार पंजाब नेशनल बैंक के समीप छठ महापर्व के शुभ अवसर पर छठ व्रतियों को एक सूप,एक नारियल, सिंदूर,रोड़ी,कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा,लौंग,इलायची,बड़ी इलायची,छुहारा,मखाना,घी ,रुई बत्ती,धूपबत्ती एवं सुपारी,आरत पत्ता दिया जाएगा, ये सभी सामान महज 11 रु के सहयोग राशि में प्रदान किया जाएगा। जिसकी बुकिंग तथा



कूपन का वितरण सोमवार से प्रारंभ कर दिया गया है छठ मैया के आशीर्वाद से छठ व्रतियों को कूपन महज 11रु में दिया गया है। यह कूपन का वितरण 15 नवंबर को संध्या 6ः00 बजे तक किया जाएगा। कूपन वितरण बड़ा बाजार चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक,डिश टीवी ऑफिस के सामने किया जा रहा है। वही 16 तारीख को कार्यक्रम सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में सुरेंद्र खण्डेलवाल,हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल,विकास तिवारी,सनी देव,जय प्रकाश खण्डेलवाल,बीरेंद्र गर्ग,गुंजन मद्धेशिया,ताज जी सहित कई लोग शामिल है।

इस कार्यक्रम को लेकर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि छठ मैया के असीम कृपा से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है साथ ही कहा की हर छठ व्रतियों तक हमारी सेवा पहुंचे यही हमारा लक्ष्य है।वही अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने बताया कि 15 नवंबर को संध्या 6ः00 बजे तक कूपन का वितरण किया जाएगा।

## पतरातू डैम स्थित कठुआ कोचा घाट की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी, पतरातू द्वारा पतरातू डैम स्थित कठुआ कोचा घाट कि साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कराया गया। वही संयोजक सुजीत कुमार पटेल ने बताया कि अगले दो दिनों में छठ घाट की पूर्णतः साफ सफाई एवं साज - सज्जा का काम कर लिया जाएगा7 हर वर्ष की भांति यहां छठव्रत्तियो की सुविधा का हर संभव ख्याल रखा जाएगा । छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की




सुविधा हेतु इस वर्ष कठुवा कोचा घाट पर सीढ़ी, सडक,शेड और मास् लाइट का निर्माण सोसाइटी द्वारा कराई गई है । इसके साथ-साथ इस वर्ष भी छठ व्रतियों के सेवार्थ फल , फूल , प्रसाद ,चाय ,चेंजिंग रूम , डॉक्टर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस एवं पीने का पानी सहित अलाव की भी व्यवस्था कि जा रही है । इसके साथ-साथ पूरे रास्ते में पर्याप्त लाइट एवं साज - सज्जा एवं तोरण द्वार की भी व्यवस्था की जा रही है। छठ घाट की सफाई के दौरान मौके पर संयोजक सुजीत कुमार पटेल, वारिश खान, डा. मनोज कु. गुप्ता , बैजनाथ राय ,अनिल सिंह ,पप्पू सिंह,मनीष गुप्ता , राकेश कुमार ,धुधुर महतो , दीपक सिंह ,नाविक संघ से तारिक रजा , अफरीदी एवं अन्य उपस्थित थे ।

## सुबह 10:00 बजे तक बड़कागांव कोहरे की चादर में लिपटा रहा, ठंड बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मौसम का परिवर्तन तेजी से बडकागांव में देखा जा रहा है। सोमवार की सुबह 10ः00 तक पूरा बड़कागांव प्रखंड कोहरे की चादर में लिपटा रहा। कोहरे के कारण वाहनों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेजी से तापमान में गिरावट आने के कारण ठंड बढ़ गई है। सोमवार को कोहरा इतना छाया हुआ था कि 25 मीटर की दूरी पर लोग पहचान में भी नहीं आ रहे थे। कोहरे का बुरा असर आलू,



गोभी, टमाटर आदि फसलों में भी देखने को मिल सकता है। हालांकि किसानों का मानना है कि ठंड में कोहरे की अभी शुरुआती है फसल पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, परंतु अगर चार-पांच दिन लगातार कोहरा और पाला गिरा तो फसलों को भारी नुकसान होगा। विगत दो-चार दिनों से प्रखंड में ठंड तेजी से बढ़ा है। बुजुर्गो का मानना है कि शुरुआती ठंड एवं गुजरते हुए ठंड की माह में हर किसी को ठंड से बचने की आवश्यकता है। इसी दो समय में शरीर को ठंड लग सकती है जिसके कारण लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं।

## खेलो झारखंड में हजारीबाग जिले के स्कूली तैराको ने 24 मेडल जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खेलो झारखंड अंतर्गत राज स्तरीय स्कूली तैराकी प्रतियोगिता 10 एवं 11 नवंबर को होटवार खेल गांव में आयोजित की गई थी। जिसमें झारखंड के कई जिलों के विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए जिसमें हजारीबाग जिले के तैराकों ने 24 मेडल जीत कर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। इसके बाद हजारीबाग मे एकदिवसीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में

हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार उपस्थित हुए। सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले तैराकों में



एंजेल्स हाई स्कूल हजारीबाग के छात्र अर्चित रंजन, उनमुक्त जैन, अनय अग्रवाल, निश्चय कुमार, अक्षय कुमार,आदित्य भूषण,

आयुष आदर्श दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग के छात्र पियूष राणा, सास्वत दिवेदी, रूपम राज गुप्ता, श्रीयांशु कुमार,अमित कुमार ने 15 मेडल जीता है,और साथ ही राज्य स्तरिय विजेता सत्यम कुमार, गौरव कुमार, कुमार नीतीश, कुमार निधीस, हर्षित कुमार को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया

मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा की खेल में प्रतिभा रखने वाले हर खिलाड़ियों के साथ हम सभी खड़े हैं। आप सभी अपने लक्ष्य की और हमेशा केंद्रित रहिए। मौके पर युवा समाजसेवी सह तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा की बच्चों ने मेडल जीत कर अपने शहर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। इन सभी पर हम सभी को काफी गर्व है हमें पूर्ण विश्वास है

आने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर हजारीबाग का नाम रोशन करेंगे। मौके पर तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा,सचिव प्रहलाद सिंह, सह सचिव मनु कुमार राना, मयंक जी,जया सिंह,कोच कौशल कुमार एवं गौरव कुमार जया सहाय रवि सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गोवर्धन पूजा पृथ्वी पर भगवान कृष्ण द्वारा किए गए कृत्यों में से एक है : मनोहर यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारत त्योहारों का देश है और हम अपने त्योहारों को बहुत उत्साह के साथ मनाते हैं। हम अपनी परंपराओं और संस्कृति का सख्ती से पालन करते हैं। कुछ त्यौहार देश के उत्तरी भाग में और कुछ दक्षिणी भाग में मनाये जाते हैं। अपने भौगोलिक महत्व के आधार पर हम अलग-अलग त्योहार मनाते हैं। भारत के उत्तरी हिस्से में लोग रावण का पुतला जलाते हैं तो वहीं दक्षिणी हिस्से में लोग रावण के विचारों के साथ-साथ विचारधाराओं की भी पूजा करते हैं। गोवर्धन पूजा पृथ्वी पर भगवान कृष्ण द्वारा किए गए कृत्यों में से एक है, जो उत्तर प्रदेश के मथुरा के निकट किया गया था, इसलिए यह त्यौहार इस क्षेत्र में विशेष रूप से मनाया जाता है। उक्त बातें युवा समाजसेवी मनोहर यादव ने कही। वहीं उन्होंने कहा की यह हिंदू कैलेंडर में एक शुभ दिन है और हर साल मनाया जाता है। लोग भगवान कृष्ण की मूर्तियाँ बनाते हैं और विभिन्न प्रकार के भोजन और मिठाइयाँ परोसते हैं। इस दिन महिलाएं प्रार्थना करती हैं और भजन गाती हैं और वे गायों को माला पहनाती हैं और उन्हें तिलक लगाती हैं और उनकी प्रार्थना करती हैं।

यह अवसर भगवान इंद्र से भगवान कृष्ण की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। द्वापर युग में भगवान विष्णु ने मनुष्य के रूप में मृत्युलोक में जन्म लिया। वह लोगों को धर्म और कर्म का महत्व सिखाने के लिए इस दुनिया में आये। भगवान विष्णु ने ग्रह से राक्षसों के विनाश के लिए कृष्ण के रूप में भी अवतार लिया, तो एक समय था जब उनके गांव के लोग भगवान इंद्र की पूजा करते थे। कृष्ण ने उन्हें गौ भूमि की पूजा करने के लिए कहा, जहां गायों को अपना भोजन मिलता है, इसलिए इसे गोवर्धन पर्वत का नाम दिया गया।

## सदर विधायक ने अपने परिवार और समर्थकों के साथ मनाई दीपावली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय सांस्कृतिक और प्रकाश व खुशियों के महापर्व दीपावली के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रविवार को अपने आवास में पूरे परिवार और हितैशियों के साथ दीवाली की खुशियां मनाया। विधायक आवास में सपरिवार विधायक मनीष जायसवाल ने फूलों से सजी आकर्षक रंगोली के बीच दीप जलाकर खुशियों के इन पल को यादगार बनाते हुए क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना माता लक्ष्मी से किया। दिवाली की सुबह से देर शाम तक विधायक मनीष जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा करते हुए छठ महाव्रतियों के बीच साड़ी का



वितरण करते रहें और शाम को अपने परिवार और हितैषियों के साथ जमकर खुशी मनाए। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों को विभिन्न माध्यमों से दीवाली की शुभकामनाएं दी । मौके पर विधायक के पिता पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, माता विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल, निशांत जायसवाल, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल,प्रियंका जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्रवधु अवंतिका जायसवाल, भतीज ऋषव, आरव और राहुल जायसवाल सहित विधायक सेवा कार्यालय कर्मी और विधायक आवास कर्मीगण मौजूद रहें ।

## जदयू ने विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के नगर अध्यक्ष मोहम्मद यासीन अंसारी, नगर महासचिव शाहिद इकबाल, जिला सचिव नज़रुल्लाह अंसारी एवं अन्य नगर के नेताओं ने नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर जनता की समस्याओं को सुना। भ्रमण के क्रम में वार्ड 31 और वार्ड 32 का भी निरीक्षण किया गया। दोनों वार्डों के निवासियों ने इस वार्ड में समस्याओं का अंबार बताया बिजली पानी आवास राशन कार्ड वृद्धा पेंशन संबंधित बहुत सारी समस्याएं विभाग में लंबे अरसे से लंबित है, इससे वहां के निवासियों ने इन नेताओं को अवगत कराया। सभी ने समस्याओं का शीघ्र निदान का भरोसा दिलाया । नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ने कहा कि जनता को अपनी समस्याओं को लेकर खुद ही मुखर होकर आगे आना होगा ,कभी निदान संभव है।



जनता की समस्याओं के लिए हमारी पार्टी और हम हर समय तत्पर हैं । स्थानीय हबीबी नगर में जनता कुआं के नाम से प्रसिद्ध कुआं सरकारी जमीन पर स्थापित है ,जो की 50 वर्षों से इस क्षेत्र में पानी का मुख्य स्रोत है इसे कुछ लोगों ने कूड़े कचरे से भरना शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में भी वहां के लोगों ने सभी नेताओं अवगत कराया , इस समस्या के लिए नेताओं ने नगर निगम से इस कुए को प्रदूषण मुक्त करने की मांग रखी। इन वार्डों के भ्रमण कार्यक्रम में वार्ड 32 के वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद अबरार, वार्ड 31 के वार्ड अध्यक्ष तबारक हुसैन, वार्ड 16 के वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद लाल खान सहित अन्य लोग शामिल थे

# आर ए माइनिंग कंपनी मे गोलीबारी व आगजनी घटना का जल्द होगा उद्भेदन : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल खुली आउटसोर्सिंग खान आर ए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में? बिते आठ नवंबर को रात्रि 9~45 में टिपीसी उग्रवादियों ने गोलीबारी व आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। वहीं इस साइट में काम कर रही लगभग दो करोड़ रूपए की ड्रिल मशीन को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया गया था वहीं टीपीसी उग्रवादियों द्वारा चार से पांच राउंड गोलीबारी कर दहशत फैलाया था। तो वहीं गोलीबारी व आगजनी की घटना कर उग्रवादियों ने ड्रिल आपरेटर के साथ मारपीट कर उसे टीपीसी के नामे रंगदारी से भरी पर्चा थमाया गया था जिसमें मैनेज करने की बात लिखी गई थी। हालांकि घटना को बिते लगभग पांच दिन हो चुके हैं पर पुलिस के हाथ अबतक खाली है।वही भुरकुंडा पुलिस ने अपने छह सुरक्षाबलों के साथ खान के कार्य को सुरक्षा के बीच शुक्रवार से शुरू करवा दिया है। वहीं इस हमले की जिम्मेवारी टीपीसी एरिया कमांडर प्रभास उर्फ दिवाकर गंझू ने ली थी। वहीं अब खदान की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन और जिला प्रशासन सजग हो गया है सुरक्षा को लेकर पुलिस पिकेट और खदान में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं वहीं इस खदान के चारों ओर ट्रेंच कटिंग कर मिट्टी की दीवार बनाई गई है।मामले पर पतरातू एसडीपीओ डॉ.विरेन्द्र चौधरी ने प्रभात मंत्र को बताया कि आर ए माइनिंग कंपनी में बुधवार को गोलीबारी व आगजनी की घटना को लेकर पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसका संपर्क टीपीसी से जुड़ा हुआ है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया दीपावली जमकर हुई आतिशबाजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले में दीपावली का त्यौहार रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विधि-विधान से माता लक्ष्मी और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा की गई।लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों में मिट्टी के दीए और इलेक्ट्रॉनिक झालरों से प्रकाश किया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और दीपावली की शुभकामनाएं दी। वहीं बच्चों ने पटाखे जलाकर खुशी जाहिर की। फेसबुक, ह्वाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर पर शुभकामना संदेश देने का सिलसिला चलता रहा।मान्यता है कि भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास बिताकर अयोध्या लौटे, तो लोगों ने खुशी में दीए जलाए। उसके बाद से ही लोग कार्तिक अमावस्या को दीपावली मनाने लगे।एक मान्यता यह भी है कि भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक अमावस्या के दिन नरकासुर का वध किया था। इसके अलावा माता लक्ष्मी भी इसी दिन समुद्र मंथन से प्रकट हुई थी। इस दृष्टिकोण से भी दीपावली का पर्व खास है। इधर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दीपावली के मौके पर लोगों ने विधि विधान से मां लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की। मंदिरों में भी पूजा हुई। देर शाम घरों को सजाकर पुरोहितों से मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा कर धन व वैभव की वृद्धि की कामना हुई। शुभ मुहूर्त में भक्तों ने पूजा की और उनसे हमेशा के लिए अपने घर में वास करने का अनुरोध किया। लोगों ने सपरिवार एक-दूसरे के घर जाकर मिठाई व उपहार के साथ दीपावली की बधाई दी। कालिकापुर बाजार से लेकर हरिणडंगा बाजार, हाटपाड़ा, भगतपाड़ा, सिद्धो-कान्हू पार्क, धनुषपुजा तक भीड़ की वजह से जाम की स्थिति बनी रही। वहीं सड़कों पर देर रात तक चहल-पहल बनी रही। सभी व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठानों में विधि विधान से माता लक्ष्मी व गणेश जी की पूजा की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी दीपावली की धूम रही। यह कहा जा सकता है कि प्रकाश पर्व दीपावली में टिमटिमाते दीपों से जगमागाती धरती और सतरंगी आतिशबाजी की खूबसूरत जुगलबंदी ने रात को रोशन कर दिया। रोशनी के सागर में हर तरफ उत्साह उमंग और उल्लास में सभी मग्न रहे।

## मां काली सिरका पूजा में 11 बकरों की बलि दी गई, सुख, शांति, रक्षा की हुई कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल सिरका मां दुर्गा मंडप के प्रांगण में अमावस्या की रात्रि मां काली की पूजा भक्तों ने हर्षोउल्लास के साथ मनाई। यहां तमाड़ के ब्राह्मण आलोक दास के द्वारा विधिवत पूजन संपन्न कराई गई। भक्तों ने 11 बकरों की बलि दी। अरगड्डा दुर्गा मंडप के प्रांगण में पुजारी गौरांग बनर्जी के द्वारा मां का अनुष्ठान बांग्ला रीति रिवाज से पूर्ण करवाया गया। सभी ने अपने व संसार के लिए सुख, शांति, समृद्धि, रक्षा का वरदान माता से मांगा। मां को बताशा, रामदाना, पेड़ा लड्डू, फल, वस्त्र का भेंट चढ़ाया गया। मां आदिशक्ति के जयकारे से पूरा मंडप क्षेत्र गुंजामय बन उठा। सभी ने पुष्पांजलि, आरती के बाद उपवास तोड़ा। मौके पर सिरका पूजा समिति सचिव सत्येंद्र कुमार, सहसचिव संजय रविदास, कोषाध्यक्ष विष्णु राम, सदस्य हरविंदर महतो, लक्ष्मी चरण महतो, हरिनंदन चौधरी समेत कई सदस्य व भक्तजन उपस्थित थे।

# भेड़ा नदी में एक व्यक्ति के डूबने से हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की भेड़ा नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के पश्चात रजरप्पा थाना प्रभारी, बीडीओ और सीओ को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही रजरप्पा थाना प्रभारी, बीडीओ और सीओ को घटना स्थल पहुंच कर गोताखोरों की मदद से डूबे हुए व्यक्ति की खोज बीन शुरू कर दी। मौके पर मौजूद बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बताया कि पोटमदगा निवासी मनसु महतो (55) पिता मन्नू महतो भेड़ा नदी में जानवर पार कर रहा था। इसी दौरान मनसु महतो नदी में डूब गया। हो हल्ला और सूचना मिलते ही हमलोग यहां पहुंचे और काफी घंटो के बाद भी मनसु महतो का कोई अता पता नहीं मिला है। खोज बिन अभी भी जारी है।

# शहीद सोबरन सोरेन शहादत दिवस को लेकर बीडीओ ने किया स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** आगामी 27 नवंबर को गोला प्रखंड क्षेत्र के बरलंगा पंचायत के लुकैयाटाँड़ में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के पिता शहीद सोबरन सोरेन का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसी की तैयारी के मद्देनजर रविवार को गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू के द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इस मौके पर शहादत दिवस की तैयारी को लेकर कई दिशा निर्देश भी आयोजकों को दी गई। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सतीश मुर्मू एवं फखरुद्दीन अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बलवान कृषि ने किसानों के लिए विशेष दिवाली छूट और ऑफ़र की घोषणा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कृषि उपकरणों का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनी, बलवान कृषि ने आज दिवाली के मौके पर अपने मूल्यवान ग्राहकों की खुशियों में साथ चांद लगाने के इरादे से बेहद खास ऑफ़र की घोषणा की है। ग्राहकों को बेमिसाल मूल्य प्रदान करने के अपने वादे के अनुरूप, बलवान कृषि ने इस मौके पर खास छूट की पेशकश की है, जो अव्वल दर्जे की गुणवत्ता वाले ढेर सारे प्रोडक्ट्स पर बड़ी बचत का फायदा देने वाला है। ग्राहक अब निर्माता की अनुशंसित कीमत (रूक्क्र) पर सामान्य से ज्यादा छूट का आनंद ले सकते हैं। बलवान कृषि अब हर खरीदारी पर रूक्क्रपर 5त्न की अतिरिक्त छूट दे रहा है। लेकिन बात नहीं खत्म नहीं होती है; पहली बार खरीदारी करने वाले ग्राहक रूक्क्र पर मिलने वाली छूट के साथ-साथ अपनी पहली खरीद पर 150 रुपये की अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफ़र 20 नवंबर तक जारी रहेगा। यह बलवान कृषि परिवार में नए ग्राहकों का स्वागत करने के लिए सच्चे दिल से किया गया एक प्रयास है। अगर ग्राहक फ्लिपकार्ट या अमेज़ॅन से खरीदारी करना चाहते हैं, तो उनके लिए भी ऑफ़र 11 नवंबर तक उपलब्ध रहेगा। हर प्रोडक्ट पर अलग-अलग तरह की छूट दी जा रही है, जो इस ऑफ़र की सबसे बड़ी खासियत है। बलवान कृषि की ओर से संबंधित उत्पादों पर छूट की पेशकश की जा रही है, जिसमें ब्रशकटर की खरीददारी के साथ 80दाँत कटर और वीडर की खरीद के साथ डी-टॉर्च की शानदार छूट शामिल हैं। ग्राहकों को ध्यान में रखकर ये सभी ऑफ़र दिए जा रहे हैं, ताकि वे खरीदारी का अधिकतम फायदा उठा सकें और अपनी ज़रूरत की चीज़ों पर बचत का आनंद ले सकें। इस मौके पर कंपनी के संस्थापक, रोहित बजाज ने कहा, हमें इन ऑफ़र की पेशकश करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जिससे इस बात की झलक मिलती है कि हमें अपने ग्राहकों से बेहद लगाव है। ये छूट सचमुच काफी मायने रखते हैं, जिससे खरीदारों को बेमिसाल कीमतों पर अव्वल दर्जे के प्रोडक्ट्स खरीदने का अवसर मिलेगा। ये ऑफ़र इस बात को दर्शाते हैं कि हम अपने ग्राहकों के लिए खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ उन्हें सबसे बेहतर मूल्य प्रदान करने के अपने इरादे पर अटल हैं। हम इस बात को समझते हैं कि हमारे ग्राहक ही हमारी कामयाबी की बुनियाद हैं, और हमने डिस्काउंट की पेशकश के ज़रिये उनके भरोसे और सहयोग के लिए उनका शुक्रिया अदा करने की छोटी-सी कोशिश की है। बात चाहे यह पहली बार खरीदारी की हो या फिर अलग-अलग प्रोडक्ट्स पर दिए जाने वाले डिस्काउंट की बात हो, बलवान कृषि सभी समझदार खरीदारों को सीमित समय के इन प्रस्तावों का भरपूर लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करता है।

# शहर के छठ घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री आलमगीर आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।सोमवार को सुबह के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंत्री ने प्रशासक नगर परिषद राजकमल मिश्रा को सभी छठ घाटों का विशेष रूप से साफ सफाई पर ध्यान देने,रौशनी की मुकम्मल व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने छठ व्रतियों को कोई भी प्रकार की परेशानी नहीं हो,इसके लिए विभागीय अधिकारियों सहित सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने छठ घाट के सभी गड्ढों को भरने का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राज कमल मिश्रा को दिया है।मंत्री ने महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने पर बल दिया है। साथ ही सभी सड़कों की साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया।मंत्री सर्वप्रथम काली भाषान छठ घाट,टिनबंगला छठ घाट का निरीक्षण किया।मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, जिला महासचिव अर्धेन्दु गांगुली, प्रदेश महासचिव उदय लखमानी, वरिष्ठ कांग्रेसी सेमीनुल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, प्रखंड अध्यक्ष मांसरुल हक, जिला महासचिव सोनू आलम, मोफिजुल अंसारी, रामबिलास महतो,नवीन सिंह, शाहीन परवेज, प्यारुल सेख सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं छठ पूजा कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-08-रिपीटिंग सिग्नल, दिनांक: 10.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** रांची मंडल के विभिन्न लोकेशनों पर सिग्नलों की बेहतर दृश्यता के लिए एक ट्रेन के लोको पायलट/गार्ड के लिए रिपीटिंग सिग्नल/स्टार्टर इंडिकेटर के प्रावधान के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य का सम्पादन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 15,15,482.85। **जमा बयाना राशि:** रु. 30,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 04.12.2023 को सुबह 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 20.11.2023। कार्य निविदा के लिए **वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in।**
**(PR-803)**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं.:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–04–23–24; **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल में गया–सोननगर खण्ड के मध्य डीएफसीसी चै० 225.300 (IRCH: 475.200) से डीएफसीसी चै० 292.175 (IRCH: 542.075) में दोहरीकरण लाइन (तृतीय एवं चतुर्थ लाइन) के नवनिर्माण के संबंध में 32.5 टी एक्सल लोड के लिए अर्थवर्क, ब्लैंकेटिंग, छोटा पुल एवं बृहत पुल, विद्युतीकरण कार्य एवं अन्य विभिनन कार्य साथ में विद्युतीकरण टीआरडी (2x25 kv) कार्य; **अंकलित मूल्य (रु०):** ₹760,23,96,110.55; **निविदा प्रपत्र की लागत (रु०):** ₹0.00; **अग्रधन राशि (रु०):** ₹2,00,00,000/–; कार्य पूर्ण करने की अवधि: 1095 (एक हजार पंचानवे दिन); **प्री–बिड कॉन्फ्रेंस के लिए तिथि एवं समय:** 22.11.2023 को 12:00 बजे; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.12.2023 को 12:00 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कोरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदि सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/01616/सीओएनएस/अभि./टी/23–24/56**

## दिव्यांगजन ईश्वर की अनुपम कृति हैं, इनमें समाहित दिव्य गुणों को परिष्कृत करने की जरूरत: राजेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर के सुकरीगडा मे स्कूली दिव्यांग बच्चों के साथ आजसू पार्टी के नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने मनाई दिवाली,बच्चों के बीच किया उपहार वितरण। प्रकाशोत्सव दीपावली के अवसर पर रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के निर्देश पर लारी स्थित आवासीय दिव्यांग विद्यालय पहुंचकर आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने स्कूली बच्चों के साथ दीपावली मनाया।इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपहार,मिठाइयां और पटाखे राजेश कुमार महतो के द्वारा दिया गया। रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि विधायक सुनिता चौधरी के निर्देश पर बच्चों के साथ प्रकाशोत्सव दीपावली की खुशियां साझा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि दिव्यांग ईश्वर की अनुपम कृति होते हैं,ज़रूरत है उनके भीतर समाहित दिव्य गुणों को परिष्कृत कर उन्हें समाज में समानता के अवसर प्रदान करने और समाज की गतिविधियों के मुख्य धारा से जोडने का कार्य हो ,आजसू पार्टी गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक के प्रयासों के द्वारा इस मुहिम को गति दे रही है। समाज के हर वर्ग को सामाजिक समानता और न्याय मिले इस हेतु आजसू पार्टी प्रयासरत है।इस अवसर पर बच्चों के आंखों में और उनकी शारीरिक भाषा से दीपावली की खुशियां दृष्टिगोचर हो रही थी।

# जंगली हाथी के गांव में प्रवेश होने से ग्रामीणों में दहशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के बरियातू गांव में सोमवार सुबह को एक जंगली हाथी प्रवेश कर गया। जिससे गांव के लोगों में अफरातफरी मच गई। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद दोपहर के बाद हाथी को सुरक्षित सेरेंगातु जंगल में पहुंचा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी को गांव से निकालने के दौरान दर्जनों ग्रामीणों के खेत में लगे धान, आलू सहित अन्य फसलों को काफी क्षति पहुंचाई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा भुगतान की मांग की है। हाथी को गांव से जंगल की ओर ले जाने में वनकर्मी शिवशंकर कुमार, अनिल कुमार महतो, दीपक कुमार, योगेंद्र महतो सहित अन्य कर्मियों का योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक की घटनास्थल पर मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू थाना क्षेत्र रिलायंस पेट्रोल पॉप के समीप सोमवार 6~00 बजे शाम अज्ञात टेलर की चपेट में आने से रॉयल एनफील्ड में सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई बताया जाता है कि यह तीनों युवक मांडू के रहने वाला था लालदेव करमाली, धनतेरस के शुभ अवसर पर अपना बेटा के लिए रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल ले दिया था इसी न्यू रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल से तीनों युवक कुजू से अपने घर मांडू लौटने के क्रम में रिलायंस पेट्रोल पॉप के सामने अज्ञात टेलर ने अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया जिससे तीनों युवकों करण कुमार,पिता राजू साव, रौनक कुमार,पिता लालदेव करमाली,रोहित कुमार,पिता कुलदीप साव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई मांडू थाना प्रभारी के द्वारा तीनों लाशों को थाना लाया गया।

## सयाल दस नंबर खुली खान में महाभंडारे के साथ संपन्न हुई काली पूजा



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल डी परियोजना के खुली आउटसोर्सिंग खदान के समीप सोमवार को मां काली के मंदिर में महाभंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें रविवार की रात मा काली की पुजा अर्चना कि गयी। वहीं यह पुजा पुरोहित हीरालाल पांडेय ने कराया। वहीं इस मौके पर गजानंद प्रसाद,नीतिश कुमार,अंबर कुमार,चत्रभूज प्रसाद, धनेश प्रसाद, जनक प्रसाद,जनक प्रसाद, शिवनरायण प्रसाद, पिंकू राज, शिव सेवक प्रसाद, ललन प्रसाद, रूपेष कुमार, अप्पू कुमार आदि लोग मौजूद थे

## गोला से पदयात्रा कर खुंटी रवाना



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों की एक टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को लेकर गोला प्रखंड के स्वच्छ भारत अभियान के तहत गोला से पदयात्रा कर खूंटी रवाना हुए।उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खूंटी में दौरा है उसके कार्यालय और उनके कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई के लिएहमलोग दर्जनों लोग आज गोला से खूंटी रवाना हुए हैं।

## काली पूजा का आयोजन



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में काली पूजा धुम धाम से मनाया गया।जानकारी के अनुसार बरियातु, साडम, चोकाद, बरलंगा, जांगी, गोला आदि गावो में माँ काली की प्रतिमा का स्थपना कर पूजा अर्चना किया गया.मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद सरस्वती कुमारी शामिल होकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि कामना की.मौके पर भागीरथ महतो, रवि महतो, अरविंद कुशवाहा ,पप्पू ठाकुर,सहित कई उपस्थित थे।

## स्मारक समिति ने 30 दिसंबर को जीतराम जयंती मनाने व सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाने पर की चर्चा



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीएम ऑफिस अरगड्डा चौक पर स्मारक समिति टोंगी के सदस्यों ने बैठक आयोजित किया। इसमें मुख्य रूप से आगामी 30 दिसंबर को स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की जयंती धूमधाम से मनाने, सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रतिमा स्थल के अगल-बगल लोहे की रेलिंग लगाने पर चर्चा की गई। इसके अलावे कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता वंशी वेदिया संचालन राजेश वेदिया ने किया। अवसर पर अरुण बेदिया, हीरालाल बेदिया, संदीप कुमार, मुखलाल, सुखदेव बेदिया, मदन बेदिया, महेश बेदिया, एस बेदिया आदि मौजूद थे।

## मां शीतला मंदिर में महाकाली की हुई पूजा, भक्तों ने क्षेत्र के लिए की मंगलकामना



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां शीतला मंदिर गिद्दी ए के प्रांगण में दीपावली की रात्रि मां महाकाली की पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई। ब्राह्मण रविकांत बनर्जी के द्वारा यजमान सुनीता देवी, रीना देवी, रानी देवी की पूजा विधिवत पूर्ण करवाई गई। माता को प्रसन्न करने के लिए फल, फूल, मिष्ठान, नैवेद्य, वस्त्र अर्पित किए गए। पुष्पांजलि, हवन, आरती के बाद भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए अपने परिवार समेत पूरे गांव क्षेत्र के लिए सुख, शांति की मंगलकामना किया। भक्तों ने बताया कि मां शीतला की महिमा पूरे क्षेत्र में अपरंपार हैं। मां की अलौकिक शक्ति से सभी अवगत हैं। मां भक्तों की झोलिया लगातार भरती आ रही हैं। मौके पर भक्त प्रवीण राजवंशी समेत कई ग्रामीण भक्त उपस्थित थे।

## सयाल में गाजे-बाजे के साथ विसर्जित की गई मां काली की प्रतिमा



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल टैंकर स्टेंड स्थित दुर्गा मंडप में रविवार की रात में मा काली की पुजा अर्चना किया गया। वहीं अगले दिन सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद मां काली की प्रतिमा का विसर्जन सयाल दामोदर नदी में किया गया।वहीं इस विसर्जन में सयाल के दुर्गा पूजा एवं काली पुजा कमिटी के सचिव शंकर सिंह, बिनोद कुमार, अर्जुन सिंह,तारक बनर्जी,हरीश चंद्र झा, भीखम राम,इंद्र दयाल यादव, रामविलास यादव,गोरख, आशीष कुमार, आनंद कुमार, रोशन कुमार,दीपक कुमार,धनंजय कुमार, कमलेश कुमार इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे

## घने कोहरे से आवागमन में लोगों को हुई परेशानी



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सुबह घने कोहरे छाए रहने से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह लगभग आठ बजे तक कोहरे का असर रहने से सड़कों पर आवाजाही करने वाले वाहन चालक को भी दिन में भी गाड़ी की लाईट जलाकर चलना पड़ा। वहीं कुहासा छाए रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब आठ बजे तक कुहासा छाया रहा।कुहासे की वजह से लोग देर तक घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे।

## भारतीय छात्रों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष विकल्प

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जारी ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के अनुसार, भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इसके परिणामस्वरूप शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में 268,923 छात्र अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक विदेशी छात्रों में से 25 प्रतिशत से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट के जारी होने से अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सप्ताह (IEW) की शुरुआत होती है, जो दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा और आदान-प्रदान के लाभों का जश्न मनाता है।ओपन डोर्स रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2009/10 के बाद पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय स्नातक छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत बनने के लिए चीन से आगे निकल गया।भारतीय स्नातक छात्रों की संख्या 63 प्रतिशत बढ़कर 165,936 हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 64,000 छात्रों की वृद्धि है, जबकि भारतीय स्नातक छात्रों की संख्या में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ओडीआर डेटा यह भी दिखाता है कि भारत उन व्यक्तियों (69,062) की संख्या में अग्रणी है।भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने जून-अगस्त 2023 के मुख्य छात्र वीज़ा सीज़न के दौरान रिकॉर्ड उच्च संख्या में छात्र वीज़ा जारी किए। पूरे भारत में कांसुलर अधिकारियों ने एफ, एम और जे श्रेणियों में 95,269 वीज़ा जारी किए। यह इसी समय सीमा के दौरान 2022 की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि है।

## टीएमसी नेता मुख्तार ने किया काली पूजा कार्यक्रम का उद्घाटन

### मंदिर निर्माण कराने की बात कही



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर साल की तरह इस साल भी न्यू मटकुरिया रेलवे कॉलोनी, भूली मोड़ में काली पूजा का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं मौके पर बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित थी। सभी ने श्री अहमद का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजकों ने बताया की पिछले 52 वर्षों से उक्त स्थान पर मां काली की पूजा अर्चना होते आ रही है। इस अवसर पर मुख्तार अहमद जी के आने से हिन्दु मुस्लिम एकता को और भी बल मिला जो समाज के लिये काफी महत्वपूर्ण है और यही हमारे भारत की गंगा जमुनी तहजीब भी है। वहीं मुख्तार खान ने आयोजकों एवं समस्त श्रद्धालुओं को काली पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होने अपने व्यक्तिगत स्तर से उक्त स्थान पर भव्य मन्दिर का निर्माण कराने की बात कही। कार्यक्रम में श्री श्री काली पूजा समिति के राजेश मिश्रा, राहुल सिंह, सुशील सिंह, अमन सिंह, सुमित सिंह, विवेक प्रधान, अवधेश कुमार, जितेंद्र गुप्ता, सतेंद्र विश्वकर्मा, प्रिंस कुमार, जितेंद्र कुमार राय, कौशल सिंह सहित अन्य मौजुद थे।

## साथी फाउंडेशन के द्वारा टैलेंट हंट क्विज कंपटीशन का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साथी फाउंडेशन के द्वारा टैलेंट हंट क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन दो स्तर पर हुआ। जूनियर ग्रुप में कक्षा 3 से 7 तक और सीनियर ग्रुप में कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों को शामिल किया गया। सभी ग्रुप के लिए 60 ऑब्जेक्टिव प्रकार के प्रश्न पूछे गए। इस लिखित परीक्षा का आयोजन आजाद नगर स्थित मदर हलीमा पब्लिक स्कूल में किया गया जहां धनबाद के लगभग सभी स्कूल और कॉलेज के सैकड़ों छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का परिणाम सह पुरुस्कार वितरण समारोह 03 दिसंबर 2023 को वासेपुर के निशात नगर स्थित साथी फाउंडेशन के विद्यालय मे आयोजित होगा। कार्यकर्म को सफल बनाने में साथी फाउंडेशन के संचालक सह सचिव इरफान आलम, शिक्षिका नीमा परवीन, तैयबा परवीन, उमराज, अल्कामा, शबा, कलीमुद्दीन सर, अल्तमश, सैयद सबाउद्दीन, शाइस्ता आदि का सराहनीय भूमिका रही।

## काली पूजा के अवसर पर भाव मेला का आयोजन

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भी हुए शामिल



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत कोकर्ची गांव में हर साल की भांति इस वर्ष भी मां काली का भव्य पूजा अर्चना किया गया एवं मेला का आयोजन किया गया जहां पर भक्तों ने पहुंचकर मां काली की पूजा अर्चना की एवं मेला का आनंद लिए वहीं मेला की शोभा बढ़ाने के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा भी पहुंचे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने मां काली की पूजा अर्चना करके सभी का मंगलमय का कामना किए । वही मेला में बेंगाबाद की पूर्व प्रमुख राम प्रसाद यादव स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन कुशवाहा, मनोज वर्मा इत्यादि के साथ कई जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने पत्रकारों से कहा कि सीमावर्ती पर स्थित यह पंचायत आज भी विकास की मूलभूत चीजों से वंचित है इसके साथी गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से झारखंड में कांग्रेस झामुमो की गठबंधन वाली सरकार बनी है तब से लूट मची है झारखंड के आम नागरिक को एक छोटी कार्य के लिए बड़ी रकम अधिकारियों को देना पड़ता है प्रखंड से लेकर जिला तक बिजोलियों के हाथ से कम हो रही है एक छोटे कार्य जमीन संबंधित के लिए लोगों को बड़ी रकम देनी पड़ रही है। यही जब बीजेपी की सरकार थी तो ब्लॉक हो या थाना एक भी दलाल बिजोलिया नजर नहीं आते थे आज हर जगह पर लूट मची है सरकार का लगभग 4 वर्ष पूरा हो चुकी है लेकिन रोजगार में गिरावट वहीं भ्रष्टाचार, बलात्कार, रेप इत्यादि के मामला बढ़ी है। ग्रामीण परमानंद राय सुखदेव सिंह दामोदर सिंह उपेंद्र सिंह कंचन सिंह विनय राय विजय राय काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति थे।

## आश्रम के बुजुर्गों ने धनबाद वासियों को दीपावली पर दी उन्नति व खुशहाली का आशीर्वाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम और लोहार बरवाअड्डा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रय ले रहे बुजुर्गों का दीपावली जैसे व्यस्त दिन में भी अध्यक्ष नौशाद गद्दी अपने परिवार बच्चों के संग पहुंच कर दीपावली की खुशियां बांटी। उनके साथ पटाखे फोड़े तथा उपहार स्वरूप दिवाली की मिठाइयां प्रदान की। छोटे-छोटे बच्चों ने अब बुजुर्गों के साथ पटाखे छोड़े और उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया। सदस्य ओंकार मिश्रा के देख रेख में दीपावली पर स्वादिष्ट भोजन मिठाइयां एवं दोनों आश्रम को रंग बिरंगी झालरों, दीया बाती से सजाया गया था। इस अवसर पर श्रम में उपस्थित लोगों को एवं समस्त धनबाद वासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई दी लालमणि और ओल्ड एज होम सबलपुर के अध्यक्ष नौशाद गद्दी के कार्यों से प्रभावित होकर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पुराना स्टेशन धनबाद के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, साथ में रवि श्रीवास्तव, अनिल सिंह, उपेंद्र ने कलम एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## बिरनी पूर्वी क्षेत्र के लोगों को मिला दिवाली का तोहफा, भरकट्टा को मिला ओपी का दर्जा



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** काफी दिनों से बड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार भरकट्टा को ओपी का दर्जा मिल हीं गया। सोमवार को औपचारिक रूप भरकट्टा पुलिस चौकी को ओपी में तब तब्दील कर दिया गया जिसका उद्घाटन बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह की उपस्थिति में सरिया बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम के द्वारा किया गया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा के पत्रांक संख्या 1341 के आधार पर बिरनी प्रखंड के 14 पंचायत जिसमें शाखाबरा, कुशमई, मंझलाडीह, बराडीह, चोंगखार, तुलसीटांड, गादी, पेशम, बलिया, बालगो, मानकडीहा, केशोडीह, खेदवारा और पडरमनिया पंचायतो को शामिल कर भरकट्टा ओपी बनाया गया है। इस बीच विभागीय सूचना के आधार पर कहा जा रहा है कि फिलहाल जब तक ओपी का अपना भवन नहीं बनेगा , तब तक भरकट्टा में पूर्व से संचालित पुलिस चौकी में हीं ओपी का संचालन किया जाएगा। इसके बाद ग्राम मानकडीहा में 3.3 एकड़ जमीन जिसे स्थानीय अंचलाधिकारी के द्वारा उपलब्ध करवा दिया गया है, उस पर बनाया जायेगा।

## प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने धरना स्थल पर मनाई दीपावली



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुरूंगा के रैयत एवं ग्रामीण का धरना लगातार नॉर्थ तीसरा में बीसीसीएल के विरोध में जारी है। जहां सब मां काली और दीपावली पूजा के अवसर पर अपने परिवार और शुभचिंतकों के साथ इस पर्व को खुशहाली के साथ मना रहा है। वहीं सुरूंगा के रैयत एवं प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी के द्वारा चल रहे धरना स्थल पर ही बीसीसीएल के गलत रवैया के चलते इतना बड़ा पर्व को धरना स्थल पर मानना पड़ा। प्रमुख का कहना है कि कुछ भी हो जाए यहां के लोगों को बीसीसीएल से हक दिला के रहूंगी।

## सरिया : बाजार में दीपावली हुई फीकी

### ओवरब्रिज में मकानों के तोड़फोड़ व मुआवजा बना कारण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** अन्य शहरी इलाकों व बाजारों की तरह सरिया बाजार में भी दीपावली धूमधाम व जगमगाते रौशनी के बीच मनाई जाती रही है बीते 2022 में भी पूरे आनन्दमय माहौल में बाजार के विवेकानन्द रोड के ब्यवसाईओ ने दीपावली मनाई थी या यूं कहा जा सकता है कि दरअसल सरिया बाजार ब्यवसायिक मंडी के नाम से जाना जाता है ऐसे में ब्यवसाय से जुड़े मारवाड़ी, जैन, पंजाबी, मोदी, माहुरी एवं साहू समाज की बहुलता वाले इस बाजार में दीपावली तो रौनक से भरपूर ही होता



रहा है। लेकिन 2023 बाजार के लोगो के लिए बुरा वक्त लेकर आया इस दीपावली में बाजार में रौशनी पर अंधेरा हावी रहा जगमग लगने वाले इस क्षेत्र में दीपावली के दिन चारो ओर हल्की फुल्की तरीके से रोशनी दिख रही थी ऐसा लग रहा था मानो लोगो की खुशी को किसी ने छीन लिया हो इन बातों की चर्चा चारो ओर हो रही है। लोग इसका कारण ओवरब्रिज से जोड़ कर देख रहे है मुख्य बाजार जो बैंक ऑफ इंडिया के पास से आरम्भ होकर करीब 330 मीटर दूर रेल फाटक को पास करते हुए एक्सिस बैंक तक बसा है इसमें प्रस्तावित ओवरब्रिज के लिए सेकड़ो मकान व दुकान तोड़ा गया जिसमें करीब 80 प्रतिशत लोगो को जीएम लेंड बताते हुए केवल मकान का मामूली मुआवजा दिया गया तो कुछ लोगो को अभी तक मुआवजा तक नही मिल पाया तो रैयतों को सम्मानजनक राशि दी गई । ऐसी स्थिति में लोग भला खुशियां कैसे मनाएंगे नतीजा फीकापन साफ झलक रहा था। यानी ओवरब्रिज ने लोगो की जमीन छीनी,मकान व दुकान छीना इसके साथ ही खुशियां भी छीन ली ।

## उत्तराखंड सुरंग हादसे में फंसे बिरनी के दो मजदूर परिजनों से मिले बिरनी प्रमुख व उप प्रमुख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी सुरंग हादसे में गिरिडीह जिले के भी दो मजदूर सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं।. दोनों मजदूर जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. दोनों एक-दूसरे के रिश्तेदार हैं. वहां फंसे मजदूरों में सिमराढाब के सुबोध कुमार वर्मा और केसोडीह के विश्वजीत कुमार वर्मा शामिल हैं. केशोडीह पंचायत के मुखिया केके वर्मा ने मजदूरों के सुरंग में फंसे होने की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने सुरंग में फंसे विश्वजीत कुमार वर्मा के चचेरे भाई जगत महतो से बात की और उन्होंने दो मजदूरों के वहां फंसे होने की जानकारी दी. इधर, सुरंग में मजदूरों के फंसे होने की खबर सुनकर परिजन चिंतित हैं. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है. परिजन मजदूरों की सलामती की प्रार्थना कर रहे हैं खबर सुनते ही बिरनी प्रमुख राम बैठा और उप प्रमुख शेखर सुमन के साथ किशोरी पंचायत के पूर्व मुखिया रणधीर मंडल मांकड़िया पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह परिजन से मिलने पहुंचे एवं परिजन को पूर्ण भरोसा दिलाए कि हम उत्तराखंड के सरकार से मांग करेंगे और हम लोग प्रयास करेंगे कि सुरक्षित वापस अपना झारखंड आ जाए।

## मां काली के दरबार में दिलीप सिंह ने टेका माथा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** युवा संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह ने भूली बी ब्लॉक व नया बाजार काली मंदिर में माथा टेका। मां काली की पूजा अर्चना कर अपने परिवार समेत धनबाद वासियों की खुशहाली के लिए मां काली से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर पूजा कमिटी की ओर से उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर दिलीप सिंह , पूजा कमिटी के संतोष सिंह, सरयू शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, उदय,पंकज सिंह, मानस आदि उपस्थित थे।काली पूजा में मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माना जाता है कि पूजा की मदद से सभी तरह की नकारात्मक ऊर्जा



आपके घर ओर परिवार से दूर चली जाती हैं। काली पूजा द्वारा भक्त की नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा होती हैं। कालिका की उपासना से जीवन में सुख, शांति, शक्ति, विद्या की प्राप्ति होती है। काली पूजा से हर तरह की अशुद्धियाँ खत्म हो जाती हैं। काली देवी की शरण में आने के बाद भक्त के समस्त राग, द्वेष, विघ्न आदि भस्म हो जाते हैं।

## दीपावली एवं छठ के अवसर पर और 16 जोड़ी चलायी जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में देश के प्रमुख शहरो से पूर्व मध्य रेल के लिए और 16 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 08449/08450 पुरी-पटना-पुरी छठ स्पेशल (भुवनेश्वर-कटक-खड़गपुर-आसनसोल-झाझा के रास्ते )-- गाड़ी संख्या 08449 पुरी-पटना छठ स्पेशल 13.11.2023 एवं 15.11.2023 को पुरी से 23.30 बजे खुलकर अगले दिन 14.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 08450 पटना-पुरी छठ स्पेशल 14.11.2023 तथा 16.11.2023 को पटना से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 08.45 बजे पुरी पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी 06 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 05978/05977 डिब्रूगढ़-गोरखपुर-डिब्रूगढ़ फेस्टिवल स्पेशल (गुवाहाटी-कटिहार-बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के रास्ते )-- गाड़ी संख्या 05978 डिब्रूगढ़-गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल 13, 20 एवं 27.11.2023 (सोमवार) को डिब्रूगढ़ से 19.55 बजे खुलकर बुधवार को 07.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ फेस्टिवल स्पेशल 15, 22 तथा 29.11.2023 (बुधवार) को गोरखपुर से 15.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 03.30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी 06 कोच, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

3. गाड़ी सं. 09196 समस्तीपुर-उधना छठ स्पेशल (भुसावल-इटारसी- जबलपुर-प्रयागराजछिवकी-पं.दीनदयालउपाध्याय जं. के रास्ते)- - गाड़ी संख्या 09196 समस्तीपुर-उधना छठ स्पेशल 15.11.2023 को समस्तीपुर से 11.30 बजे खुलकर अगले दिन 23.00 बजे उधना पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02-02 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 09 कोच होंगे ।

## कई दिनों से झोपड़ी में पड़ा रहा वृद्ध का शव

### गिरिडीह प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के मकतपुर सतगलिया में एक झोपडी में कई दिनों से वृद्ध का शव पड़ा था और आस पास के लोगों को किसी भी तरह की भनक भी नहीं लगी। मिली जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय वृद्ध ललन सिन्हा की मौत कुछ दिन पहले ही हो गयी थी और पत्नी बेसुध पड़ी थी। आसपास जब दुर्गन्ध फैलने लगी तो पड़ोसियों ने नगर थाना को सुचना दी गयी। सुचना पाकर नगर थाना प्रभारी भिखारी राम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका अंतिम संस्कार कराया। और महिला को ओल्ड ऐज होम में भर्ती करवाया।

## दीपावली में सुनैना किन्नर ने जजमानों के खुशियां एवं संपन्नता के लिए की कामना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष सुनैना किन्नर ने अपने आवास मनईटांड में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सुनैना ने अपने शिष्यों के साथ पूजा अर्चना अपनी रीति रिवाज के साथ किया। उन्होंने कहा कि यह दीपावली हमारे जजमानों के परिवारों के लिए ढेर सारी खुशियां लाएं और सालों भर इनके घरों एवं व्यवसाय में संपन्नता का दीपक जलता रहे, वे फले फूले। यही कामना के साथ मैं हर वर्ष दीपावली बड़े ही उल्लास के साथ पूजा प्रार्थना कर मनाती आ रही हूं।

## रामकनाली में धूमधाम से काली पूजा संपन्न, महाभंडारा 16 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** रामकनाली कोलियरी एएआरसी के मजदूरों ने भूमिगत खदान 2,3,4,5 सीम एवं सार्वजनिक मां काली मंदिर में धूम-धाम से की मां काली की पूजा सार्वजनिक मां काली मंदिर, रामकनाली-कतरास में 16 नवबंर को भंडारा का आयोजन किया गया है।

यहां पूजा को सफल बनाने में राजेन्द्र राजा, हीरालाल मांजी, सुमित अभिषेक, जयदेव पांडे, गोवर्धन महतो, राजेश मंडल, भुवन गोप, ललन प्र0 यादव, सरोज उपाध्याय, राजकुमार पासी, चंद्रमोहन शर्मा, संजय महतो, निर्मल चक्रवर्ती, रघुनंदन विश्वकर्मा, कृष्णदेव प्रसाद यादव, मुन्ना बैठा, परेश कुमार चावड़ा, सुरेश नोनिया, मो. शकील अहमद, राजेन्द्र रजक, रामदास भुइंया, कैलाश भुइंया, गांगी देवी, कुसुम देवी, प्रमिला देवी, साधन दुबे एवं अन्य श्रमिकगण का भागीदारी रहा।

## प्रदूषण के कारण सांसों की संकट को लेकर झरिया में बच्चों की करुण पुकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के पूर्व संध्या पर सोमवार को बच्चों की करुण पुकार कार्यक्रम के तहत झरिया के कतरास मोड़ में वायु प्रदूषण के खिलाफ बच्चों ने बीसीसीएल एवं सरकार से मार्मिक अपील किया। हांथों ने तख्तियां लिए बीसीसीएल ने छीना बचपन, प्रदूषण से है बिगड़ा तन मन। बाल दिवस पर बचपन करे पुकार, प्रदूषण मुक्त जीवन का दो अधिकार। डीसी



अंकल थोड़ा प्यार दे दो, शुद्ध साँसों का अधिकार दे दो। बाल दिवस पर करें पुकार, शुद्ध साँसों का दो अधिकार। जैसे नारों के साथ छोटे छोटे बच्चे प्रदूषण से मुक्ति की मार्मिक अपील कर रहे थे।

# विधायक भूषण बाड़ा ने शहरवासियों के साथ मनाई दीवाली, दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा देर शाम शहरवासियों के साथ दीवाली मनाई। इस दौरान विधायक ने कई लोगों के घर भी पहुंचे। साथ ही विधायक ने पटाखे भी फोड़े। फुलझड़ियां जलाई। साथ ही लोगों को मिठाई भी खिलाई। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य, अत्याचार पर सदाचार, अंधकार पर प्रकाश की विजय के महापर्व दीपावली की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ये खास त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लाए। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, रणधीर रंजन, शिशिर मिंज, प्रदीप केसरी, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, शशि गुड़िया,लखन गुप्ता, चंदन कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र में दीपावली का त्योहार सौहार्द के साथ संपन्न, ड्यूटी में प्रशासन मुस्तैद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 नवंबर रविवार को प्रखंड क्षेत्र के गाँवो में दीपो का त्यौहार दीपावली प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधिवत मां लक्ष्मी गौरी गणेश का पूजा अर्चना कर दीप जला कर सुख शांति का कामना किया गया। दीपावली के अवसर पर दुकान मकान का साफ-सफाई रंग रोगन कर आकर्षक रूप से सजाय सवार गया वंही दीपावली की रात्रि दीप प्रज्वलित कर बच्चे युवाओं ने खूब आतिशबाजी किया। मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम लंका विजय कर अयोध्या वापस लौटे थे जिसके खुशी में ही दीपावली मनाई जाती है।दीपावली के शुभवसर पर दीपावली क्षेत्र में शांतिपूर्ण सम्पन्न हो इसके लिए कैरो थाना पुलिस प्रसासन लगातार क्षेत्र में गस्ती करती रही वंही कैरो थाना पूलिस शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखी।

## सीठीयो में ठेठ नागपुरी संस्कृति सह जतरा कार्यक्रम का आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गौ लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सीठीयो जतरा टांड में जतरा एवं ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया जाना है। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत क्षेत्र के सीठीयो ग्राम स्थित जतरा टांड में जतरा एवं ठेठ नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के द्वारा देते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी गौ लक्ष्मी पूजा के अवसर पर जतरा सह ठेठ नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्घाटनकर्ता मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद विशिष्ट अतिथि पंचायत मुखिया शोभा देवी, पूर्व पंचायत मुखिया सुखदेव उराँव, दिवाकर पाठक, प्रंयुष साहू, अशोक साहू, रमेश साहू, महावीर साहू, अमर भगत सहित गणमान्य लोगों को मनोनीत किया गया है। बताते हुए कहा कि जतरा एवं सांस्कृति कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा जतरा टांड में विधि व्यवस्था एवं मंच निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो लगभग पूर्ण अवस्था में है। साथ ही जनपद से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में जतरा एवं सांस्कृति कार्यक्रम का आनंद उठाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग अपेक्षित है।

### विधायक मद से बने सेड का हुआ प्रतिनिधियों के द्वारा उद्घाटन

## क्षेत्र का विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना विधायक व कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है : रावेल लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत घुटबहार पंचायत के वनमाली में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बना सेड निर्माण का उदघाटन विधायक के निर्देसानुसार उनके जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष असफाक आलम, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, कांग्रेस अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद के द्वारा किया गया। गांव वालों ने बताया कि बरसात एव धूप के दिनों में यहां पर कोई भी प्रोग्राम करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था हमलोग इस समस्या को हमारे माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के समक्ष रखा उसने इस तुरन्त समाधान करने का काम किया और इतना सुंदर सेड निर्माण देने का काम किया। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना विधायक व कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच कई ऐसे नेता भी मौजूद है जो हम आदिवासी-मूलवासी को बांटने और बरगलाने का कार्य कर रही है। हम सभी को इससे सचेत रहकर एकजुट रहना है और आने वाले लोकसभा और विधानसभा में अपने कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है। मौके पर मौजूद प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, मोहम्मद कारू, प्रखण्ड उपाध्यक्ष बीरबल बड़ाइक, पंचायत अध्यक्ष सुकवान जोजो, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, उज्वल सुरीन, रोयान डांग, समरसन बागे, भारी संख्या में गांव वाले उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया दीपों का त्योहार दीपावली पर जमकर हुई आतिशबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** धूमधाम के साथ हर्षोल्लाष से मनाया गया दीपों का त्योहार दीपावली पटाखों का आवाज से क्षेत्र क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। प्रखंड क्षेत्र में दीपों का त्योहार दीपावली के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को बधाई दिया। यह सिलसिला सुबह से जारी था। वहीं देर शाम अपने अपने घरों में रंगबिरंगे रंगोली से घर के समीप साज सज्जा के साथ दीपक और बाती का मिलन हुआ। इसी दरमियान सेन्हा थाना प्रांगण में थाना प्रभारी अभिनव कुमार एवं सहायक पुलिस पदाधिकारी तथा सुरक्षा जवानों के द्वारा जम कर खुशियों का इजहार किया गया। जगमगाता त्योहार पर दिप जला कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर तथा आतिशबाजी कर खुशियों से लोग झूम रहे थे। इतना ही नही प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष थाना परिसर में आकर्षित रहा दीपों का जगमगाता प्रकाश इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा खुशियों का त्योहार दीपावली सौहार्द व भाईचारे का संदेश देता है साथ ही उन्होंने कहा दीपों की तरह जल कर दुसरो को प्रकाश देना जीवन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। बताते हुए पूरे सेन्हा थाना क्षेत्र वासियों को प्रशासन की ओर से बधाई दिया गया। इसके अलावे अन्य क्षेत्रों में लोगो ने दीपावली का जश्न मनाया वही पर्व के दौरान हिन्दू धर्मलबियों द्वारा अमन चैन के साथ त्योहार मनाया गया। साथ ही पर्व के पावन अवसर पर नन्हे मुन्हे बच्चों में काफी उत्साह पाया गया। बच्चों विभिन्न रूप से जगमगाता दीपों का त्योहार पर खुशियों को जगजाहिर किया जबकि सभी के घरों में तरह तरह का व्यंजन व पकवान बनाया गया।

## समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है प्रतियोगिता : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के बिरनीबेड़ा में हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल हॉकी मैच खेला गया। फैनल मैच में झूनमूर उड़ीसा ने ढ़ावठाटोली की टीम पेनाल्टी शूट आउट में 5-4 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। ऐसे आयोजन से अपने समाज के खिलाड़ी की प्रतिभा में निखार आती है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों, आदिवासियों को सम्मान अधिकार के साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, सिमडेगा पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,महिला पंचायत अध्यक्ष रीता किरो, पंचायत अध्यक्ष अनमोल विकास बड़ा,मुखिया रेखा निराली बरवा, प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, पूनम लकड़ा, अरुण सिंह, इम्तियाज खान, मनोज प्रधान, कुशल मिंज, संदीप मिंज, ओलेम केरकेट्टा, बिनीता केरकेट्टा, हरिश, सन्नी खान, मीम आदि भारी संख्या में खेल प्रेमी आदि उपस्थित थे। भेदभाव से उपर उठकर काम कर रहे हैं विधायक- जोसिमा खाखा जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि जाति-धर्म, भेद-भाव, उंच-नीच की भावनाओं से ऊपर उठकर विधायक भूषण बाड़ा ने काम किया है। उन्होंने लोगों को नशापान, अंधविश्वास जैसे बुराइयों को भी समाज से दूर करने की अपील की। उन्होने कहा कि खेल के विकास में विधायक अपना हर संभव प्रयास कर रहे है।

## आरो वाटर सप्लाई सेंटर का थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा में निजी आरो मीठी वाटर सप्लाई सेंटर का थाना प्रभारी द्वारा विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। कहा स्थानीय निजी व सरकारी संस्थान कार्यालय एवं स्थानीय ग्रामीणों को शुद्ध आरो जल मिलेगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहरदगा गुमला मेन रोड के समीप शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर आरो पेयजल प्रखंड वासियों को मुहैया कराने के दृष्टिकोण से निजी आरो मीठी वाटर सप्लाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। उक्त मीठी वाटर सप्लाई सेंटर का उद्घाटन सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात थाना प्रभारी ने कहा प्रखंड मुख्यालय के समीप वाटर सप्लाई सेंटर खुलने से क्षेत्र के लोगों को दूर जाने की जरूरत नही है। और उत्तम व्यवस्था का लाभ समय से मिल सकता है। वहीं मीठी वाटर सप्लाई सेंटर के संचालक उमंग साहू द्वारा बताया गया कि शादी पार्टी, सरकारी कार्यालय सहित घरेलू उपयोग हेतु आरो वाटर सप्लाई सेंटर का उद्घाटन किया गया है। जनपद को उत्तम किस्म का आरो वाटर सप्लाई की सुविधा दिया जाएगा।

# पोगलोया में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के ऐडगा के पोगलोया में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया मौके पर अपनी समस्या रखी और कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के द्वारा ध्यान नहीं देने की वजह से आज भी हम लोग भाग महसूस कर रहे हैं। कई बार प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को बताया लेकिन किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि चुनाव के समय आप लोगों का एक गलत निर्णय इस क्षेत्र के विकास की गति को रोक देता है और इस चीज को आप लोग भूल कर बहकावे में जाकर वोट देते हैं। इसीलिए आप सभी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को ही चुने। वर्तमान सरकार सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाने और धर्म के नाम पर लड़ने का काम करती है, बीजेपी हो या कांग्रेस सभी लोग सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं। लेकिन झारखंड पार्टी जाति धर्म और सभी चीजों से ऊपर उठकर लोगों के हित में काम करती है। इसलिए आने वाले चुनाव में आप सहयोग करें आपकी सभी समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा।मौके पर झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का, बाबूराम लकड़ा, अमन खेस, जोसेफ लुगुन सैमुअल धनवार, सुरसेन तोपनो, रसाल खलखो आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम और भक्तिभाव से मना सिमडेगा बिशप विन्सेंट बरवा का सिल्वर जुबली समारोह



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा काथलिक धर्मप्रान्त के बिशप विन्सेंट बरवा का धर्माधकशिय 25वां सिल्वर जुबली समारोह संत अन्ना महागिरजाघर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर बिशप विन्सेंट बरवा के धर्माध्यक्षीय समारोह के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में 25 दिये भी जलाये गए। दिए बिशप विन्सेंट बरवा के अलावे रांची धर्मप्रान्त के महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो, जशपुर बिशप एमानुएल केरकेट्टा, हजारीबार बिशप आनंद जोजो, खूंटी बिशप विनय कंडुलना, अम्बिकापुर बिशप अंतोनिस बाड़ा, डाल्टनगंज बिशप थिओडोर मसकरेनहस, गुमला धर्मप्रान्त के प्रशासक लीनुस पिंगल एक्का, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, सहित कई पल्ली के पल्ली पुरोहितों ने जलाया। इसके बाद बिशप विन्सेंट बरवा मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा के माध्यम ने बिशप ने ईश्वर के प्रति आभार प्रकट किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अयोजन किया गया। मौके पर मनमोहक झांकी की भी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में विजी फादर इग्नासीयूस टेटे ने बिशप बरवा का संक्षिप्त जीवन परिचय पढ़कर सुनाया। मंच संचालन फादर फबीयन डुंगडुंग ने किया। कार्यक्रम में उमड़ी थी भीड़ सिल्वर जुबली समारोह कार्यक्रम में भारी संख्या में मसीही धर्मवालम्बि शामिल हुए थे। झारखंड के लगभग हर क्षेत्र से लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। चर्च परिसर में एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई थी। ताकि लोग बिशप बरवा का रजत जयंती समारोह एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी देख सके। इसके अलावे लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया जा रहा था। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दी बिशप को बधाई बिशप विन्सेंट बरवा के रजत जयंती समारोह में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए थे। मौके पर विधायक ने बुके देकर बिशप बरवा को सिल्वर जयंती समारोह की बधाई दी। साथ ही बिशप बरवा के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर मिस्सा गीत का संचालन फादर प्रदीप की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य अजय एक्का सहित सैकड़ों पुरोहित, धर्मबहनें एवं हजारों की संख्या में मसीही धर्मवालम्बि उपस्थित थे।

# सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 74 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को स्वस्थ रहते हुए दीर्घायु रहने की कामना की और कहा की, जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है, डॉ कुमुद ने कहा की समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए, उपाध्यक्ष सचिव जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और साथ ही यह भी कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, रुपेश चौधरी, गोपाल सिंह अतुल सर्राफ, रमेश शर्मा, अंजलि सराफ, ममता कुमारी साहू, चंपा देवी, मीना देवी, रामचंद्र प्रसाद, अनिल वर्मा, गोपाल महतो, संजय अग्रवाल, कृष्ण प्रसाद, प्रभु दयाल साहू, सत्यम सर्राफ, मनमोहन प्रसाद आदि थे।

### घुटबहार में धूमधाम से मनाया गया मिशन पर्व सह 60 वां गिरजाघर संस्कार दिवस

## बाईबल में लिखे गए वचनों को याद करें, परमपिता परमेश्वर के बताएं मार्ग पर चले : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के जीईएल चर्च घुटबहार में सोमवार को धूमधाम के साथ मिशन पर्व सह 60 वां वार्षिक गिरजाघर संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बताओ और अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, महासचिव बाबुराम लकड़ा, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर आगंतुक अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया गया ,मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश इकाई सर्वप्रथम सभी लोगों को मिशन पर्व एवं गिरजाघर के संस्कार दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा आज का यह दिन अपने आप में विशेष है क्योंकि हम एक साथ मिशन पर्व एवं गिरजाघर की साथ में वार्षिक संस्कार दिवस समारोह मना रहे हैं। आज ही के दिन 60 वर्ष पूर्व यहां का गिरजाघर अस्तित्व में आया और सभी लोग सामूहिक रूप से प्रार्थना कर परमपिता परमेश्वर को याद करते हुए है। वहीं दूसरी और मिशन पर कभी विशेष महत्व है जहां पर इस क्षेत्र में जीईएल चर्च की नींव डाली गई। आज सभी लोगों को इस मंच के माध्यम से अपने कलीसिया समुदाय को मजबूत करने की आवश्यकता है, दिन प्रतिदिन लोग षड्यंत्र करते हुए कलीसिया समुदाय को समाप्त करने का प्रयास करते हैं ,उन्हें सरकारी सुख सुविधा से विमुख करने का प्रयास करते हैं लेकिन कलीसिया समुदाय दिन प्रतिदिन मजबूत हो रही है इसका एकमात्र कारण है संगठन में एकजुटता और इसे आप बरकरार रखें। बाइबल में लिखे गए वचनों को याद करें परमपिता परमेश्वर के बताएं मार्ग पर चले एवं दूसरों को कभी भी तकलीफ ना दें क्योंकि परमेश्वर अपने इकलौते पुत्र को इस धरती पर लोगों की सेवा के लिए भेजा था और इस मानव शरीर के रूप में उन्होंने कई ऐसे कार्य किया जिससे कि हम सब का उद्धार हो। आप चर्च में आए पवित्रता के साथ और आस्था के साथ प्रार्थना करते हुए क्षेत्र की अमन चैन की कामना करें। इस मौके पर मुख्य रूप से अमन खेस, जोसेफ लुगुन, ललित समद, विश्राम कच्छप, सुदीप लुगुन, रसाल खलखो, आदि मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### पटाखा बाजार में आग लगने से 12 झुलसे, कई गंभीर



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के राय कस्बा में लगे अस्थाई पटाखा बाजार में दीपावली की दोपहर भीषण आग लग गई। हादसे में 12 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।राजा कस्बा के मांट रोड स्थित गोपाल बाग में जिला प्रशासन की ओर से 24 अस्थाई पटाखा दुकान लगाने की अनुमति दी गई थी। दीपावली की दोपहर लोग यहां खरीदारी को पहुंचे थे।इसी दौरान किसी प्रकार से पटाखा बाजार में आग लग गई। भारी मात्रा में इस बाजार में आतिशबाजी होने के चलते बड़ा हादसा हो गया और करीब 15 दुकानों पर बिक्री को साजे लाखों रुपये के पटाखे फटने लगे।आग लगते ही बाजार में अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। 12 से अधिक लोगों के झुलसने की जानकारी पुलिस द्वारा दी गई है।मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। झुलसे हुए लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है।जिला अस्पताल में सभी की स्थिति गंभीर है। इनमें से चार लोगों को आगरा रेफर कर दिया गया है।

### हिंदपीढ़ी की तंग गलियों में अचानक आग लग गई



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हिंदपीढी थाना क्षेत्र की तंग गलियों से गुजरने वाली मंटू चौक और बंसी चौक के बीच लक्ष्मी अपार्टमेंट के ठीक सामने एक गोदाम में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि जहां आग लगी है उस गोदाम में सब्जी वगैरह रखा जाता था। जहां पर प्लास्टिक का कैटरर भी होता था। बताया जा रहा है की चिंगारी गिरने से प्लास्टिक में आग धीरे-धीरे पकड़ लिया और देखते-देखते आग भयावह रूप ले लिया। इतना भयानक आग की लपटे उठने लगी कि पूरा हिंदपीढ़ी इलाका के रहने वाले डर गये। आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोग अपने-अपने घरों अपार्टमेंट से बाहर निकाल कर सड़कों पर आ गए। सभी लोग बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। कुछ लोग पुलिस को सूचना दिए। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे । फिर फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। हालांकि आधा घंटा लेट से तंग गलियों में काफी मशक्कत से फायर ब्रिगेड गाड़ी को घुसने का मौका मिला । लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया गया था। आग बढ़ते ही जा रहा था । हालांकि स्पष्ट हो नहीं सका कि आग कैसे लगी और जहां पे आड़ लगी उस गोदाम का मालिक का कौन है ? अपने स्तर से पुलिस भी छानबीन कर रही थी।

# एक ही परिवार के चार लोगों की सामूहिक हत्या

एजेंसी

**बंगलुरु :** कर्नाटक के उडुपी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। खबरों के अनुसार, कर्नाटक के उडुपी में एक महिला और उसके तीन बेटों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उडुपी में तृप्ति नगर के पास एक घर के अंदर पहले परिवार के तीन सदस्यों की हत्या की गई। फिर 12 वर्षीय लड़का शोर सुनकर कमरे में दाखिल हुआ था और हमलावरों ने कोई सबूत न छोड़ने के लिए कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी। इलाके के पड़ोस की एक लड़की ने पुलिस को बताया कि वह हंगामा देखकर बाहर आई थी, लेकिन संदिग्धों ने उसे इस बारे में किसी को भी बताने पर धमकी दी। बता दें कि शवों की पहचान 46 वर्षीय हसीना और 12 वर्षीय लड़के समेत 23 वर्षीय अफगानी और 21 साल के अयनाज रूप में की गई है। वहीं, चाकू लगने से घायल हुई हसीना की सास का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उडुपी के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि चार लोगों की हत्या कर दी गई है और एक घायल है। हसीना और उसके तीन बच्चों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उसकी सास को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आगे कहा कि हमने घटनास्थल का दौरा किया है। हम विस्तृत जांच करेंगे और अपराधी को जल्द पकड़ने के प्रयास करेंगे।




### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के बूंदी जिले में दीवाली के मौके पर हुए भीषण सड़क हादसे ने कोहराम मचा दिया. बूंदी के हिंडौली थाना इलाके में हुए इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उनको उनके परिजनों को सौंप दिया है. दीवाली पर हुए हादसे से जहां मृतकों के परिवार में क्रंदन मचा हुआ है वहीं उनके गांव में भी मातम पसर गया है. पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है.

### आनंद विहार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से बंद

**नई दिल्ली:** दिवाली और छठ के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और बेहतर भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। भारतीय रेलवे के उत्तर रेलवे डिवीजन ने सोमवार को कहा कि 13 नवंबर (आज) से इन दोनों स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री नहीं होगी। यह व्यवस्था 18 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। हालांकि, स्टेशनों पर आने वाले बुजुर्ग, अशिक्षित और महिला यात्रियों को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी।

# टीएमसी नेता की हत्या के बाद पश्चिम बंगाल में स्थिति तनावपूर्ण



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल के साउथ परगना जिले में टीएमसी के एक नेता की हत्या के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. इस घटना के बाद कई घरों को आग के हवाले भी कर दिया गया है. इस घटना के बाद टीएमसी और विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक बयानबाजी का दौर भी शुरू हो गया है. बता दें कि टीएमसी नेता सैफुद्दीन लस्कर की सोमवार सुबह जॉयनगर में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई. लस्कर जॉयनगर के बामुंगाची क्षेत्र में तृणमूल इकाई के प्रमुख थे और उनकी पत्नी पंचायत प्रधान हैं. इसके तुरंत बाद, लस्कर के समर्थकों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिस पर उन्हें उनकी हत्या में शामिल होने का संदेह था और उसे पीट-पीट कर मार डाला। सत्ताधारी पार्टी के समर्थकों ने इलाके के कई घरों में आग भी लगा दी.इन सब के बीच तृणमूल नेताओं ने आरोप लगाया है कि सैफुद्दीन लस्कर की हत्या के पीछे सीपीएम समर्थकों का हाथ है. हालांकि, सीपीएम नेता सुजन चक्रवर्ती ने आरोप को खारिज कर दिया है और कहा है कि हत्या तृणमूल के भीतर आंतरिक कलह का परिणाम है. उन्होंने कहा कि सीपीएम को दोष देने का कोई फायदा नहीं है. चक्रवर्ती ने कहा कि पुलिस को उचित जांच करनी चाहिए और साजिश का पर्दाफाश करना चाहिए.पुलिस ने इस घटना को लेकर अपनी जांच शुरू कर दी है. इस मामले में अभी तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है.

# जिनकी खुद की गारंटी नहीं,वो क्या गारंटी देंगे : अमित शाह

एजेंसी

**विदिशा :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले मध्य प्रदेश का भला नहीं कर सकते। कांग्रेस अभी-अभी पांच नई गारंटी लाई है। उन्होंने कहा कि जिनकी खुद की कोई गारंटी नहीं है वो क्या गारंटी देंगे। कमलनाथ से पूछने आया हूं कि 10 साल तक केंद्र में यूपीए की सरकार चली, आप बताइए कि मध्य प्रदेश को कितना रुपया दिया गया? केन्द्रीय गृह मंत्री शाह सोमवार को मप्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विदिशा जिले के सिरोंज में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मध्य प्रदेश में विकास नहीं हुआ। भाजपा सरकार बीमारू राज्य मध्य प्रदेश को विकास की दिशा में ले गई। एक बार फिर आप सभी डबल इंजन की सरकार चुनें और प्रदेश का विकास करें। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा करिए, हम बेमिसाल मध्य प्रदेश को बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। जो लोग अपने बेटा-बेटी के लिए राजनीति में आए हैं, वो क्या देश का भला करेंगे। एक ओर से परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस पार्टी है, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को सुरक्षित करने वाली भाजपा है। मोदी ने नौ साल में जो कहा, वो करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा ने 18 साल के शासन में बीमारू राज्य को विकसित प्रदेश बनाया। अब पांच साल और मिलने पर भाजपा इस प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में ला देगी।



# 10 करोड़ से अधिक परिवारों को देंगे राम जन्मभूमि का निमंत्रण : आलोक कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर अयोध्या में आगामी जनवरी में होने वाले राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त हम 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देंगे। अयोध्या में इस दिन हिंदुत्व की सभी छटाओं के लगभग 4000 प्रमुख संत, विहिप के प्रमुख पदाधिकारी और देश का वरिष्ठ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक नेतृत्व शामिल होगा। उन्होंने कहा कि हम भगवान राम के 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाते हैं किन्तु आगामी 22 जनवरी को तो वह दूसरी दीपावली होगी, जब राम 500 वर्षों के बाद भारत की स्वतंत्रता की अमृत वेला में अपने जन्म-स्थान पर लौटेंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि विश्व का समस्त हिन्दू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रत्यक्ष शामिल हो। सब राम भक्तों को तो उसी दिन अयोध्या नहीं बुलाया जा सकता। इसलिए हमारा आह्वान है कि विश्व भर के हिंदू अपने शहर, गांव के मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हों। वहां की परंपरानुसार पूजा-पाठ, आराधना व अनुष्ठान करें। विहिप कार्याध्यक्ष ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि गत पांच नवंबर को राम मंदिर में पूजित अक्षत (पीले चावल) कलश संगठन की दृष्टि से बने 45 प्रांतों में भेजे जा चुके हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास के आह्वान पर इस अक्षत निमंत्रण को लेकर विहिप के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों से मिलकर एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच देश के नगर ग्रामों में हिंदू परिवारों तक जाएंगे। ऐसा ही कार्यक्रम विदेशों में रहने वाले हिन्दुओं के लिए भी आयोजित किया गया है। प्रत्येक परिवार को हम इस निमंत्रण के साथ भगवान और उनके मंदिर का पूजा में रखने लायक एक चित्र और अन्य आवश्यक जानकारियां भी देंगे। हमारा अभी तक का आंकलन है कि यह आयोजन विश्व भर में पांच लाख से अधिक मंदिरों में अवश्य होगा और करोड़ों-करोड़ हिंदू इसमें सहभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार हम समाज के पास कुछ मांगने नहीं जा रहे। इसलिए इस कार्य में जुटी टोलियां या कार्यकर्ता कोई भी भेंट, दान या अन्य सामग्री स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 1984 से चले मुक्ति अभियान में लाखों हिंदुओं की सहभागिता रही है। अनेक मुक्ति योद्धा बलिदान भी हुए हैं या अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके भी परिवार, उनके स्वप्न की इस पूर्ति को देखना चाहते हैं। विहिप ने देश को 45 भागों में बांटकर प्रत्येक भाग के लिए 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच में उस भाग के लिए निश्चित दिन अयोध्या पधारने का निवेदन किया है।




### सीबीआई ने रेलवे के तत्कालीन डिप्टी चीफ इंजीनियर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, मालीगांव, गुवाहाटी (असम) के तत्कालीन उप मुख्य अभियंता (सर्वेक्षण व निर्माण) के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। आरोपित के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में 30 सितंबर, 2021 को मामला दर्ज किया गया था। आरोप यह भी लगाया गया है कि जांच के दौरान 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसंबर, 2019 के बीच आरोपित के आय के स्रोतों में 89.96 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सीबीआई के मुताबिक पहले आरोपित के परिसर में जोरहाट और गुवाहाटी दो स्थानों पर तलाशी ली गई थी, जिसमें अचल संपत्तियों और लॉकर की चाबियां आदि से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए थे।


# पीएम सुनक ने ब्रिटेन की गृहमंत्री को किया बर्खास्त

एजेंसी

**लंदन :** ब्रिटेन पुलिस को फिलिस्तीन समर्थक बताना गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को महंगा पड़ गया। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सुएला ने पुलिस पर फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के प्रति बहुत अधिक उदार होने का आरोप लगाया था। इस संबंध में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।हालांकि ब्रिटेन सरकार ने कहा है कि ब्रेवरमैन ने सोमवार को कैबिनेट फेरबदल के तहत अपना पद छोड़ दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री सुनक पर सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त करने का दबाव बढ़ रहा था।

सुएला ब्रेवरमैन ने हमास-इजराइल युद्ध शुरू होने बाद लंदन में होने वाले प्रदर्शनों से सख्ती से नहीं निपटने का आरोप लगाते हुए मेट्रोपालिटन सिटी पुलिस पर निशाना साधा था।मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सुएला ब्रेवरमैन ने एक अखबार में लिखे लेख में कहा था कि फिलिस्तीन समर्थक भीड़ कानून तोड़ती रही। लंदन का पुलिस बल इसकी अनदेखी करता रहा। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम का आह्वान करने वाले प्रदर्शनकारियों को नफरत फैलाने वाला भी बताया था।

सुएला ब्रेवरमैन की लेख पर डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा था कि उसे ब्रेवरमैन पर पूरा भरोसा है लेकिन इस बात की जांच की जा रही है कि लेख में उनकी टिप्पणियां बिना प्रधानमंत्री सुनक की सहमति के कैसे प्रकाशित की गई। सुएला की लेख में की गई टिप्पणियां प्रधानमंत्री के विचारों से मेल नहीं खाती हैं।



# भारत एक दिसंबर को नई दिल्ली के इंडिया गेट पर ब्राजील को सौंपेगा जी-20 बैटन




एजेंसी

**नई दिल्ली:** जी-20 के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना की ओर से आयोजित जी-20 थिंक क्विज का समापन 23 दिसंबर को होगा। इसी दिन इंडिया गेट पर ग्रैंड फिनाले के साथ ही भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने का औपचारिक समापन होगा। इसके बाद एक दिसंबर को नई दिल्ली के इंडिया गेट पर ब्राजील को जी-20 बैटन सौंप दी जाएगी।

भारतीय नौसेना और नेवी वेलनेस एंड वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) ने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद वैश्विक स्तर पर स्कूली बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसे जी-20 थिंक क्विज नाम दिया गया। जी-20 थिंक की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 11,741 स्कूलों ने रिकॉर्ड संख्या में पंजीकरण कराया। प्रतियोगिता का पहला निष्कासन दौर 14 सितंबर को हुआ, जिसमें 3902 स्कूल अगले स्तर पर पहुंचे। इसके बाद क्वार्टर फाइनल के लिए कुल 1674 स्कूलों ने क्वालीफाई किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद प्रत्येक जोन से शीर्ष 10 टीमों का चयन हुआ। 18 अक्टूबर को टाई-ब्रेकर राउंड में सेमीफाइनल के लिए 16 स्कूलों का चयन हुआ।

सेमीफाइनल में भवन विद्या मंदिर, गिरिनगर, डीएवी पब्लिक स्कूल, गुड़गांव, दिल्ली पब्लिक स्कूल, भोपाल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पटना, दीवान पब्लिक स्कूल, मेरठ, डॉ. के.बी. हेडगेवार विद्यामंदिर, कारापुर, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, सिलीगुड़ी, जीएमएचएसएस कालीकट विश्वविद्यालय परिसर, कालीकट, कल्याण कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर, नरेंद्र कॉन्वेंट स्कूल और जूनियर कॉलेज, रायपुर, नेवी चिल्ड्रेन स्कूल, मुंबई, सैनिक स्कूल, सतारा, संजय घोड़ावत इंटरनेशनल, कोल्हापुर, एसएनएमएचएसएस, पुरक्कड़, सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर, स्वामी संत दास पब्लिक स्कूल, जालंधर पहुंचे हैं।

### हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में सुरक्षा बलों के साथ पीएम ने मनाया दिवाली

# अब हथियार भी हमारे होंगे व दम भी हमारा होगा : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक बार फिर दिवाली का पर्व मनाने जवानों के बीच पहुंचे. हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में सुरक्षाबलों के साथ दिवाली मनाने पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाना गर्व से भरा अनुभव रहा है. पीएम मोदी ने कहा,संतोष और आनंद से भर देने वाला ये पल, मेरे लिए भी, आपके लिए और देशवासियों के लिए भी दीपावली में नया प्रकाश पहुंचाएगा, ऐसा मेरा विश्वास है.पीएम मोदी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा,हमारे जवान हर चुनौती से टकराते हैं.भारत तब तक सुरक्षित है जबकि इसकी सीमाओं पर हिमालय की तरह अडिग मेरे जाबांज साथी खड़े हैं.आपकी सेवा के कारण ही भारत भूमि सुरक्षित है और समृद्ध के मार्ग पर प्रशस्त भी है.पिछली दिवाली से इस दिवाली का जो कालखंड रहा है.वो विशेष तौर पर भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा हुआ है.अमृतकाल का एक वर्ष भारत ने चंद्रमा पर अपना चंद्रयान अपना विमान उतारा, हमने आदित्य एल 1 लॉन्च किया, इसी एक साल में बॉर्डर इलाकों में वाइब्रेंट विलेज की शुरूआत हुई. खेल के मैदान में भी भारत ने अपना परचम लहराया.जवानों को देश की उपलब्धियों का श्रेय देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब तक आप सीमाओं पर खड़ें हैं तब तक देश विकास के लिए बेहतर प्रयास कर रहा है. भारतो जो उपलब्धि हासिल कर रहा है उसका श्रेय आपको भी जाता है.

#### जहां जवान तैनात हैं वो किसी मंदिर से कम नहीं

जवानों के शौर्य की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मेरे लिए जहां मेरी भारतीय सेना है, जहां मेरे देश के सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं, वह स्थान किसी मंदिर से कम नहीं है. जहां आप है, वहीं मेरा त्योहार है.परिवार की याद हर किसी को आती है लेकिन आपके चेहरों पर उदासी नजर नहीं आ रही है. आपके उत्साह में कमी का नामोनिशान नहीं है. उत्साह से भरे हुए हैं, ऊर्जा से भरे हुए हैं क्योंकि आप जानते हैं कि 140 करोड़ का परिवार भी आपका अपना ही है. देश इसलिए आपका कृतज्ञ है, ऋणी है.पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय सेनाओं और सुरक्षा बल के पराक्रम का ये उद्घोष, ये ऐतिहासिक धरती और दीपावली का ये पवित्र त्योहार.ये अद्भुत संयोग है,ये अद्भुत मिलाप है संतोष और आनंद से भर देने वाला ये पल,मेरे लिए भी,आपके लिए और देशवासियों के लिए भी दीपावली में नया प्रकाश पहुंचाएगा.



#### संकल्प भी हमारे होंगे, संसाधन भी हमारा होगा

प्रधानमंत्री ने कहा,अब संकल्प भी हमारे होंगे, संसाधन भी हमारे होंगे अब हौंसले भी हमारे होंगे, हथियार भी हमारे होंगे. अब दम भी हमारा होगा कदम भी हमारे होंगे,हर सांस में विश्वास भी अपार होगा.खिलाड़ी हमारा, खेल भी हमारा,जय, विजय और अजेय है प्रण हमारा. ऊंचे पर्वत हो या रेगिस्तान,सुंदर अपार या मैदान विकास, गगन में लहराता ये तिरंगा सदा हमारा.सपने सिर्फ सपने नहीं होंगे बल्कि हिस्ट्री की एक गाथा लिखेंगे. पर्वत से भी ऊंचा होगा, पराक्रम ही विकल्प होगा.पीएम मोदी ने आगे कहा,हमारे जवानों के पास हमेशा इस वीर वसुंधरा की विरासत रही है,सीने में वह आग रही है,जिसने हमेशा पराक्रम के प्रतिमान गढ़े हैं. प्राणों को हथेली पर रखकर हमारे जवान हमेशा सबसे आगे चले हैं. दुनिया में कहीं पर भी भारतीय अगर संकट में हैं, तो भारतीय सेना और सुरक्षा बल उन्हें बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं.भारत की सेनाएं और सुरक्षा बल संग्राम से लेकर सेवा तक हर स्वरूप में सबसे आगे रहते हैं. इसलिए हमें गर्व है हमारी सेनाओं पर,हमें गर्व है हमारे सुरक्षा बलों पर.